kanwhizztimes

@kanwhizztimes lucknow

@kanwhizztimes

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

www.kanwhizztimes.com

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-129 ❐ मंगलवार, 09 जून 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12




सरकार ने इन 12 वर्षों में करोड़ों नागरिकों को अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास, जन-धन, मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री स्वनिधि जैसी कल्याणकारी योजनाओं के जरिए बैंकिंग सुविधा, वित्तीय सुरक्षा और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ा है। अमित शाह


मुर्मु ने मातृ भूमि की रक्षा में प्राणों का बलिदान देने वाले रणबांकुरों को वीरता प्रदान पुरस्कार किये 11

सैनी का धूरी दौरा विफल रहाः पंजाब के मुख्यमंत्री 12


## संक्षेप

### दिल्ली हवाई अड्डे पर आंधी में एयर इंडिया के तीन विमान क्षतिग्रस्त, जांच जारी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार शाम तेज आंधी-बारिश के बीच एयर इंडिया के तीन विमानों को हुए नुकसान की जांच नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुरू कर दी है। डीजीसीए ने सोमवार को एक बयान में बताया कि कल हुई इस घटना में दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 पर पार्क एयर इंडिया के तीन ए320 विमानों को नुकसान पहुंचा है। विमानों को ग्राउंड उपकरण और हवा के साथ उड़कर आयी किसी चीज के टकराने से नुकसान हुआ है। उसने बताया कि घटना शाम 4.30 बजे के आसपास की है।

### विशाखापत्तनम स्टील प्लांट में बड़ा हादसा, 8 मजदूरों की मौत

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम स्टील प्लांट में हुए एक बड़े हादसे में आठ श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना एसएमएस-2 और एसटीसी-3 हीट फैसिलिटी में बड़ी मात्रा में पिघले हुए स्टील के रिसाव के कारण हुई। जानकारी के अनुसार, हादसा एक लैडल में विस्फोट होने के बाद हुआ, जिसके चलते पिघला हुआ स्टील बाहर फैल गया। घटना में कई श्रमिक इसकी चपेट में आ गए। आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री वंगलापुडी अनिता ने हादसे पर प्रतिक्रिया देते हुए विशाखापत्तनम के जिला कलेक्टर और पुलिस आयुक्त से फोन पर बात कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### 'अत्यंत सावधानी बरतें' और 'अनावश्यक यात्रा' से बचें: तेल अवीव में भारतीय दूतावास

**तेल अवीव।** इजराइल और ईरान के मध्य फिर से बढ़ते हमलों के बीच तेल अवीव स्थित भारतीय मिशन ने इजराइल में रह रहे भारतीय नागरिकों को ''अत्यधिक सतर्कता बरतने, स्थानीय सुरक्षा निर्देशों का पालन करने और देश की गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी है। भारतीय दूतावास ने सोमवार को जारी एक परामर्श में कहा, ल्क्षेत्र में मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए इजराइल में सभी भारतीय नागरिकों को हर समय अत्यधिक सावधानी बरतने और सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। ईरान ने रविवार शाम से इजराइल पर दर्जनों मिसाइल दागीं, जिसके जवाब में इजराइल ने भी कार्रवाई की, जिससे क्षेत्र में बड़े तनाव और संभावित गंभीर स्थिति की आशंका बढ़ गई है। परामर्श में कहा गया है, 'भारतीय नागरिकों को इजराइली प्राधिकारियों और होम फ्रंट कमांड द्वारा जारी सुरक्षा दिशानिर्देशों और निर्देशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी जाती है (अद्यतन निर्देश वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं)।

# ममता बनर्जी के 28 में से 20 लोकसभा सांसद टूटे

## एनडीए का समर्थन करेंगे, स्पीकर को जानकारी दी, एक राज्यसभा सांसद का भी इस्तीफा

एजेंसी

कोलकाता। विधायकों के बाद अब तृणमूल कंग्रेस के सांसदों ने भी ममता का साथ छोड़ दिया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, लोकसभा के 28 सांसदों में से 20 ने एनडीए सरकार को समर्थन देने का फैसला किया है।

सांसद और टीएमसी की पूर्व नेता काकोली घोष दस्तीदार ने भी सोमवार को यही दावा किया। उन्होंने बताया कि 20 सांसदों ने एनडीए को समर्थन देने की जानकारी लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को दे दी है। जल्द ही स्पीकर को पत्र भी भेज दिया जाएगा। इनमें से 11 सांसदों ने सोमवार दोपहर केंद्रीय मंत्री और भाजपा के बंगाल प्रभारी भूपेंद्र यादव के घर पर मीटिंग की। इस दौरान बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी इनसे मिलने पहुंचे।

इस बैठक में लोकसभा सांसद काकोली घोष, शताब्दी रॉय, अबू ताहिर, अरूप चक्रवर्ती, खलीलुर रहमान, शर्मिला सरकार, असित मल, कालीपद सोरेन, जगदीश बसुनिया और प्रसून बनर्जी मौजूद रहे। टीएमसी के वर्तमान में 28 लोकसभा सांसद और 12 राज्यसभा सांसद हैं। यह दावा करते हुए कि वह लोकसभा में पार्टी की मुख्य सचेतक बनी हुई हैं, दस्तीदार ने कहा कि यह फैसला साथी सांसदों के साथ विचार-विमर्श के बाद लिया गया है। यह घटनाक्रम ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी के भीतर बढ़ते आंतरिक संकट के बीच आया है, जिसने हाल के दिनों में वरिष्ठ नेताओं के खुले विरोध और इस्तीफों को देखा है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, टीएमसी के 20 सांसदों की रविवार देर रात दिल्ली के एक अज्ञात स्थान पर अनौपचारिक बैठक भी हुई। इसमें सांसदों ने मौजूदा नेतृत्व व्यवस्था को लेकर असंतोष जताया। सोमवार को इस बैठक की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई। कई टीएमसी सांसद एक मेज के आसपास बैठे दिखाई दे रहे हैं। उस समय एक सांसद के फोटो खींचने पर विवाद भी हुआ। इसमें सुखेंदु शेखर रे भी बैठे दिखाई दे रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, असंतुष्ट सांसद स्पीकर के समक्ष यह तर्क देने का इरादा रखते हैं कि दस्तीदार लोकसभा में पार्टी की वैध मुख्य सचेतक बनी हुई हैं और पार्टी नेतृत्व द्वारा बाद में की गई कोई भी घोषणा आवश्यक संसदीय प्रक्रिया के माध्यम से पूरी नहीं की गई थी। असंतुष्ट खेमे के सूत्रों के अनुसार, सांसदों ने तत्काल टीएमसी से इस्तीफा देने या भाजपा में शामिल होने का विकल्प नहीं चुना है। इसके बजाय, वे एनडीए का समर्थन करते हुए एक अलग संसदीय गुट के रूप में कार्य करने का इरादा रखते हैं। यह एक ऐसी रणनीति है जिसे दल-बदल विरोधी कानून के तहत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है। घोष दस्तीदार ने कहा कि समूह ने राजनीतिक रूप से एनडीए के साथ खुद को जोड़ने का फैसला किया है, यह तर्क देते हुए कि यह जनमत को दर्शाता है। उन्होंने कहा, ''हमने जनता के फैसले को स्वीकार कर लिया है और मानते हैं कि हमारे भविष्य के राजनीतिक मार्ग को एनडीए के हिसाब से होना चाहिए।'' टीएमसी नेतृत्व ● शेष पेज 11 पर



### सांसद अलग गुट बनाएंगे तो कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें : टीएमसी

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने रविवार को कहा कि अगर पार्टी के सांसद अलग होकर कोई गुट बनाने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें दल-बदल विरोधी कानून के तहत बड़ी कानूनी और प्रक्रियात्मक अड़चनों का सामना करना पड़ेगा। सूत्रों ने बताया कि बागी नेता संसद के दोनों सदनों में सांसद का समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसी अटकलें हैं ● शेष पेज 11 पर

# भारत ने एक साल के भीतर बढ़ाया परमाणु हथियारों का जखीरा

एजेंसी

❐ भारत के पास परमाणु बम 180 से बढ़कर 190 हुए, पाकिस्तान 170 वॉरहेड्स पर ही टिका

नई दिल्ली। भारत ने पिछले साल के मुकाबले अपना परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ा लिया है। भारत के पास परमाणु बम 180 से बढ़कर इस साल 190 हो गए हैं, जबकि पड़ोसी पाकिस्तान की परमाणु क्षमता बिना किसी बदलाव के 170 वॉरहेड्स पर ही रुकी हुई है। यानी भारत रणनीतिक रूप से परमाणु हथियारों के मामले में पाकिस्तान से आगे हो गया है। इस समय दुनिया के नौ देशों के पास कुल 12,187 परमाणु हथियार हैं, जिनमें से लगभग 9,745 वॉरहेड्स को सैन्य भंडारों में संभावित उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार रखा गया है। इनमें से लगभग 4,012 वॉरहेड्स मिसाइलों और लड़ाकू विमानों पर सक्रिय रूप से तैनात किये जा चुके हैं।

रक्षा क्षेत्र पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीपरी) ने अपनी वार्षिक ईयर बुक जारी कर दी है। दुनिया में बदलते युद्ध के तरीकों और सेनाओं के आधुनिकीकरण का ही नतीजा है कि वैश्विक स्तर पर हथियारों को जमा करने की होड़ मची है। सोमवार को प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय हथियार हस्तांतरण पर रिपोर्ट में बताया गया है कि परमाणु हथियारों की संख्या और उनके प्रभाव को कम करने के लिए दशकों से किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय प्रयास अब पूरी तरह से उल्टे होते दिख रहे हैं। परमाणु हथियारों की होड़ में रूस और अमेरिका आज भी सबसे आगे हैं।

रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि परमाणु हथियार संपन्न दुनिया भर के नौ देशों के पास इस साल जनवरी तक कुल 12187 परमाणु बम हैं, जबकि 2025 में यह संख्या 12241 थी। कहने को कहा जा सकता है कि परमाणु बमों की कुल संख्या में मामूली गिरावट आई है, लेकिन विशेषज्ञ इसे भ्रामक मानते हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि दुनियाभर में करीब 2,100 से 2,200 परमाणु वॉरहेड्स को 'हाई ऑपरेशनल अलर्ट' पर रखा गया है, यानी इन्हें महज कुछ ही मिनटों के आदेश पर दागा जा सकता है। इस श्रेणी में सबसे ज्यादा हथियार रूस और अमेरिका के पास हैं। परमाणु हथियारों के मामले में इस समय रूस दुनिया का सबसे बड़ा परमाणु शक्ति संपन्न देश बना हुआ है, जिसके पास कुल 5420 वॉरहेड्स हैं। इस सूची में अमेरिका 5,042 वारहेड्स के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत का पड़ोसी देश चीन भी अपने परमाणु हथियार तेजी से बढ़ा रहा है, क्योंकि उसके पास 600 से बढ़कर 620 परमाणु बम हो गए हैं। सीपरी की इस वार्षिक रिपोर्ट में सबसे ज्यादा फ्रांस ने चौंकाया है, क्योंकि एक साल के भीतर उसके पास ● शेष पेज 11 पर




# 'करियर दांव पर, तुरंत करें कार्रवाई'

एजेंसी

❐ सुप्रीम कोर्ट ने सीबीएसई से छात्र का परिणाम जारी करने पर मांगी रिपोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सऊदी अरब में रहने वाले एक छात्र की रिट याचिका पर सोमवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) को नोटिस जारी किया है।

छात्र ने अपनी कक्षा 12वीं की अंक सुधार परीक्षा का परिणाम घोषित करने की मांग की है। इस मामले की अगली सुनवाई अब शुक्रवार को होगी। याचिकाकर्ता प्रियांशु जीगरकुमार पटेल ने शीर्ष अदालत के समक्ष दायर अपनी याचिका में सीबीएसई के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसके तहत उनकी कक्षा 12वीं की अंक सुधार परीक्षा का परिणाम रोक दिया गया है। बोर्ड ने यह फैसला तब लिया है, जब उसने खुद उन छात्रों के लिए विशेष मूल्यांकन तंत्र शुरू किया था, जिनकी परीक्षाएं कई खाड़ी देशों में मौजूदा सुरक्षा हालात की वजह से रद्द कर दी गयी थीं। हालांकि सीबीएसई ने 13 मई को ही कक्षा 12वीं के परिणाम घोषित कर दिये थे, लेकिन छात्र पटेल का परिणाम जारी नहीं किया गया। उनके परिणाम के स्टेटस पर 'आरएल (परिणाम बाद में)' दर्ज कर दिया गया। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि सीबीएसई ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि अंक सुधार परीक्षा में बैठने वाले स्वतंत्र छात्र इस विशेष मूल्यांकन योजना के दायरे में आते हैं या नहीं। उन्होंने तर्क दिया कि क्षेत्रीय तनाव के कारण पश्चिम एशियाई देशों में सीबीएसई ● शेष पेज 11 पर



# ईरान-इजरायल में दो माह बाद फिर छिड़ी जंग

एजेंसी

यरूशलम/तेहरान, एजेंसी। मध्य पूर्व में जारी युद्ध के 100वें दिन पहुंचते ही शांति की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। अप्रैल में हुए युद्धविराम के बाद पहली बार ईरान ने इजरायल पर ताबड़तोड़ मिसाइलें दागीं। ईरानी हमलों के चलते इजरायल में सायरन गूंजने लगे।

हालांकि, इजरायली सेना ने दावा किया कि सभी ईरानी मिसाइलों को मार गिराया गया। इजरायल ने ईरान के ताजे हमले को देखते हुए अपने देश में सोमवार को सभी स्कूल बंद रखने की घोषणा की है। ईरान का यह हमला तब शुरू हुआ जब इजरायल ने अमेरिकी चेतावनी को दरकिनार करते हुए रविवार को लेबनान में हवाई हमले किए, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। इजरायली सेना ने इन हमलों को हिजबुल्ला द्वारा उत्तरी इजरायल में सैन्य छावनियों पर किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों का जवाब बताया। इस हमले के तुरंत बाद ईरान के सैन्य सेंट्रल कमांड के प्रमुख जनरल अली अब्दुल्लाही ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि इजरायल ने लेबनान पर हमला करके सभी लाल रेखाएं पार कर दी हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इजरायल ने हमले बंद नहीं किए या ईरान की इस कार्रवाई का जवाब दिया, तो उसे और अधिक विनाशकारी और पछतावे से भरे परिणाम भुगतने होंगे। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस संवेदनशील स्थिति को संभालने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करने के संकेत दिए हैं और कहा है कि वह नेतन्याहू को फोन करके जवाबी हमला न करने के लिए कहेंगे। ● शेष पेज 11 पर



### ईरान के साथ मिलकर यूरेनियम को नष्ट करेंगे : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर अमेरिका और तेहरान युद्ध समाप्त करने के लिए कोई समझौता करने में सक्षम होता है, तो वह ईरान के साथ मिलकर उसके अत्यधिक समृद्ध यूरेनियम को पुनः प्राप्त करने और नष्ट करने का काम करेगा। ट्रंप ने एनबीसी न्यूज के 'मीट द प्रेस' कार्यक्रम को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि समझौते के अभाव में, वह ईरानी सेना

### एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी जरूरी: जोशी

धारवाड़ (कर्नाटक)। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि केंद्र भी गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी से बहुत दुखी है। लेकिन मौजूदा वैश्विक हालात को देखते हुए गैस के दाम बढ़ाना आवश्यक है। घरेलू रसोई गैस एलपीजी की कीमत में 29 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई है, जो तीन महीनों में दूसरी बढ़ोतरी है। क्योंकि सरकारी फ्यूल रिटेलर वैश्विक ऊर्जा की बढ़ी हुई कीमतों से जूझ रहे हैं। जोशी ने रविवार को यहां धारवाड़ में मीडिया से कहा, हमें भी गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी पर बहुत दुख और अफसोस है। लेकिन बुराई करने से पहले सभी को पूरी दुनिया के हालात को समझना चाहिए। दुनिया बहुत गंभीर संकट से जूझ रही है। केंद्रीय उपभोक्ता मामले तथा खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री ने कहा, कोई ट्रांसशिपमेंट नहीं हो रहा है, और एलपीजी बहुत कम स्रोत से मिल रही है। मंत्री ने कहा कि एलपीजी और पेट्रोल/डीजल उपभोक्ताओं को कोई परेशानी न हो, यह पक्का करने के मकसद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार खरीद के संसाधन बढ़ाने की कोशिश कर रही है। नवीन एवं ● शेष पेज 11 पर

# 12 साल में बदला भारत, केंद्र में रहा गरीब और वंचित वर्ग : मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली,। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जानता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार में पिछले 12 वर्षों में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि इस 12 साल में भारत ने अनेक परिवर्तन देखे हैं और इन बदलावों के केंद्र में गरीब, वंचित तथा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का कल्याण रहा है। अंत्योदय की भावना से प्रेरित होकर सरकार ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि विकास का लाभ उन लोगों तक पहुंचे, जो दशकों तक इससे वंचित रहे।

प्रधानमंत्री ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि जनधन खातों, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का उद्देश्य लोगों को सम्मानजनक जीवन और बेहतर अवसर उपलब्ध कराना रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण की दिशा में प्रौद्योगिकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डीबीटी और डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से सरकारी सहायता सीधे और पारदर्शी तरीके से लाभार्थियों तक पहुंच रही है। इससे रिसाव में कमी आई है, कार्यकुशलता बढ़ी है और शासन व्यवस्था में लोगों का विश्वास मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीब कल्याण की यह यात्रा अब मानव सशक्तीकरण के एक व्यापक अभियान में बदल गई है, जो ● शेष पेज 11 पर



## मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने लखनऊ में क्षेत्रीय मौसम केंद्र का किया शुभारंभ

# तकनीक से मौसम प्रबंधन होगा और सशक्त : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मौसम को सटीक व विश्वसनीय जानकारी मिलने से न केवल जन धन हानि को बचाया जा सकता है बल्कि कृषि उत्पादन भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मौसम विभाग सटीक और विश्वसनीय जानकारी दे रहा है और इससे आम लोगों को लाभ भी हो रहा है। उप्र सरकार इसे सेटेलाइन के माध्यम और बेहतर बनाने के लिए हरसंभव मदद करने के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को राजधानी लखनऊ के इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के सभागार में मौसम विज्ञान के लखनऊ केन्द्र को क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र में परिवर्तित करने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रिमोट से शुभारंभ किया। इस मौके केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह व मौसम विभाग के महानिदेशक समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री योगी ने प्राचीन काल में मौसम और जलवायु की गणना और अनुमान का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय ऋषि और मनीषी पंचाग से सही गणना करते थे। कई लोक कहावतों और परंपराओं से भी मौसम के बारे में सही सही जानकारी मिलती थी लेकिन अब तकनीकी युग में हमें और बेहतर जानकारियों की जरूरत होती है और पिछले 12 सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। अगर आजादी के बाद से ही यह काम हुआ होता तो आज किसानों को खेती में अच्छी पैदावार मिलती और प्राकृतिक आपदों में जन धन की हानि भी कम होती।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जिले से लेकर ब्लाक स्तर तक वर्षा का आकलन करने के लिए उपकरण लगाए हैं ताकि फसलों को होने वाले नुकसान का आकलन किसानों की मदद की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस समय मौसम विभाग बहुत तेजी से सटीक और विश्वसनीय आंकडे दे रहा है। उन्होंने हाल ही में शाकुंभरी देवी मंदिर परिसर में आयी बाढ़ का जिक्र करते हुए कहा कि घटना से पहले मौसम विभाग का अलर्ट आने पर सभी को सुरक्षित बचा लिया गया जबकि दो महिलाएं मना करने के बावजूद जल की ओर गयीं और उनकी मौत हो गयी।

उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में सोनभद्र, मीरजापुर जैसे इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने से 100 से लेकर 150 लोगों की मौतें होती थी लेकिन अब यह संख्या दर्जनभर से कम हो गयी है और यह घटनाएं भी स्थानीय स्तर पर इसलिए होती हैं कि कई बार जानकारी होने के बावजूद व्यक्ति सावधानी नहीं बरतता है। मना करने के बावजूद खुले में रहना और जानवरों की व्यवस्था करने निकल जाने से यह नुकसान होता हे। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और मौसम विभाग के ● शेष पेज 11 पर




### उप्र व उत्तराखंड के मौसम को देखेगा लखनऊ केंद्र

मौसम केंद्र लखनऊ को क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) के रूप में उन्नत होने से कई काम आसानी हो सकेंगे। इसके साथ ही लखनऊ केंद्र को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का अधिकार क्षेत्र प्राप्त होगा। आरएमसी का दर्जा मिलने से उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में मौसम की निगरानी, सटीक पूर्वानुमान और समयबद्ध पूर्व चेतावनी सेवाओं को और मजबूती मिलेगी। इससे भारी बारिश, आंधी, बिजली गिरने और अन्य मौसम संबंधी घटनाओं के प्रति बेहतर तैयारी संभव हो सकेगी।

# नोवोटेल पर एलडीए की कार्रवाई, नोटिस जारी

❒ एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर एलडीए और अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के विभिन्न होटलों, बैंक्वेट हॉलों और रेस्तरां में अग्नि सुरक्षा मानकों की जांच की



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । राजधानी में बहुमंजिला होटलों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच के दौरान गोमती नगर स्थित होटल नोवोटेल में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण पाए जाने पर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने होटल प्रबंधन को नोटिस जारी किया है। संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि लोअर बेसमेंट में पार्किंग के लिए निर्धारित स्थान का उपयोग बेकरी, लॉन्ड्री एवं स्टाफ क्वार्टर के रूप में किया जा रहा था।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर सोमवार को एलडीए और अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के विभिन्न होटलों, बैंक्वेट हॉलों और रेस्तरां में अग्नि सुरक्षा मानकों की जांच की। यह अभियान हाल ही में दिल्ली में होटल में आग लगने की घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा के उद्देश्य से चलाया गया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी तथा अग्निशमन विभाग के एफएसओ मामचन्द्र बड़गूजर के नेतृत्व में टीम ने विराज खंड स्थित होटल नोवोटेल, होटल लीनेज सहित अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच में होटल नोवोटेल की भवन ऊंचाई और सेटबैक निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए, लेकिन बेसमेंट में 15 वाहनों की पार्किंग के लिए स्वीकृत स्थान पर अन्य गतिविधियां संचालित होती मिलीं। इस पर होटल प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्रवर्तन जोन-5 की जोनल अधिकारी वंदना पाण्डेय के नेतृत्व में गुड़म्बा क्षेत्र स्थित होटल एसएस ग्रैंड, आराधना इन, होटल जीआरपी समेत सात प्रतिष्ठानों की जांच की गई।

होटल एसएस ग्रैंड में सेटबैक क्षेत्र में अवैध निर्माण पाए जाने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं पांच अन्य प्रतिष्ठानों से स्वीकृत मानचित्र प्रस्तुत करने को कहा गया है। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने टीम के साथ गोमती नगर विस्तार स्थित होटल मर्करी तथा सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के होटल कम्फर्ट विस्ता और होटल सेंट्रम का निरीक्षण किया। इन प्रतिष्ठानों में भी भवन मानचित्र और सुरक्षा मानकों की जांच की गई। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार के नेतृत्व में हरदोई रोड स्थित होटल मंगलम पैलेस का निरीक्षण किया गया। यहां स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण और उपयोग पाए जाने पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके अलावा आईआईएम रोड स्थित होटल एसडी पैलेस, होटल आरके ग्रैंड, नेशनल पैलेस तथा सीतापुर रोड स्थित होटल रेवांता में भी जांच कर संबंधित दस्तावेज मांगे गए हैं। एलडीए अधिकारियों के अनुसार जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा और भवन मानचित्र, अग्नि सुरक्षा मानकों तथा पार्किंग व्यवस्था के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी व संयुक्त पुलिस आयुक्त ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

❒ सीसीटीवी के माध्यम से की जा रही स्मार्ट मॉनिटरिंग, जनपद के 55 परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न कराई जा रही पुलिस भर्ती की परीक्षा

❒ जनपद में प्रति पाली कुल 22656 परीक्षार्थी परीक्षा में हो रहे सम्मिलित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । जनपद लखनऊ में दिनांक 08 से 10 जून तक आयोजित होने वाली उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी विशाख जी0 एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण की शुरुआत वाला कदर रोड स्थित बालिका विद्या निकेतन इंटरमीडिएट कॉलेज के परीक्षा केंद्र से की गई। परीक्षा केंद्र पहुंच कर परीक्षा के सुचारू संचालन के संबंध में एग्जामिनेशन रूम, परीक्षा पर्यवेक्षकों की व्यवस्था को देखा गया। उक्त के बाद जिलाधिकारी व संयुक्त पुलिस आयुक्त द्वारा अमीरुद्दौला इस्लामिया इंटर कॉलेज का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते हुए सभी केंद्र व्यवस्थापको को नकल विहीन पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी व संयुक्त पुलिस आयुक्त ने परीक्षा केंद्र पहुँच कर सभी व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया । उन्होंने बताया गया कि शांतिपूर्ण व नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट की भी ड्यूटी लगाई गई है।

जिलाधिकारी ने बताया कि आज जनपद के 55 केंद्रों पर उक्त परीक्षा सम्पन्न कराई जा रही है। जिसमे आज परीक्षा के प्रथम दिन प्रति पाली 22656 परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे थे। जिसमे प्रथम पाली में 70.03% परीक्षार्थी और द्वितीय पाली में 70.97% परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट की अधिवक्ता जागृति शुक्ला का निधन, उपचार में लापरवाही से वकीलों में आक्रोश



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की जूनियर अधिवक्ता जागृति शुक्ला का सोमवार को लखनऊ स्थित पीजीआई में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही अधिवक्ताओं में शोक और आक्रोश व्याप्त हो गया है। परिजनों और सहयोगियों ने स्वरूप रानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल में इलाज के दौरान मेडिकल लापरवाही का आरोप लगाया है। उल्लेखनीय है कि 20 मई को जागृति शुक्ला एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थीं। उन्हें इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस दौरान जूनियर डॉक्टरों के साथ विवाद भी हुआ था। परिजनों का आरोप है कि उपचार में लापरवाही बरती गई, जिससे उनकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। बाद में उन्हें बेहतर उपचार के लिए लखनऊ के पीजीआई रेफर किया गया, जहां सोमवार को उनका निधन हो गया। अधिवक्ता की मौत से हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में गहरा रोष व्याप्त है। बार एसोसिएशन के सचिव अखिलेश कुमार शर्मा ने मुख्य न्यायाधीश एवं वरिष्ठ न्यायाधीश को पत्र भेजकर घटना पर दुख व्यक्त किया है। पत्र में अधिवक्ता जागृति शुक्ला को ल्लहमारी सहकर्मी बहनङ्क बताते हुए उनकी मृत्यु को मेडिकल नेगलिजेंस का परिणाम बताया गया है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने सोमवार को दोपहर बाद से न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है। अधिवक्ताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी डॉक्टरों की पहचान करते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वकीलों का कहना है कि यदि दोषियों के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाए गए तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अधिवक्ता समुदाय ने इस घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए न्याय और जवाबदेही की मांग की है। फिलहाल अधिवक्ता की मौत को लेकर कानूनी और चिकित्सकीय दोनों स्तरों पर चर्चा तेज हो गई है। मामले में जांच और प्रशासनिक कार्रवाई की मांग लगातार उठ रही है।

## बाढ़ आपदा पर तहसील डलमऊ व लालगंज में फिजिकल मॉक एक्सरसाइज-2026 का आयोजन 11 जून को

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव मिश्र ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार अतिसंवेदनशील एवं संवेदनशील जनपदों में प्रत्यक्ष रूप से विभिन्न चरणों में आईआरएस () आधारित बाढ़ आपदा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज-2026 का आयोजन/संचालन कराये जाने के निर्देश दिये गये है। जिसमें 09 जून 2026 को सम्बन्धित विभागों द्वारा अपने-अपने कार्यालय से टेबल टॉप एक्सरसाइज (लखनऊ से ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग) प्रातः 10:30 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की जायेगी। इसी प्रकार 11 जून 2026 को मॉक एक्सरसाइज-2026 (मैदान पर शारीरिक आचरण) डलमऊ घाट, तहसील डलमऊ एवं गेगासों गंगा घाट तहसील लालगंज में बाढ़ आपदा पर फिजिकल मॉक एक्सरसाइज प्रत्येक स्थल पर सम्बन्धित विभागों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

## दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति व सास गिरफ्तार



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना खुदागंज पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति और सास को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।बीती 06 जून को थाना तिलहर क्षेत्र के गांव खानपुर हकीमपुर निवासी देवेन्द्र सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने हैसियत के अनुसार अपनी पुत्री की शादी थाना खुदागंज क्षेत्र के गांव बखौरा निवासी अंकित सिंह से की थी। इसके बाद भी अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजन उसकी पुत्री को आएदिन प्रताड़ित करते थे, जिनकी प्रताड़ना से तंग आकर उसकी पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने तहरीर के आधार आरोपी पति अंकित सिंह, ससुर मुनेश सिंह, सास कमलेश देवी, ननद कंचन सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और आरोपियों की तलाश शुरू की। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अंकित सिंह और उसकी मां कमलेश देवी को उनके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेशकर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना खुदागंज के उपनिरीक्षक शिवमोहन सिंह के साथ महिला उपनिरीक्षक तनु कुमारी आदि मौजूद रहे।

## चंदापुर थाना क्षेत्र में मारपीट, छह लोग घायल

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के भुखवा मजरे टीसाखानपुर चंदापुर गांव में सोमवार को हुए विवाद के दौरान मारपीट की घटना दोपहर 3 बजे की है जिसमें छह लोग घायल हो गए। सूचना के बाद घायलों को उपचार एवं चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मारपीट की घटना में ईशान अली पुत्र पीर अली,33 नैमुन निशा पत्नी ईशान अली,30 सैफुन निशा पत्नी सलमान,28 रियाजुल पुत्र कलीम,21 खुशबू पत्नी शेर अली 25 तथा नूर अली पुत्र पीर अली 45 घायल हो गए।घटना के बाद सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा प्राप्त तहरीर के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना को लेकर गांव में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बनी रही, हालांकि बाद में मामला शांत हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों से जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। मामले में थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने जांच शुरू कर दी है।

## मकान व कृषि भूमि में हिस्सेदारी दिलाने की मांग, पीड़ित ने प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के एक ग्रामीण ने अपने ही परिजनों पर मकान और कृषि भूमि में हिस्सेदारी न देने तथा अवैध निर्माण कराने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक रायबरेली को प्रार्थना पत्र देकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। प्रार्थी मनोज ग्राम सराय मुबारक के अनुसार वह मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। उसने कर्ज लेकर दो कमरों का मकान बनवाया था, लेकिन उसके परिजन उसे मकान और पैतृक संपत्ति में हिस्सा नहीं देना चाहते हैं। आरोप है कि 29 मई 2026 को विपक्षी पक्ष द्वारा विवादित भूमि पर निर्माण कार्य कराया जा रहा था, जिसका विरोध करने पर गाली-गलौज, मारपीट तथा जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित का कहना है कि उसने घटना की सूचना डायल 112 पर भी दी थी, लेकिन विपक्षी पक्ष राजवंत पत्नी रामखेलावन रामलखन पुत्र छूरी मोनू पुत्र राम लखन पुलिस की बात मानने को तैयार नहीं है। उसने यह भी आरोप लगाया कि परिवार को भय और तनाव के माहौल में जीवन यापन करना पड़ रहा है तथा उसके छोटे बच्चे भी इससे प्रभावित हैं। प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि गाटा संख्या 455 की कृषि भूमि तथा पैतृक मकान में उसका वैधानिक हिस्सा बनता है, लेकिन उसे उससे वंचित किया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि पूर्व में प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस मौके पर पहुंची थी और दोनों पक्षों के बीच बराबर हिस्सेदारी का सुझाव दिया था, किंतु विपक्षी पक्ष ने इसे स्वीकार नहीं किया।

# मत्स्य पालकों को लाभ देने के लिये तीन योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन शुरु

❒ इच्छुक लाभार्थी 8 जून से 28 जून 2026 तक विभागीय वेबसाइट पर आवेदन कर सकते है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने मत्स्य पालन को बढ़ावा देने और मछुआरा समुदाय की आय बढ़ाने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक लाभार्थी 8 जून से 28 जून 2026 तक विभागीय वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

यह जानकारी सोमवार को मत्स्य पालक विकास अभिकरण प्रयागराज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय प्रकाश शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य सेक्टर के अंतर्गत संचालित योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना तथा सघन मत्स्य पालन के लिए एयरेशन सिस्टम स्थापना योजना शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक योजना का लाभ लेने के लिए आवेदकों को अलग-अलग आवेदन करना होगा। योजनाओं से संबंधित परियोजना विवरण, इकाई लागत, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा आवश्यक अभिलेखों की जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। योगी सरकार द्वारा संचालित इन योजनाओं का उद्देश्य मत्स्य उत्पादन में वृद्धि करना, आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देना तथा मछुआरों एवं मत्स्य पालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। सरकार मत्स्य क्षेत्र को रोजगार और स्वरोजगार का महत्वपूर्ण माध्यम बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि भविष्य में योजनाओं के प्रावधानों में कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित नियम लागू होंगे। पूर्व वर्षों में निरस्त या प्रतीक्षारत आवेदनों वाले पात्र आवेदक भी पुनः आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस पर मत्स्य पालक विकास अभिकरण, विकास भवन, प्रयागराज से संपर्क कर सकते हैं। विभाग ने अधिक से अधिक मत्स्य पालकों और मछुआरा समुदाय के लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

# डीएम-एसपी ने परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराए जाने को लेकर विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने आज आयोजित की जा रही उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को नकल विहीन, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु चन्द्रपाल इंटर कॉलेज गंगागंज, केबी सिन्हा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा जनपद के 11 परीक्षा केन्द्रों पर 08, 09 व 10 जून, 2026 को प्रत्येक दिवस को दो पालियों में आयोजित की जा रही है। परीक्षार्थियों के आवागमन के दृष्टिगत सभी व्यापक प्रबंध किए गए है, जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो, परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है तथा अधिकारी भ्रमणशील रहकर लगातार निगरानी कर रहे हैं। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि आज की आयोजित उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा में प्रथम पाली में कुल 3744 अभ्यर्थियों में से 2768 अभ्यर्थी उपस्थित व 976 अभ्यर्थी अनुपस्थित एवं द्वितीय पाली में कुल 3744 अभ्यर्थियों में से 2733 अभ्यर्थी उपस्थित व 1011 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें।

# औद्यानिक फसलों के निर्यात प्रोत्साहन के लिये कार्यशाला का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। जनपद के बागवानी उत्पादक कृषकों एवं आम निर्यातकों, एफपीओ, एफपीसी हितधारकों को बागवानी से सम्बन्धित फसलों के निर्यात के सन्दर्भ में आवश्यक जानकारी प्रदान करने तथा एपीडा के हॉर्टिनेट पर आम एवं अन्य औद्यानिक फसलों से सम्बन्धित निर्यातकों, एफ.पी.ओ., एफ.पी.सी. आदि का रजिस्ट्रेशन कराये जाने हेतु आज कृषि विज्ञान केन्द्र, दरियापुर में क्षेत्रीय एपीडा के अधिकारियों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एपीडा के क्षेत्रीय अधिकारी आलोक मिश्र द्वारा कृषकों को हॉर्टिनेट पर पंजीकरण प्रक्रिया, निर्यात के तरीके आदि के बारे में विस्तार से बताया गया, डा केके सिंह अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र दरियापुर, राही द्वारा निर्यात की जाने वाली फसलों के मानक के बारे में बताया गया, डॉ कविता एवं डा एच0एस0 पाण्डेय, वैज्ञानिक सीएसआईआर द्वारा बताया गया कि अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर निर्यात की जाने वाली फसलों में रासायनिक कीटनाशकों एवं उर्वरकों का प्रयोग अंश तय सीमा तक ही किया जाना चाहिए, जैविक विधि से खेती को अधिक से अधिक अपनाना चाहिए, उक्त के साथ ही ''पर ड्रॉप मोर कॉप'' माइक्रो इरीगेशन योजनान्तर्गत कृषकों के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिला उद्यान अधिकारी डॉ0 जय राम वर्मा द्वारा कृषकों को मिनी स्प्रिंकलर, ड्रिप इरीगेशन से होने वाले फायदे के बारे में बताया गया कि किस प्रकार नवीनतम तकनीकी को अपनाकर फसल की उपज एवं आय में वृद्धि कर सकते हैं एवं अन्य विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। के0वी0के0, दरियापुर राही के वैज्ञानिक डॉ0 एस0बी0 सिंह एवं डा. आरके कन्नौजिया द्वारा कृषकों को विभिन्न प्रकार की खेती की नवीनतम तकनीकी जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि मिट्टी का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर ही फसल एवं रिपोर्ट के अनुसार उर्वरकों/पोषक तत्वों का उपयोग किया जाना चाहिये। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र, दरियापुर राही के वरिष्ठ वैज्ञानिक, एपीडा के क्षेत्रीय अधिकारी, सीएसआईआर के वैज्ञानिक, जिला उद्यान अधिकारी रायबरेली, उद्यान विभाग के कर्मचारी एवं 100 से अधिक कृषक उपस्थित रहे।

# 'मणि महेश्वर महादेव मंदिर' के स्थापना वर्ष पर भव्य आयोजन

❒ 12 जून से शुरू होगी श्रीमद्भागवत कथा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। शहर के पुराना पारा थाना स्थित 'मणि महेश्वर महादेव मंदिर' अपनी स्थापना के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सात दिवसीय भव्य वार्षिक उत्सव का साक्षी बनने जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन आगामी 12 जून से 19 जून 2026 तक पूर्ण विधि-विधान और भक्तिभाव के साथ संपन्न होगा।

### 11 मूर्तियों की स्थापना के उपलक्ष्य में आयोजन

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मंदिर के पीठाधीश्वर महंत मनोहर पुरी जी महाराज ने बताया कि गत वर्ष मंदिर परिसर में 11 मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। उन्हीं 11 मूर्तियों की स्थापना के प्रथम वर्षगांठ को चिह्नित करने हेतु इस वर्ष भव्य 'श्रीमद्भागवत कथा' का आयोजन किया जा रहा है। महंत जी ने कहा, ''यह आयोजन न केवल धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना और भक्ति के प्रसार का एक माध्यम भी है।'' उन्होंने आगे बताया कि इस पावन कथा और अनुष्ठान में क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति, प्रबुद्ध नागरिक और जनप्रतिनिधि सम्मिलित होकर धर्म लाभ प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों और रूपरेखा पर चर्चा हेतु आयोजित प्रेस वार्ता में महंत मनोहर पुरी जी महाराज के साथ सुरेश पूरी जी, ऋषव त्रिवेदी, अनिता तिवारी, अरुण कुमार श्रीवास्तव, पुष्पा मौर्य, सरिता बाजपेयी और सुनील मिश्र जी उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं

शुभारंभः 12 जून को भव्य कलश यात्रा के साथ उत्सव का श्रीगणेश होगा।

### प्रमुख आकर्षण

वृंदावन से पधारीं प्रख्यात कथा प्रवक्ता रोली शास्त्री के मुखारविंद से श्रद्धालु श्रीमद्भागवत कथा का अमृतपान करेंगे। सांस्कृतिक अनुष्ठानः प्रतिदिन दिव्य 'मनमोहन रासलीला' का मंचन भक्तों को भक्तिमय वातावरण में सराबोर करेगा। विशेष दिवसः 17 जून को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

### 19 जून को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ उत्सव का समापन होगा

'मणि महेश्वर सिद्ध हनुमान सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट' और समस्त भक्तगण इस आयोजन को सफल बनाने के लिए तत्पर हैं। इस पूरे आयोजन में 171 पश्चिम विधानसभा के उपविजेता, माननीय अंजनी श्रीवास्तव का विशेष मार्गदर्शन एवं संरक्षक के रूप में सहयोग प्राप्त हो रहा है।

**उत्तर रेलवे**

**ई ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PARKING-LKO-LKO-MX-186-26-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.06.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.06.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.06.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PARKING-LKO-KHNM-MX-144-24-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.06.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.06.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.06.2026 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PARKING-LKO-MAY-MX-181-26-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.06.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.06.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.06.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PARKING-LKO-BSB-MX-187-26-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.06.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.06.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.06.2026 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PARKING-LKO-JOP-MX-188-26-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05.06.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.06.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.06.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: C/113-E-Auction Policy/2024/SKS Dt. 08.06.2026 1964/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

उप. मु. सिग. एवं दू. सं. अभि./नि.-II/लखनऊ, कार्यालय संकुल, निर्माण संगठन उ.रे., चारबाग, लखनऊ-226004, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित प्रपत्र पर ई-निविदा एक पैकेट प्रणाली के तहत निम्नलिखित कार्य के हेतु आमंत्रित की जा रही है:-

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम एवं स्थान :** लखनऊ डिवीजन के NBP-JNH, JNH-SQN और JNH-BYHA सेक्शन के बीच 03 स्थानों पर IBS से संबंधित इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग कार्य का प्रावधान, Janghai, Nibhapur और Baryaram स्टेशनों पर मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में जोड़ और परिवर्तन और सरायकंसराय स्टेशन पर इनडोर सिग्नलिंग कार्य। |
| 2 | **पूरा होने की अवधि :** 09 (नौ) महीने (स्वीकृती पत्र जारी होने की तिथि से) |
| 3 | **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 7,80,02,873.78 (रुपये सात करोड़ अस्सी लाख दो हजार आठ सौ तिहत्तर और पैसा अठहत्तर केवल) |
| 4 | **निविदा दस्तावेज़ राशि एवं धरोहर राशि :** रु. शून्य एवं धरोहर राशि आई आर ई पी एस पर एन आई टी में उल्लिखित है। |
| 5 | **ऑफर की वैधता :** 60 दिन निविदा खुलने की तिथि से |
| 6 | **निविदा बंद होने तथा निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** 27.06.2026 को 11:30 बजे तक आई आर ई पी एस वेब साइट यानी www.ireps.gov.in पर निविदा अपलोड की जा सकती है। बोली दाता ई-टेंडर में भाग ले सकता है, निविदा 27.06.2026 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 7 | **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजो को देखा जा सकता है :** विस्तृत ई-टेंडर नोटिस उत्तर रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 13.06.2026 से 27.06.2026 तक 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। ई-टेंडर में भाग लेने की इच्छा रखने वाले बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से खुद को पंजीकृत करें, जिसके लिए उन्हें आईटी अधिनियम-2000 के तहत CCA द्वारा जारी तृतीय श्रेणी डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं हुआ है) प्राप्त करना होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

सं.: 287-सिग/सी.-II/लखनऊ/निविदा/03/26 दिनांक: 05.06.2026 1953/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# समझौतों की अवहेलना और उत्पीड़न से बिजली कर्मियों में असंतोष बढ़ा : विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति

❒ लिखित समझौतों के बावजूद कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान न होने से कर्मचारियों में व्याप्त है असंतोष

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**



लखनऊ । उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने सोमवार को कहा कि ऊर्जा क्षेत्र के कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हुए लिखित समझौतों का आज तक पूर्ण पालन न होने से बिजली कर्मियों में व्यापक असंतोष व्याप्त है। साथ ही आंदोलन के दौरान एवं उसके बाद की गई उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों को वापस न लिए जाने से कर्मचारियों में गहरी नाराजगी है। संघर्ष समिति ने कहा कि यह स्थिति पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन की विश्वसनीयता पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है।

संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने सोमवार को बताया कि बिजली कर्मियों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए 03 दिसंबर 2022 को ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा एवं संघर्ष समिति के बीच एक महत्वपूर्ण लिखित समझौता हुआ था। यह समझौता मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी, आईएएस (से0नि0) की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संपन्न हुआ था। किंतु अत्यंत खेद का विषय है कि इस समझौते के अधिकांश बिंदुओं को आज तक लागू नहीं किया गया। उन्होंने बताया के समिति के पदाधिकारियों ने कहा है कि समझौते के क्रियान्वयन में हो रही लगातार देरी के कारण कर्मचारियों को मार्च 2023 में सांकेतिक आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ा। इसके बावजूद समस्याओं का समाधान करने के स्थान पर कर्मचारियों के विरुद्ध विभिन्न प्रकार की उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां की गईं।

संघर्ष समिति ने स्मरण कराया कि 19 मार्च 2023 को पुनः ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ था। उस समय ऊर्जा मंत्री ने तत्कालीन अध्यक्ष, पावर कॉरपोरेशन को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि आंदोलन के कारण की गई सभी उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस ली जाएं, दर्ज कराई गई एफआईआर समाप्त की जाएं तथा हटाए गए सभी संविदा कर्मचारियों को पुनः सेवा में बहाल किया जाए। दुर्भाग्यवश इन निर्देशों का भी आज तक समुचित पालन नहीं किया गया है।

संघर्ष समिति ने कहा कि न तो 03 दिसंबर 2022 के समझौते का पूर्ण क्रियान्वयन हुआ है और न ही 19 मार्च 2023 को हुए समझौते एवं ऊर्जा मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन किया गया है। इससे पूरे प्रदेश के बिजली कर्मचारियों में गहरा असंतोष और निराशा व्याप्त है।

संघर्ष समिति ने कहा कि प्रदेश के बिजली कर्मी मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व एवं निर्देशों पर पूर्ण विश्वास रखते हैं। यही कारण है कि उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों का सामना करने के बावजूद भीषण गर्मी के इस कठिन दौर में वे प्रदेश की जनता को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं। संघर्ष समिति ने पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन से मांग की है कि वह अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने तथा औद्योगिक सौहार्द कायम रखने के लिए मार्च 2023 के आंदोलन से संबंधित तथा उसके बाद की गई सभी उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों को तत्काल प्रभाव से वापस ले। साथ ही 03 दिसंबर 2022 एवं 19 मार्च 2023 के समझौतों के सभी बिंदुओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

# करोरा में जमीन विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, 6 लोग घायल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ नगराम पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर दर्ज किया क्रॉस मुकदमा, जांच शुरू

नगराम, लखनऊ । नगराम थाना क्षेत्र के करोरा गांव में सोमवार सुबह जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में लाठी-डंडों से मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर संघर्ष हुआ। घटना में दोनों पक्षों के छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों का मेडिकल कराया और दोनों तरफ से मिली तहरीर के आधार पर क्रॉस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

करोरा निवासी सुखदेव ने आरोप लगाया कि भुइयादीन, रंजीत, अमरेन्द्र, वीरेंद्र व भुइयादीन की पत्नी ने उनकी जमीन पर कब्जा कर रखा था। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए सुखदेव, अनुज पुत्र बब्लू और शांति पत्नी तुर्ती पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में सुखदेव और अनुज का सिर फट गया, जबकि दो मोबाइल भी टूट गए। वहीं दूसरे पक्ष से भुइयादीन ने आरोप लगाया कि सुखदेव पुत्र तुर्ती, बब्लू पुत्र पंचम, शनी देवल, बाबू देवल, राजा-भैया पुत्र बब्लू और माता प्रसाद पुत्र पंचम ने जमीन की ओर दरवाजा लगाने के विवाद में गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों व गुम्मे से हमला कर दिया। हमले में भुइयादीन की पत्नी रोशनी, बेटे वीरेंद्र प्रताप और पत्नी प्रेमा घायल हो गए। वीरेंद्र का सिर फट गया। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि दोनों पक्षों के घायलों का मेडिकल कराया गया है। दोनों ओर से मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में दुकान से 80 हजार की चोरी, कैमरे में कैद हुआ नकाबपोश चोर

❒ लगातार हो रही चोरियों से दुकानदारों में दहशत, पूर्व की घटनाओं के खुलासे न होने पर पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बख्शी का तालाब, लखनऊ । बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बीती रात एक नकाबपोश चोर ने मंदिर परिसर में स्थित एक दुकान को निशाना बनाते हुए करीब 80 हजार रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

कठवारा गांव निवासी अमर प्रताप सिंह उर्फ अतुल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंदिर परिसर में उनकी कॉस्मेटिक एवं पूजन सामग्री की दुकान है। सोमवार देर रात एक अज्ञात नकाबपोश युवक दुकान में घुस गया और गल्ले में रखी लगभग 80 हजार रुपये की नकदी चोरी कर फरार हो गया। सुबह दुकान खोलने पर घटना की जानकारी हुई। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर चोरी की पूरी घटना सामने आई।पीड़ित ने बताया कि कुछ दिन पूर्व भी उनकी दुकान के बाहर खड़ी बाइक की बैटरी चोरी हो गई थी, लेकिन उस मामले में भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। ताजा चोरी की घटना के बाद दुकानदारों में रोष व्याप्त है।मंदिर परिसर के व्यापारियों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं।

## पहले भी आंगनबाड़ी केंद्र को बना चुके हैं निशाना

चंद दिनों पूर्व कठवारा गांव के बाहर स्थित मल्लाहन खेड़ा प्राथमिक विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र से अज्ञात चोर सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर सहित लाखों रुपये के उपकरण चोरी कर ले गए थे। उस घटना का भी अब तक खुलासा नहीं हो सका है, जिससे स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति नाराजगी बढ़ रही है।

## दुकानदारों में डर, पुलिस से बढ़ी कार्रवाई की मांग

चंद्रिका देवी मंदिर परिसर के दुकानदारों का आरोप है कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बावजूद पुलिस की ओर से न तो संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है और न ही प्रभावी गश्त बढ़ाई गई है। व्यापारियों ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा किए जाने की मांग की है।

# धन्वंतरि जन सेवा संस्थान ने 86 जरूरतमंदों को नि:शुल्क चश्मे किए वितरित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । धन्वंतरि जन सेवा संस्थान द्वारा सोमवार को भूसा मंडी, मिल रोड स्थित कार्यालय परिसर में निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र परीक्षण के उपरांत 86 जरूरतमंद नेत्र रोगियों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की इतिहास संकलन समिति के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री संजय मिश्रा रहे।

संस्थान के संस्थापक अवधेश नारायण धन्वन्तरि ने बताया कि गत 24 मई को आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की दो टीमों द्वारा 132 लोगों की आंखों की जांच की गई थी। जांच के दौरान 86 लोगों को चश्मे की आवश्यकता पाई गई, जिन्हें सोमवार को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। इसके अलावा कई मरीजों को नेत्र ऑपरेशन की सलाह दी गई है, जिनके ऑपरेशन आगामी जुलाई माह में कराए जाने की योजना है। उन्होंने बताया कि शिविर में आसपास की गरीब एवं पिछड़ी बस्तियों से



बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिलाएं, मजदूर तथा अन्य जरूरतमंद लोग पहुंचे। इनमें कई ऐसे लोग भी शामिल थे जो आर्थिक अभाव के कारण वर्षों से अपनी आंखों का समुचित उपचार नहीं करा पा रहे थे। संस्थान द्वारा ऐसे लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित गुप्ता ने शिविर की सराहना करते हुए सभी चिकित्सकों, सहयोगियों एवं समाजसेवियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने भविष्य में भी समाजहित के ऐसे सेवा कार्यों में निरंतर सहयोग बनाए रखने का आश्वासन दिया। शिविर के दौरान उपस्थित लोगों ने संस्थान की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जरूरतमंदों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

## कमता में किरायेदार की दबंगई, युवक को पीटकर किया लहूलुहान

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट थाना क्षेत्र के कमता इलाके में एक युवक पर उसके साथ रहने वाले किरायेदार द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने आरोपी पर मारपीट, धमकी और गंभीर चोट पहुंचाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मटियारी स्थित बीसीसी अपार्टमेंट निवासी अमरदीप मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका छोटा भाई अभिषेक कुमार मिश्रा कमता क्षेत्र में किराए के मकान में रहता था। उसी कमरे में राहुल पाठक नामक युवक भी साझेदारी में रह रहा था। आरोप है कि राहुल पाठक लंबे समय से अभिषेक के साथ अभद्र व्यवहार करता था और उससे घरेलू कार्य भी जबरन करवाता था। इतना ही नहीं, कमरे का किराया भी अभिषेक से ही वहन कराया जाता था। तहरीर के अनुसार, किसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि राहुल पाठक ने गुस्से में आकर अभिषेक पर लोहे के मजबूत डंडे से हमला कर दिया। हमले में अभिषेक को गंभीर चोटें आईं। बताया गया कि उसके पैर में दो स्थानों पर फ्रैक्चर हो गया, जबकि हाथ में भी गंभीर चोट आई। मारपीट के दौरान आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी।घटना के बाद घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के बाद से पूरा परिवार भयभीत है और आरोपी से जान-माल का खतरा बना हुआ है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चिनहट में सीवर सफाई के दौरान युवक की हुई मौत पर, ठेकेदार और कंपनी पर लापरवाही का आरोप

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट क्षेत्र स्थित मछली मंडी में सीवर सफाई कार्य के दौरान कुछ दिनों पहले एक युवक की मौत हो गई थी जिसमे परिवार वालो ने कंपनी और ठेकेदार पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विकास नगर क्षेत्र निवासी आशू ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसका भाई लाला उर्फ आकाश (करीब 30 वर्ष) एक निर्माण कंपनी के अंतर्गत साइड पर कार्य करता था। आरोप है कि 5 जून को कंपनी और संबंधित ठेकेदार ने उसे चिनहट मछली मंडी क्षेत्र में सीवर सफाई कार्य के लिए बुलाया। परिजनों का कहना है कि मृतक सीवर सफाई का कर्मचारी नहीं था, इसके बावजूद उसे बिना पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के सीवर में उतार दिया गया। सीवर के अंदर काम के दौरान दम घुटने से उसकी हालत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। साथ मौजूद अन्य कर्मचारियों ने उसे बाहर निकाला औरउपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि कंपनी और ठेकेदार ने सुरक्षा मानकों की अनदेखी की तथा मृतक पर सीवर में उतरकर काम करने का दबाव बनाया था। घटना की सूचना परिजनों को देर से मिलने का भी आरोप लगाया गया है। मामले को लेकर मृतक के परिवार में आक्रोश है। परिजनों ने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कठौता झील में नहाने गया युवक लापता, घंटों चले सर्च ऑपरेशन के बाद भी नहीं मिला सुराग

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट स्थित कठौता झील में एक युवक के डूबने की आशंका से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और घंटों तक तलाश अभियान चलाया, लेकिन देर शाम तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका।जानकारी के अनुसार, गोमतीनगर के वास्तुखंड-2 निवासी शिव प्रसाद नहाने के लिए कठौता झील पहुंचे थे। काफी देर तक उनके घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। इसी बीच झील किनारे उनके कपड़े, चप्पल और मोबाइल फोन मिलने से डूबने की आशंका गहरा गई और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू अभियान शुरू कराया। गोताखोर कुलदीप कश्यप और रिंकू कुमार की टीम ने करीब तीन घंटे तक झील में गहन तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।परिजनों के मुताबिक, शिव प्रसाद घर पर भोजन करने के बाद निकले थे। उनके परिवार में पत्नी विनीता के अलावा दो बेटियां रोशनी और रंजना है। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि झील में तलाश अभियान जारी है और युवक की खोज के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। घटना से क्षेत्र में चिंता और शोक का माहौल बना हुआ है।

# पेपर मिल कॉलोनी वार्ड की चौपाल में नागरिकों ने सराही सफाई व्यवस्था

❒ महापौर सुषमा खर्कवाल ने सुनीं जनसमस्याएं, नगर आयुक्त गौरव कुमार ने स्रोत पर कूड़ा पृथक्करण पर दिया जोर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर निगम लखनऊ द्वारा संचालित वार्ड चौपाल अभियान के अंतर्गत सोमवार को जोन-4 स्थित पेपर मिल कॉलोनी वार्ड के अच्छेमल पार्क में महापौर सुषमा खर्कवाल जी की अध्यक्षता में पार्षद राजेश सिंह 'गब्बर' जी व नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ जन चौपाल का आयोजन किया गया।

चौपाल में क्षेत्रवासियों ने नगर निगम द्वारा कराए जा रहे नियमित सफाई कार्यों की सराहना की, साथ ही क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों को अधिकारियों के समक्ष रखा।जन चौपाल में विश्वास खंड, बादशाह नगर सचिवालय कॉलोनी, पेपर मिल कॉलोनी, नेहरू एन्क्लेव, बाबा पुरवा, भीखम पुरवा, चक्कर पुरवा, वाल्मीकि नगर एवं एम ब्लॉक के नागरिकों ने भाग लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि नगर निगम द्वारा नियमित सफाई कराई जा रही है, लेकिन कुछ स्थानों पर लोगों द्वारा सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा फेंकने तथा नालों पर अतिक्रमण किए जाने से समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

चौपाल में नागरिकों ने बताया कि कई स्थानों पर नालों के ऊपर रैंप बना दिए गए हैं, जिससे सफाई कार्य प्रभावित होता है और बरसात के मौसम में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। नागरिकों ने ऐसे अतिक्रमणों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। इस पर महापौर ने संबंधित अधिकारियों को सर्वे कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। क्षेत्रवासियों ने आवारा पशुओं की समस्या के समाधान, सार्वजनिक पार्किंग की व्यवस्था तथा एक आधुनिक एवं सुव्यवस्थित सुलभ शौचालय के निर्माण की मांग भी रखी। नागरिकों ने कहा कि पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने से स्थानीय लोगों एवं मॉर्निंग वॉक करने वालों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

**ऑल इंडिया कैफ़ी आज़मी अकादमी के संचालन को लेकर भी रखा गया सुझाव**

चौपाल के दौरान नागरिकों ने ऑल इंडिया कैफ़ी आज़मी अकादमी को नगर निगम के अधीन लेकर उसके बेहतर संचालन एवं रखरखाव की व्यवस्था किए जाने का सुझाव भी दिया। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को इस प्रस्ताव का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।

चौपाल के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार ने नागरिकों से स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार को गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग करके ही नगर निगम की कूड़ा संग्रहण गाड़ियों को देना चाहिए।

नगर आयुक्त ने कहा कि वैज्ञानिक कूड़ा प्रबंधन का मूल सिद्धांत है कि कूड़ा घरों से निकलने के बाद जमीन पर न पड़े, बल्कि सीधे संग्रहण वाहन के माध्यम से ट्रांसफर स्टेशन और वहां से प्रोसेसिंग प्लांट तक पहुंचे। इससे न केवल कूड़ा प्रबंधन की प्रक्रिया बेहतर होती है, बल्कि नालियों में प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट पहुंचने से होने वाली रुकावट भी कम होती है।उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि प्लास्टिक एवं अन्य कचरा सड़कों, नालियों और सार्वजनिक स्थलों पर न फेंकें। स्वच्छ और सुंदर लखनऊ के निर्माण में जनसहभागिता सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और नगर निगम को नागरिकों के सहयोग की आवश्यकता है।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि वार्ड चौपाल का उद्देश्य नगर निगम और नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित कर स्थानीय समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शुरू किया गया यह अभियान जनसहभागिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चौपाल में प्राप्त प्रत्येक शिकायत एवं सुझाव पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। विशेष रूप से नालों पर अतिक्रमण, कूड़ा डंपिंग, आवारा पशुओं तथा सार्वजनिक सुविधाओं से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त श्री पंकज श्रीवास्तव, जोनल अधिकारी जोन-4 शिल्पा कुमारी, अधिशासी अभियंता श्री अतुल मिश्रा सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# आयुष मंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधरोपण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस दौरान पीपल, नीम, आम, जामुन, अमरूद, चीकू एवं आंवला सहित विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया।सिगरा स्थित पार्क में आयोजित कार्यक्रम में पौधारोपण के पश्चात आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के आधार हैं और हमें शुद्ध ऑक्सीजन, स्वच्छ वातावरण तथा प्राकृतिक संतुलन प्रदान करते हैं। इसलिए पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल करना भी उतना ही आवश्यक है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पूरे देश में जनभागीदारी का उदाहरण बन गया है। करोड़ों लोग इस अभियान से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान भविष्य की पीढ़ियों को सुरक्षित एवं स्वच्छ पर्यावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।डॉ. दयालु ने कहा कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण से ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ेगी, धरती के बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने में सहायता मिलेगी, भूजल स्तर में सुधार होगा तथा प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

## सगी भांजी से दुष्कर्म करने वाला आरोपित गिरफ्तार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के बंथरा थाना क्षेत्र में सगी भांजी के साथ दुष्कर्म करने वाले मामा को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा उसके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी अमित कुमार आनन्द ने बताया कि 13 साल की एक बच्ची तीन दिन पहले अपने ननिहाल आई थी। सात जनवरी को मामा ओमकार ने नशे की हालत में आया और भांजी से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बच्ची के चीखने चिल्लाने लगी तो आरोपित की पत्नी ने बच्ची को बचाने की कोशिश की। इस पर आरोपित ने अपनी पत्नी को पीट दिया। शोर सुनकर जब तक पड़ोसी आते तब तक आरोपित मौके से फरार हो गया। पीड़ित बच्ची की मां ने बंथरा थाने में आरोपित भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपित को परनरायनपुर तिराहा क्षेत्र से गिरफ्तार कर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# हरदोइया में पुरानी रंजिश में घर पर हमला युवक समेत पत्नी और दो बेटियां घायल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ नगराम पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा, जांच शुरू

नगराम, लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के हरदोइया गांव में पुरानी रंजिश को लेकर चार लोगों ने घर पहुंचकर एक युवक, उसकी पत्नी और दो बेटियों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना में परिवार के लोग घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

हरदोइया निवासी मुवीज पुत्र अजीज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 3 जून को वह अपनी पत्नी रिहाना के साथ घर आया था। इसी दौरान घर के बाहर बैठे मुवीज पर सहीम पुत्र अमीन, सुहेल, नसीम और जुबेर निवासी हरदोइया ने पुरानी रंजिश के चलते अचानक लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि मारपीट में मुवीज के मुंह से खून निकलने लगा। बचाव करने पहुंची पत्नी रिहाना और बेटियां रिहाना व सबाना के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। शोर सुनकर आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसके बड़े भाई रसीम ने पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। नगराम पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस के अनुसार घायलों का मेडिकल कराया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## वार्ड चौपाल अभियान के दूसरे दिन जोन-1 के दो वार्डों में लगेगी जन चौपाल

लखनऊ । केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर निगम लखनऊ द्वारा संचालित जन चौपाल अभियान के दूसरे दिन मंगलवार 09 जून 2026 को जोन-1 के रानी लक्ष्मी बाई वार्ड एवं जे.सी. बोस वार्ड में जन चौपाल का आयोजन किया जाएगा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि जन चौपाल का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का उनके वार्ड में ही त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। चौपाल में गृहकर, सफाई व्यवस्था, मार्ग प्रकाश, पेयजल, सीवर, अतिक्रमण तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि चौपाल में संबंधित पार्षद, नगर निगम के अधिकारी, अभियंता एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे, जिससे नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान कराया जा सके।महापौर ने नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में जन चौपाल में पहुंचकर अपनी समस्याएं एवं सुझाव साझा करें, ताकि क्षेत्र की जनसुविधाओं को और बेहतर बनाया जा सके। आज की जन चौपाल (जोन-1) जे.सी. बोस वार्ड स्मार्ट सिटी कार्यालय, लालबाग के पीछे स्थित दयानिदान पार्क समयः सायं 04 बजे रानी लक्ष्मी बाई वार्ड झंडेवाला पार्क, रैन बसेरा के पास, अमीनाबाद समयः सायं 06:00 बजेमहापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है।

# एसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

❒ साथ ही परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त प्रशासनिक अधिकारियों, केन्द्र व्यवस्थापकों एवं पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शाहजहांपुर। एसपी सौरभ दीक्षित ने जनपद में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षाद्2026 को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, पुलिस बल की तैनाती, यातायात संचालन, परीक्षा केन्द्रों के आसपास की निगरानी व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता एवं परीक्षा संचालन संबंधी समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



साथ ही परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त प्रशासनिक अधिकारियों, केन्द्र व्यवस्थापकों एवं पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए परीक्षा को निर्विघ्न सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान पूर्ण सतर्कता एवं अनुशासन बनाए रखें तथा प्रत्येक गतिविधि पर निरंतर निगरानी रखी जाए। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अनुचित साधनों के प्रयोग, अव्यवस्था अथवा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले तत्वों के प्रति तत्काल एवं प्रभावी कार्यवाही की जाए। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्रों पर सुगम एवं व्यवस्थित प्रवेश उपलब्ध कराने, भीड़ नियंत्रण, यातायात संचालन को सुचारु बनाए रखने तथा परीक्षा केन्द्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने देने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि परीक्षा अवधि के दौरान भ्रमणशील पुलिस व्यवस्था को सक्रिय रखते हुए सभी केन्द्रों पर सतत निगरानी बनाए रखें। एसपी ने बताया कि जनपद पुलिस द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षाद्2026 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु व्यापक सुरक्षा एवं पुलिस प्रबंधन व्यवस्था सुनिश्चित की गई है तथा सम्पूर्ण परीक्षा अवधि के दौरान सभी व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रखी जा रही है।

# अभय सिंह बने जिलाध्यक्ष और सुरेश गौतम को मिली जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

❒ ग्राम पंचायत सदस्य महासभा का संगठन विस्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महमूदाबाद, सीतापुर। ग्राम पंचायत सदस्य महासभा उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय कार्यालय महमूदाबाद में आयोजित बैठक में संगठन के विस्तार एवं ग्राम विकास में पंचायत सदस्यों की भूमिका पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए महासभा के प्रदेश मुख्य संगठन मंत्री ध्रुव कुमार सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत सदस्य ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं और उनकी सक्रिय भागीदारी के बिना गांवों का समग्र विकास संभव नहीं है।

बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष रवि सिंह पटेल के निर्देशन में संगठन का विस्तार करते हुए अभय सिंह को सीतापुर जनपद का नया जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं रामपुर मथुरा के ब्लॉक संयोजक सुरेश कुमार गौतम की संगठन के प्रति



सक्रियता और कर्मठता को देखते हुए उन्हें जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

नवमनोनीत पदाधिकारियों का कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर अभय सिंह और सुरेश गौतम ने संगठन की नीतियों एवं उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा पंचायत सदस्यों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने का संकल्प व्यक्त किया। जिला प्रभारी लवकुश वर्मा ने विश्वास जताया कि नई टीम के नेतृत्व में सीतापुर में संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी तथा पंचायत सदस्यों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। कार्यक्रम में जिला महासचिव अशोक कुमार, विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष रूपेश कुमार, मीडिया प्रभारी पंकज सिंह, जय नारायन, प्रियांशु, शिवम वर्मा, सुशील कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अभय सिंह एवं सुरेश गौतम की नियुक्ति पर महासभा के प्रदेश सलाहकार चैतन्य सिंह, प्रदेश महामंत्री जय नारायण पटवा तथा प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक सिंह सरल ने शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# आरोग्य मंदिर को कलुषित कर रहे अराजक तत्व

❒ मामला सदरपुर थाना क्षेत्र के नदिया गांव का हैं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बिसवां, सीतापुर। सदरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नदिया गांव में बना आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेंद्र इन दिनों अराजक तत्वों द्वारा लगातार अपवित्र किया जा रहा है। आलम यह है कि परेशान होकर सुरक्षा की दृष्टि से एएनएम को भी दूसरी जगह किराये पर कमरा लेकर रहना पड़ रहा है फिर भी अराजक तत्वों की कारस्तानी में कोई कमी न होने पर मजबूर होकर एएनएम को बिसवां सीएचसी अधीक्षक और देबियापुर पुलिस चौकी प्रभारी से गुहार लगानी पड़ी।

मामला सदरपुर थाना क्षेत्र के नदिया गांव का हैं। गांव में सुखावांकलां न्याय पंचायत का एक आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेंद्र का भवन है जो गांव के किनारे बना हुआ है जिसमें एक एएनएम तैनात है। एएनएम के अनुसार गत 5 जून को जब वह उपकेंद्र पर पहुंची तो उसे




अस्पताल के वाशबेसिन में एक उपयोग किया हुआ कंडोम पड़ा मिला। अगले दिन 6जून को सुबह लगभग तीन बजे डिलिवरी केस आने पर जब एएनएम आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेंद्र नदिया पहुंची तो उसका बिस्तर जमीन पर अस्त व्यस्त हालत में पड़ा मिला तथा इसी के आस पास लगभग आधा दर्जन इस्तेमाल किये हुए कंडोम एवं उनके रैपर पड़े मिले जो बरामदे तक बिखरे हुए थे।

जिसको देखकर एएनएम डर गयी और उसने तुरन्त सीएचसी अधीक्षक बिसवां डा0अमित कपूर को फोन कर अवगत कराया उन्होंने पुलिस को सूचना देने की बात कही जिसपर शनिवार को देबियापुर पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह से मिलकर एक लिखित प्रार्थना पत्र घटना के सम्बन्ध में दिया है। प्रार्थना पत्र में अराजक तत्वों द्वारा भविष्य में किसी भी तरह से नुकसान पहुंचाये जाने की आशंका व्यक्त की गई है। आशंका जताई जा रही है कि अराजक लोग दीवार फांदकर उपकेंद्र में प्रवेश करते होंगे और अंदर से कमरे का दूसरा दरवाजा जिसमें ताला नहीं डाला जाता है उसे खोलकर घृणित कार्य को अंजाम देते होंगे। एक ओर जहां मुख्यमंत्री के आदेशों के परिपालन में जिलाधिकारी ने सभी प्रसव केन्द्रों को चौबीसों घंटे खुले रखने को कहा गया है वहीं उपकेंद्र पर कोई भी सुरक्षाकर्मी की तैनाती न होने तथा अराजक तत्वों द्वारा इस प्रकार के घृणित कार्यों को अंजाम देने से महिला स्वास्थ्य कर्मी बहुत डरी हुई और अपने को असुरक्षित महसूस कर रही है। जिम्मेदारों को जल्द ही इस सम्बन्ध में कोई ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

इस बारे में अधीक्षक डा0अमित कपूर ने बताया कि मुझे एएनएम ने जानकारी दी थी। मैंने उससे तुरन्त पुलिस सहायता लेने की बात कही थी। ऐसे कृत्य गलत हैं। उपकेंद्र पर कोई भी सुरक्षाकर्मी की तैनाती नहीं है। इसको पता करने के लिए स्थानीय पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ेगी। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही सिपाहियों को मौके पर भेजा गया था। रात्रि में भी कई बार गश्त भी लगाई गई है। आसपास के लोगों को पुलिस के फोन नम्बर दिये गये हैं कि अगर कभी भी कोई ऐसी गतिविधि की संभावना दिखे तो तुरन्त पुलिस को सूचना दें।

# पहले दिन सख्त पहरे में हुई यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा, परीक्षा केंद्रों पर कड़े इंतजाम

❒ डीएम-एसपी ने लिया परीक्षा केंद्रों का जायजा, प्रथम सत्र में 4847, द्वितीय सत्र में 4884 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी। उप्र पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा खीरी जिले के 16 केंद्रों पर संचालित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 परीक्षा सोमवार को अभ्यर्थियों ने कड़ी सुरक्षा निगरानी में दोनों पाली की परीक्षा दी। इस दौरान दोनों पालियों में बुलाए गए 13248 में से 9731 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए जबकि 3517 ने गैर हाजिर रहकर परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए डीएम, एसपी, एडीएम (न्यायिक) समेत नोडल अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे।

डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने एडीएम ब्रजपाल सिंह दोनों सत्रों की परीक्षा में भ्रमणशील रहकर जनपद खीरी में स्थित परीक्षा केंद्रों (जीआईसी, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, जीजीआईसी, आर्यकन्या इंटर कॉलेज, कृषक समाज इंटर कॉलेज, धर्मसभा इंटर कॉलेज) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने जरूरी निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने परीक्षार्थियों हेतु भौतिक सुविधाओं/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों को चैक किया व संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा में आयोग के शत प्रतिशत निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए। वही सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भी भ्रमणसील रहकर अपने सेक्टर के परीक्षा केंद्रों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पूरी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया।

बताते चले कि जनपद के 16 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी 6624 के सापेक्ष पहली पाली में 4847 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1777 अनुपस्थित रहे। इसी तरह से दूसरी पाली में 4884 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1740 ने परीक्षा से किनारा कर लिया। 09 जून और 10 जून को भी 16 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा होगी।

पुलिस भर्ती परीक्षा सकुशल संपन्न कराने हेतु आज डीएम अंजनी कुमार सिंह व एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने भ्रमणशील रहकर विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षार्थियों हेतु भौतिक सुविधाओं,सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर एएद्धठ्ठ कैमरों को चैक किया और जरूरी निर्देश दिए।

# पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा, परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2026 के अंतर्गत आयोजित होने वाली परीक्षा की तैयारियों का जायजा लेने हेतु जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने आज आर0एम0पी0 इंटर कॉलेज तथा पी0एम0 श्री राजकीय इंटर कॉलेज, सीतापुर का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों, पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षार्थियों के लिए शुद्ध एवं पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि गर्मी के मौसम को देखते हुए उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा का आयोजन पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुरक्षा के साथ किया जाए। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त रखने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने भी सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हो सके।

# ईसानगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रायपुर में तेंदुए के हमले में घायल शुभम की मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ आक्रोशित ग्रामीणों ने ईसानगर से खमरिया आने वाले मार्ग को किया जाम पुलिस मौके पर

❒ ग्रामीणों में आक्रोश, डीएम को मौके पर बुलाने की मांग

लखीमपुर, खीरी। के ईसानगर क्षेत्र में रविवार को एक हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। ईसानगर-खमरिया मार्ग पर बाघ के हमले में करीब 8 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में भय, शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त है।

प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों के अनुसार, बाघ की मौजूदगी की सूचना पिछले कई दिनों से वन विभाग को दी जा रही थी, लेकिन समय रहते प्रभावी और ठोस कदम नहीं उठाए गए। इसी लापरवाही का परिणाम आज एक मासूम की जान के रूप में सामने आया है। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और वन विभाग व प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लगातार चेतावनी के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई।मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने मांग की है कि जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लें। उनका कहना है कि जब तक जिलाधिकारी मौके पर नहीं आएंगे, तब तक पंचनामा की कार्रवाई नहीं होने दी जाएगी।

ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा, क्षेत्र में तत्काल सुरक्षा इंतजाम, बाघ को पकड़ने के लिए विशेष अभियान तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रशासन और वन विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन लोगों में भारी रोष बना हुआ है।

## मदरसा के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

तिलहर, शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा आयोजित मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) परीक्षा-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उत्तीर्ण होने वाले मदरसा शमशिया फैजान-ए- हातिम के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य कारी इदरीश रजा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र की उन्नति का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि मदरसों के विद्यार्थी आज विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं और आधुनिक एवं धार्मिक शिक्षा का समन्वय समय की आवश्यकता है। उन्होंने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनसे मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

## सीएचसी में उचक्कों का आतंक, दो महिलाओं की सोने की चेन उड़ा ले गए बदमाश

**बिसवां, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र में चोरों और उचक्कों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में देखने को मिला, जहां इलाज कराने आई दो महिलाओं की सोने की चेन अज्ञात उचक्कों ने पार कर दी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, ग्राम निपनिया कुतुबपुर निवासी प्रेमलता वर्मा पत्नी राजनारायण वर्मा अपने पति के साथ इलाज कराने बिसवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आई थीं। उनके पति अस्पताल के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी कर रहे थे, जबकि प्रेमलता अस्पताल के अंदर चली गईं। इसी दौरान अज्ञात उचक्कों ने उनके गले से लगभग 12 ग्राम वजनी सोने की चेन उड़ा दी। कुछ देर बाद जब उन्हें अपनी चेन गायब होने का पता चला तो वह स्तब्ध रह गईं और अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। इसी प्रकार सदरपुर निवासी सुनीता भी इलाज कराने सीएचसी पहुंची थीं। अस्पताल के अंदर पहुंचने के कुछ समय बाद उन्होंने जब अपने गले पर हाथ लगाया तो सोने की चेन गायब मिली। चेन चोरी होने की जानकारी मिलते ही वह घबरा गईं और बेहोश होकर गिर पड़ीं। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही डायल 112 और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची सीएससी का गेट बंद करके एक-एक व्यक्ति की तलाशी ली गई और और सीसीटीवी फुटेज खगाले जा रहे हैं मामले की जांच शुरू कर दी गयी । एक ही दिन में अस्पताल परिसर के अंदर दो महिलाओं की चेन चोरी होने की घटना से मरीजों और तीमारदारों में भय और आक्रोश का माहौल है। लोगों ने अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। मामले को लेकर प्रभारी निरीक्षक राम राघव सिंह ने बताया जांच की जा रही है जल्दी घटना का अनावरण किया जाएगा।

## डीएम ने बाढ़ सुरक्षा कार्यों का लिया जायजा, मानसून से पहले तैयारियां पूरी करने के निर्देश

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** संभावित बाढ़ से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अफसरो संग तहसील, ब्लॉक निघासन के अंतर्गत ग्राम पंचायत लालपुर के मजरा चन्दनपुरवा में चल रहे बन्धा मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि 70 मीटर की लम्बाई में ग्राम पंचायत की ओर से बन्धा मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। ग्रामवासियों ने अवगत कराया कि बन्धा निर्माण कार्य विगत वर्ष में कराया गया था, जोकि बाढ के समय तीन स्थानों पर कट गया था, जिसे पुनः मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। ग्रामवासियों ने डीएम से बन्धे की ऊंचाई बढ़ाने हेतु आग्रह किया।डीएम ने बीडीओ निघासन को बन्धे की ऊंचाई के साथ-साथ मजबूती से गुणवत्तापरक व ससमय कार्य पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया। साथ ही डीएम ने ग्राम पंचायत बैलहा के मजरा ठाकुरपुरवा में चल रहे रपटा पुल के दोनो तरफ बहतिया नाला में सिल्ट सफाई कार्य का निरीक्षण किया। डीएम ने ग्रामवासियों के आग्रह पर बीडीओ निघासन को निर्देशित किया कि सिल्ट सफाई का कार्य रपटा के दोनो तरफ और अधिक लम्बाई में कराया जाय, जिससे बाढ के समय पानी सुगमतापूर्वक रपटा पुल से निष्कासित हो सके। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि सफाई के दौरान जो भी सिल्ट/मिटटी निकल रही है, उसे बहतिया नाले के दोनो तरफ बन्धे के रुप में विकसित किया जाए। इस मौके पर बीजेपी नेता राज राजेश्वर सिंह, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी अनिल कुमार सिंह, एसडीएम राजीव कुमार निगम, बीडीओ जयेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

# हसरत मोहानी की विरासत पर मंथन सौहार्द और राष्ट्रभक्ति का आह्वान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ मुख्य अतिथि प्रसिद्ध शायर रहबर प्रतापगढ़ी भी मौजू रहे

बिसवां, सीतापुर। उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत के तत्वावधान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रसिद्ध कवि एवं पत्रकार मौलाना हसरत मोहानी की स्मृति में आतंकवाद के विरोध, राष्ट्रीय एकता,भाईचारे और सोशल मीडिया पर सौहार्द का संदेश देने हेतु विषय पर एक सफल गोष्ठी का आयोजन सेठ जय दयाल इंटर कॉलेज में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं प्रसिद्ध शायर रहबर प्रतापगढ़ी रहे, विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार पदम कांत शर्मा प्रभात, वरिष्ठ नोटरी अधिवक्ता आरएन सिंह मौजूद थे। अध्यक्षता शायर डॉक्टर सईदुल हसन ने की। जबकि संचालन शिक्षक व कवि आनंद खत्री ने किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध शायर रहबर प्रतापगढ़ी ने बड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि हसरत मोहानी ने अपनी शायरी और पत्रकारिता के जरिए देश को आजादी का संदेश दिया। उनका नारा 'इंकलाब जिंदाबाद' आज भी युवाओं को अन्याय के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देता है। हमें उनकी कलम की ताकत और देशभक्ति से सीख लेने की जरूरत है।

मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार पदम कांत शर्मा प्रभात ने भारी संख्या में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया नौजवानों को गुमराह करने के साथ उनको राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त करने में मुख्य भूमिका निभा रहा है इसलिए सतर्क रहने की जरूरत है यह तभी संभव है जब ऐसी गोष्ठियों का आयोजन लगातार होता रहे। उन्होंने आगे कहा कि हम लोग नेक बनेंगे तो एक रहेंगे, जब एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

प्रसिद्ध विद्वान फारुख रशीद फारुकी ने कहा कि हसरत मोहानी न केवल एक शायर थे बल्कि उन्होंने उर्दू पत्रकारिता को भी नई दिशा दी। उनकी रचनाएं आज भी सामाजिक जागरूकता का काम करती हैं।

डा0 सईदुल हसन ने कहा कि हसरत मोहानी की शायरी व इंकलाब जिंदाबाद के नारे ने पूरे मुल्क की आवाम को इंकलाब लाने पर मजबूर कर दिया। जिसका नतीजा हमें आजादी मिली।

वक्ता के तौर पर आर्य समाज के मंत्री अजीत आर्य ने कहा कि हम लोग मौलाना हसरत मोहानी के विचारों का अनुसरण करते हुए राष्ट्रीयता एवं सौहार्द को बरकरार रख सकते हैं। इसी क्रम में अधिवक्ता व पत्रकार आरएन सिंह ने कहा कि देश को आज हसरत मोहानी जैसे क्रांतिकारियों की अहम जरुरत है ताकि सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहे भ्रामक जानकारियों से बचा जा सके।

मौलाना एखलाक कासमी ने मौलाना हसरत मोहानी की जीवनी पर रोशनी डाली। कार्यक्रम आयोजक व संगठन के जिला अध्यक्ष सिराज अहमद ने आए हुए सभी मेहमानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने बच्चों को मौलाना हसरत मोहानी के बताए हुए रास्ते पर चलाएं ताकि देश में सौहार्द कायम रहे। कार्यक्रम की शुरुआत आए हुए शायरों एवं कवियों के कलाम से हुआ। जिनमें मुख्य रूप से डॉ कफील बिसवानी,अनवर बिसवानी,शमीम नातिक, हाफिज आफाक बिसवानी, सलीम कुरैशी,डा0 शकील सागर, जुबेर वारिस,मकसूद अली, शेख अफजल हुसैन आदि नाम शामिल है। इसके अतिरिक्त दर्जनों शायरों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जिनको सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम आयोजक उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत के जिला अध्यक्ष एवं सिराज टाइम्स अखबार के संपादक सिराज अहमद ने अतिथियों को बैज अलंकरण कर अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया। पत्रकारों,साहित्यकारों, लेखकों,कवियों,शायरों, शिक्षकों एवं अधिवक्ताओं सहित आए हुए सभी लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सह आयोजक वहाजुद्दीन ग़ौरी व अतिथियों द्वारा यूनियन के पदाधिकारियों व सदस्यों को परिचय पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे?। भाजपा के वरिष्ठ नेता विद्यालय प्रबंधक महेश चंद्र मेहरोत्रा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजक सिराज अहमद व सह आयोजक वहाजुद्दीन ग़ौरी को शुभकामनाएं प्रस्तुत की है।

## अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस ने नाबालिग किशोरी के अपहरण, उसके साथ दुष्कर्म करने व पाक्सो एक्ट के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बीती 06 जून को एक व्यक्ति ने थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस को तहरीर देकर थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जियाखेल निवासी नरेंद्र वर्मा पुत्र रमेश वर्मा के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि उसकी नाबालिग बहन को नरेन्द्र वर्मा बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। इसी क्रम में थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस ने अपह्रता किशोरी को बरामद किया और उसके मेडिकल व बयानों के आधार पर दर्ज मुकदमें में दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं में बढ़ोतरी की। आज पुलिस ने सुबह समय करीब 11 बजे मुखबिर की सूचना पर हरदोई चौराहा से पुल के दूसरी ओर बरेली जाने वाले मार्ग से अभियुक्त नरेन्द्र वर्मा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना रामचन्द्र मिशन के उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार के साथ रिक्रूट कास्टेबल ईश्वर कुमार और महिला रिक्रूट कसस्टेबल शिवानी सिंह मौजूद थे।

## गैंगस्टर एक्ट का एक वांछित गिरफ्तार, अन्य की तलाश

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी ने मादक पदार्थों की तस्करी के आरोपी थाना कटरा क्षेत्र के मोहल्ला आतिशबाजान निवासी रियाज मोहम्मद उर्फ बाबू, रिषभ गुप्ता और मोहल्ला बाजार निवासी सुनीत आर्या पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। जिसके तहत थाना कटरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कटरा फाटक फ्लाइओवर के पास से अभियुक्त सुनीत आर्या को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, उक्त तीनों अभियुक्त एक संगठित गिरोह के रूप में कार्य करते हैं। उक्त तीनों अभियुक्त अपने भौतिक एवं आर्थिक लाभ अर्जित करने के लिए मादक पदार्थों की तस्करी और अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने के अभ्यस्त अपराधी हैं। इन अभियुक्तों की अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना अति आवश्यक है, इसलिए इन अभियुक्तों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। फिलहाल पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त सुनीत आर्या के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है और फरार अभियुक्त रियाज मोहम्मद उर्फ बाबू तथा रिषभ गुप्ता की तलाश में जुटी है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कटरा के प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह के साथ अपराध निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल राजीव, योगेन्द्र, आशीष और सद्दाम मौजूद रहे।

# कड़ी निगरानी के बीच शुरू हुई सिपाही भर्ती परीक्षा, सघन तलाशी के बाद मिला प्रवेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जिले में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई। जनपद के 15 केंद्रों पर 33,984 अभ्यर्थी शामिल होंगे। यह तीन दिवसीय परीक्षा छह पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रशासन ने शांतिपूर्ण आयोजन के लिए कड़े इंतजाम किए हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई। सुबह से ही जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। निर्धारित समय से पहले ही परीक्षार्थी केंद्रों पर पहुंच गए, जहां जांच और सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें प्रवेश दिया गया। जनपद के 15 परीक्षा केंद्रों पर कुल 33,984 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। तीन दिनों तक चलने वाली यह परीक्षा छह पालियों में आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक पाली में 5,664 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने कड़े इंतजाम




करने के दावे किए हैं। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली गई। प्रवेश पत्र, आधार कार्ड तथा काला या नीला डॉट पेन के अलावा किसी भी वस्तु को केंद्र के भीतर ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या मां पुलिस बल तैनात रहा तथा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई। अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा रुकने के लिए रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। वहीं प्राथमिक उपचार के लिए सभी केंद्रों पर दवाइयों की किट उपलब्ध कराई गई है। पुलिस और अन्य एजेंसियों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है ताकि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अफवाह या अव्यवस्था न फैल सके।

## मुरादाबाद विकास प्राधिकरण साढे पांच माह से बंद पड़े पार्कों का करेगा संचालन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद। पिछले लगभग साढे पांच माह से बंद हर्बल पार्क और डॉ. आंबेडकर नेचर पार्क का संचालन अब मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (मुविप्रा) खुद करने की तैयारी कर रहा है। ठेकेदार को न देकर एमडीए अब अपना स्टाफ रखकर इनका संचालन कराएगा। शीघ्र ही पार्कों की स्थिति को दुरुस्त किया जाएगा।

एमडीए ने नव वर्ष के पहले दिन यानी एक जनवरी 2026 को ही नया मुरादाबाद स्थित हर्बल पार्क और आशियाना कॉलोनी स्थिति डॉ. आंबेडकर नेचर पार्क के ठेकेदारों का ठेका बकाया राशि भुगतान नहीं करने के कारण निरस्त कर दिया था। हर्बल पार्क में तो उसी दिन ताला लगा दिया गया था। जिसके कारण नव वर्ष पर पार्क में घूमने आने वालों को भारी निराशा मिली थी। कुछ दिन बाद ही डॉ. आंबेडकर नेचर पार्क भी ताला लगा दिया गया था। तब से लेकर अब तक पार्क जन सामान्य के लिए बंद हैं। एमडीए के सचिव पंकज वर्मा के अनुसार अब हर्बल पार्क, डॉ. आंबेडकर नेचर पार्क को ठेके पर देने के बजाय एमडीए स्वयं ही संचालित करेगा।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने सोमवार को बताया कि इन पार्कों को सुदृढ़ कराया जा रहा है। टिकट विंडो से लेकर अन्य व्यवस्थाओं के संचालन व देखरेख के लिए अपना स्टाफ तैनात किया जाएगा। जिसकी कार्ययोजना तैयार की जा रही है। उम्मीद है कि जून माह के अंत तक दोनों पाकों को जन सामान्य के लिए खोल दिया जाएगा।

## डीएम, एसएसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी बदायूँ अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन ढंग से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही ड्यूटीरत अधिकारियों एवं कर्मचारीगण को परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता एवं शुचिता के साथ शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी निर्वहन



करने तथा किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बदायूँ में मानसून से पहले एक्शन मोड में नगर पालिका, नालों की सफाई के लिए बनीं विशेष टीमें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। आगामी मानसून को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा ने शहर को जलभराव की समस्या से बचाने के लिए व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा के निर्देश पर नगर क्षेत्र के सभी प्रमुख नालों और नालियों की सफाई के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों को अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई कार्यों की निगरानी करने के साथ-साथ प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि नगरवासियों को वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव की समस्या से राहत दिलाना नगर पालिका की प्राथमिकता है। बरसात में नालों और नालियों में जमा सिल्ट एवं कूड़े-कचरे के कारण जल निकासी प्रभावित होती है,

**पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी, रोजाना देनी होगी प्रगति रिपोर्ट**

**जलभराव रोकने को तेज हुआ अभियान, प्रमुख नालों-नालियों की होगी समयबद्ध सफाई**

**लापरवाही पर होगी कार्रवाई, हर क्षेत्र की मॉनिटरिंग के निर्देश**

जिससे सड़कों और मोहल्लों में पानी भर जाता है। इसी समस्या के स्थायी समाधान के लिए समय रहते सफाई अभियान को गति दी गई है।

नगर पालिका प्रशासन द्वारा गठित टीम 'ए' में मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब तथा लिपिक सुमित सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं टीम 'बी' में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार और कार्यवाहक सफाईनायक नैनील को शामिल किया गया है। दोनों टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नाला गैंग के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई कार्य कराते हुए निर्धारित समय सीमा से पहले कार्य पूर्ण कराएं।

पालिकाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनहित से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मिशन है। अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमित रूप से क्षेत्रों का निरीक्षण करने तथा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी नाले या नाली में जल निकासी बाधित न हो। जहां भी कोई समस्या सामने आए, उसका तत्काल समाधान कराया जाए ताकि बरसात के दौरान नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा सफाई कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। प्रतिदिन प्राप्त होने वाली प्रगति रिपोर्ट के आधार पर कार्यों की समीक्षा होगी और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही सफाई के दौरान निकलने वाली सिल्ट और कूड़े के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं, जिससे आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। फात्मा रजा ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और जलभराव मुक्त बनाए रखना नगर पालिका की जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आदेशों के पालन में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नगरवासियों ने भी नगर पालिका की इस पहल का स्वागत किया है। लोगों का मानना है कि यदि मानसून से पहले सभी नालों और नालियों की प्रभावी सफाई हो जाती है तो शहर में जलभराव की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है। नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और बरसात के दौरान शहर की जल निकासी व्यवस्था सुचारु बनी रहेगी। पालिकाध्यक्ष ने दोहराया कि नगर के सभी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले सभी प्रमुख नाले और नालियां पूरी तरह साफ हो जाएं, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और शहर स्वच्छ एवं व्यवस्थित बना रहे। साथ ही जिस जोन में जलभराव होने पर संबंधित टीम के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी ।

## किसानों को जलभराव की समस्या से मिलेगी राहत : मयंकेश्वर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । क्षेत्र में किसानों की वर्षों पुरानी जल भराव की समस्या के समाधान की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुये कादूनाला ड्रेन की सिल्ट सफाई और चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो गया। चालीस किलोमीटर की लम्बी इस ड्रेन की सफाई कार्य करीब बत्तीस लाख रुपये की लागत से होगी। सोमवार को इस कार्य का शुभारम्भ प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री व तिलोई के विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने लोधवरिया मेडिकल कालेज के पास वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूरे विधि विधान से पूजन कर किया।सिंचाई विभाग की ओर से कराये जा रहे इस कार्य को एक महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। परियोजना के तहत नाले की सफाई के साथ उसका चौड़ीकरण भी किया जायेगा जिससे वर्षा के दौरान खेतों में जमा होने वाले




पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके।तिलोई और सिंहपुर क्षेत्र के साथ आस पास के किसानों को हर साल बारिश के मौसम में जल भराव की समस्या का सामना करना पड़ता था। खेतों में पानी भर जाने से फसलें बर्बाद हो जाती थी, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता था। किसानों की इसी समस्या को देखते हुए राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने पहल कर ड्रेन की सफाई और चौड़ीकरण का प्रस्ताव पास आगे बढ़ाया।राज्यमंत्री ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है।

उन्होंने भरोसा जताया कि कादूनाला ड्रेन के सुचारू होने से हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि जलभराव से मुक्त होगी और किसानों की फसलें सुरक्षित रहेगी।किसानों ने इस पहल का स्वागत करते हुये सरकार और राज्यमंत्री का आभार जताया। किसानों का कहना है कि वर्षों से चली आ रही समस्या के समाधान से खेती को बड़ा लाभ मिलेगा और फसल बर्बाद होने की चिंता कम होगी। इस अवसर पर राज्यमंत्री के साथ ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, धर्मेश कुमार मिश्रा, सत्य नारायण सिंह, प्रवेश शुक्ला सहित अन्य तमाम किसानगण मौजूद रहे।

### अयोध्या से परीक्षा देने आई अभ्यर्थी को पुलिस ने परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाया

अमेठी । जनपद अयोध्या से आरक्षी भर्ती परीक्षा देने आई एक महिला अभ्यर्थी के लिये यूपी 112 मददगार बन गई।कालर की सूचना मिलते ही पीआरवी ने त्वरित कार्यवाही करते हुये अभ्यर्थी को समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचाया। सोमवार को यूपी 112 को एक कालर द्वारा सूचना दी गई कि उन्हें परीक्षा केंद्र जाने के लिये कोई साधन आटो नही मिल रहा है और तत्काल पुलिस सहायता की आवश्यकता है। इसकी सूचना मिलते ही पीआरवी 6907 तत्काल मौके पर पहुंची और पूंछतांछ में पता चला कि अभ्यर्थी अंजली पुत्री राधेश्याम निवासिनी ग्राम मिल्कीपुर जनपद अयोध्या पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा देने आई हैं। वह थाना पीपरपुर अंतर्गत दुर्गापुर चौराहे पर बस से उतरी थी लेकिन वहां से परीक्षा केंद्र की दूरी लगभग बत्तीस किलोमीटर होने के कारण उन्हें आगे जाने के लिये कोई साधन नही मिल पा रहा था।अभ्यर्थी के कीमती समय और परीक्षा की महत्ता को समझते हुये पीआरवी 6907 ने तत्काल आरओआईपी के माध्यम से कंट्रोल रूम से समन्वय स्थापित किया।

### मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

सम्भल (बहजोई) कैनविज टाइम्स संवाददाता। मत्स्य विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभागीय पोर्टल पर आवेदन प्रक्रिया दिनांक 08 जून 2026 से 28 जून 2026 तक खुली रहेगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य विभाग, सम्भल ने बताया कि जनसामान्य निम्नलिखित योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं– मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना निषादराज बोट सब्सिडी योजना सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम की स्थापना योजना इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक योजना के लिए आवेदन पृथक-पृथक करना होगा। योजनाओं से संबंधित परियोजना विवरण, इकाई लागत, आवेदन प्रक्रिया तथा आवश्यक अभिलेखों की जानकारी भी पोर्टल पर उपलब्ध है। विभाग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि भविष्य में योजनाओं के प्रावधानों में कोई संशोधन किया जाता है, तो संशोधित प्रावधान लागू होंगे। पूर्व वर्षों में निरस्त अथवा प्रतीक्षारत आवेदक भी पुनः आवेदन कर सकते हैं। योजनाओं के संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त करने हेतु इच्छुक व्यक्ति मत्स्य विभाग, बहजोई (सम्भल) कार्यालय अथवा संबंधित मंडलीय कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त दूरभाष संख्या 8218395905 एवं 7905407904 पर भी कार्यालय दिवसों में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

– मुख्य कार्यकारी अधिकारी
मत्स्य विभाग, सम्भल

### अश्लील फोटो खींच किशोरी से किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने किशोरी की नहाते समय फोटो खींच ली। आरोप है कि फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। पीड़िता पर जबरन शादी का दबाव बनाने और विरोध करने पर पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने शनिवार को धर दबोचा। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। पीड़ित परिवार द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक, घटना की शुरुआत उस वक्त हुई जब किशोरी अपने दूसरे मकान में नहा रही थी। इसी दौरान गांव के ही एक युवक ने चोरी-छिपे अपने मोबाइल से उसकी आपत्तिजनक फोटो खींच लीं। इसके बाद आरोपी ने उन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर वायरल करने और समाज में बदनाम करने की धमकी देकर किशोरी को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। बीती दो मई को भी आरोपी ने डरा-धमकाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने आखिरकार हिम्मत जुटाकर परिजनों को आपबीती बताई। इसके बाद परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पॉक्सो एक्ट और अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए कस्बे के हनुमान मंदिर के पास मढिया भांसी मोड़ से आरोपी आकाश पुत्र भगवान दास को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वह मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है, जिससे फोटो खींची गई थीं। कानूनी कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### पुलिस ने निकाला किशोरी का शव, पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। अमरोली गांव में प्रेम-प्रसंग के चलते किशोरी की मौत के बाद परिजनों ने जिस स्थान पर उसका शव दफनाया था, पुलिस ने वह जगह तलाश ली है। इस स्थान पर दो जिले और तीन थानों की सीमा मिलने की वजह से कानूनी पेच फंस गया था। हालांकि दोनों जनपदों के उच्च अधिकारियों के वार्ता के बाद रविवार देर रात पुलिस ने शव को निकाल लिया। दातागंज पुलिस शनिवार रात से शव निकालने तक उस स्थान की निगरानी में तैनात रही। इस मामले में पुलिस को शक है कि परिजनों ने ही किशोरी की हत्या की है। दातागंज पुलिस को अमरोली गांव के ही एक व्यक्ति ने बताया था कि उनके ही परिवार की एक किशोरी को उसके पिता और परिजनों आदि ने मिलकर मार डाला है। शनिवार की सुबह अंधेरे में किशोरी की लाश रामगंगा नदी के किनारे दफना दी गई है। सूचना के आधार पर पुलिस ने जानकारी की तो फोन करने वाले व्यक्ति ने पुलिस को वह जगह भी दिखा दी, जहां किशोरी का शव दफनाया गया था। लाश दफनाने वाली जगह बरेली जनपद के हिम्मतपुर गांव के निकट है। यहां बदायूं जिला के दातागंज और बरेली जिला के भमौरा और फरीदपुर थानों की सीमाएं मिलती हैं। कोतवाली पुलिस का कहना है कि सीमा निर्धारण के चलते शव को जमीन के अंदर से निकालने में अड़चन आ रही थी। इसके बाद शव की सुरक्षा के लिए पुलिस को वहां रात में ही तैनात कर दिया गया था। रविवार देर दोनों जनपदों के उच्च अधिकारियों के बीच वार्ता के बाद शव को निकाल लिया गया। शव को निकालने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बदायूं भेज दिया। शव का पोस्टमॉर्टम कराके रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### संभल में नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा किया गया वृक्षारोपण

बहजोई(संभल) कैनविज टाइम्स संवाददाता। पर्यावरण दिवस के अवसर पर नागरिक सुरक्षा विभाग तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के द्वारा ट्रांजिट हॉस्टल बहजोई मुख्यालय संभल में वृक्षारोपण किया गया। एक पेड़ मां के नाम लगाया गया जिसमें एक पौधा अनार का एक गुड़हल के फूल का तथा एक पौधा करी पत्ता व एक जामुन के पौधों का वृक्षारोपण किया गया इस मौके पर नायब तहसीलदार, आपदा विशेषज्ञ, आपदा मित्र अरविंद कुमार अजय कुमार, क्रांति ,नेकपाल एवं समस्त नागरिक सुरक्षा का स्टाफ उपस्थित रहे ।

### मिलिंद परांडेय का जनपद आगमन आज

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। अन्तर्राष्ट्रीय जनरल सेक्रेटरी विश्व हिन्दू परिषद श्री मिलिंद परांडेय का 09 जून 2026 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। श्री परांडेय 09 जून 2026 को बहराइच पहुंचकर सरस्वती विद्या मन्दिर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे तदोपरान्त लो.नि.वि. निरीक्षण भवन, बहराइच में रात्रि विश्राम करेंगे। श्री परांडेय 10 जून 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पन्द्रह से इक्कीस जून तक योग सप्ताह मनाया जायेगा

अमेठी । मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू की अध्यक्षता में आज विकास भवन में इक्कीस जून को बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में डॉ अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पन्द्रह से 21 जून के मध्य योग सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी तहसीलों, नगर निकायों, विकासखंडों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ वेलनेस सेंटर, पंचायत भवनों, अमृत सरोवर, स्टेडियम आदि जगहों पर भी योग के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। बैठक में सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि योग दिवस को लेकर सभी अधिकारी, कर्मचारी अपनी-अपनी तैयारी पहले से ही सुनिश्चित कर लें साथ ही सभी कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाय। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला भी प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने कहा कि योग के प्रति लोगों को उत्साहित एवं प्रेरित किया जाय जिससे लोग योगाभ्यास को अपने दिनचर्या में शामिल करते हुये निरंतर योग्य अभ्यास करें और अपना जीवन स्वस्थ एवं सुखी बनाएं। बैठक में सीडीओ ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थलों पर साफ सफाई दुरुस्त किया जाए, शौंचालय की व्यवस्था होनी चाहिये पीने के पानी की भी व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर कराए जाने के निर्देश दिये, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को डॉक्टरों, आवश्यक दवाओं के साथ ही एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास कार्यक्रम के फोटो/वीडियो आयुष कवच ऐप पर अपलोड किए जाएं। बैठक में सीडीओ ने कहा कि सभी कार्यक्रम प्लास्टिक मुक्त आयोजित किए जाएं। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, आयुर्वेद विभाग के चिकित्सक/कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अनुपम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### भाजपा नेता,समाजसेवी डॉक्टर रजनी सरीन पंच तत्व में विलीन

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश के जनपद फर्रुखाबाद की भाजपा की वरिष्ठ नेता, प्रख्यात चिकित्सक, साहित्यकार एवं समाजसेवी डॉ.रजनी सरीन का सोमवार को पूरे राजकीय सम्मान और भावपूर्ण माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। भाजपा के झंडे में लिपटे पार्थिव शरीर को हजारों नम आंखों ने अंतिम विदाई दी। अंतिम यात्रा लोहाई रोड स्थित आवास से प्रारंभ होकर नाला मछरट्टा, साहबगंज चौराहा होते हुए पांचाल घाट पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अंतिम संस्कार किया गया। अंकित सरीन ने अंतिम संस्कार किया बेटी पायल और कोयल भी मौजूद रही।

अंतिम यात्रा में सांसद, विधायक, नगर पालिका चेयरमैन सहित विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, साहित्यिक एवं व्यावसायिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा नगर के गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर अपनी प्रिय नेता को अंतिम विदाई दी। डॉ. रजनी सरीन का जीवन समाजसेवा, चिकित्सा, शिक्षा और राष्ट्रसेवा को समर्पित रहा।वह भाजपा की राष्ट्रीय परिषद सदस्य रहीं तथा अनेक सामाजिक एवं शैक्षिक संस्थाओं से जुड़कर जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रहीं। उन्होंने चिकित्सा सेवा के साथ-साथ साहित्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। अंतिम संस्कार के दौरान उपस्थित डॉ मनोज मल्होत्रा, विनोद अग्निहोत्री, उदय पाल ,विजय, डॉ अंजलि, समाजसेवी संजय गर्ग सभी धर्म के लोगों ने अंतिम विदाई दी।

# यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा पर डीआईजी की सख्त नजर, केंद्रों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं सम कक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 के दौरान पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क नजर आया,परीक्षा की पारदर्शिता,सुरक्षा और निष्पक्षता सुनिश्चित क रने के डीआईजी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरी क्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर सुर क्षा प्रबंधों, निगरानी व्यवस्था और अभ्यर्थियों के प्रवेश संबंधी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोक न किया। डीआईजी का मुख्य उद्देश्य परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराना रहा।



**डीआईजी ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण**

पुलिस उपमहानिरीक्षक के द्वारा जनपद के प्रमुख भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं रेलवे स्टेशन का भ्रमण कर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति का जा यजा लिया।इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं यात्रि यों की सघन चेकिंग तथा पूछताछ की गई।पुलिस उप महानिरीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को सत र्कता एवं प्रभावी निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए।साथ ही रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस के अधिकारियों से वार्ता कर रेलवे परिसर एवं यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने हेतु आवश्यक दि शा-निर्देश प्रदान किए।वही परीक्षा केंद्रों का दौरा किया।इस दौरान परीक्षा कक्षों की व्यवस्था, सीसी टीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, अभ्यर्थियों की जांच प्रक्रिया और केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई।डीआईजी ने यह सुनिश्चित किया कि परी क्षा केंद्रों पर निर्धारित दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन किया जा रहा है और किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना न रहे।

**सीसीटीवी निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था**

पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर सभी केंद्रों पर कड़ी निगरानी की व्यवस्था की गई है।परीक्षा कक्षों और परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधित केंद्र व्यवस्थापकों और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी जाए।परीक्षा की शुचिता ब नाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**अभ्यर्थियों के लिए बनाए गए विशेष प्रबंध**

परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश से पहले पह चान पत्र और आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया गया।सुरक्षा मानकों के अनुरूप जांच प्रक्रि या को सख्ती से लागू किया गया,ताकि किसी भी प्रकार की अनुचित सामग्री परीक्षा केंद्र के भीतर न पहुंच सके।प्रशासन का कहना है कि भर्ती परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन कराया जा रहा है।

**डीआईजी ने कर्मचारियों को दिए आवश्यक निर्देश**

निरीक्षण के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक और प्रशासनिक विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। उन्हों ने परीक्षा ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को जिम्मेदा री,सतर्कता और निष्पक्षता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।डीआईजी ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कर्मचारियों को अपने दायित्वों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करना होगा। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा लाखों युवाओं के भवि ष्य से जुड़ी महत्वपूर्ण प्रक्रिया है।ऐसे में प्रशासन और पुलिस विभाग का पूरा ध्यान इस बात पर है कि परीक्षा निष्पक्ष,पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावर ण में संपन्न हो।पुलिस उपमहानिरीक्षक ने भरोसा दिलाया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर लगातार निगरा नी रखी जा रही है और भर्ती प्रक्रिया की विश्वसनी यता बनाए रखने के लिए हर आवश्यक कदम उ ठाए गए हैं।

# पुलिस भर्ती परीक्षा की प्रथम पाली में अनुपस्थित रहे 1043 परीक्षार्थी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उ.प्र. पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती हेतु 08 से 10 जून 2026 तक दो पालियों में सम्पन्न होने वाली की लिखित परीक्षा-2025 के प्रथम दिन जनपद के 11 परीक्षा केन्द्रों पर प्रथम पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3181 रही जबकि 1043 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3261 रही जबकि 963 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्रवार बात की जाये तो प्रथम पाली की परीक्षा में परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 175, आज़ाद इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 292, राजकीय बालिका इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 292, राजकीय इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 289, राजकीय पॉलीटेक्निक 384 के सापेक्ष 291, राजकीय पॉलीटेक्निक मोहम्मदनगर 240 के सापेक्ष 179, स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान पी.जी. कालेज 720 के सापेक्ष 554, महाराज सिंह इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 285, महिला पी.जी. कालेज 480 के सापेक्ष 368, तारा महिला इण्टर कालेज 240 के सापेक्ष 176, वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 289 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3190 रही जबकि 1034 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

## द्वितीय पाली में अनुपस्थित रहे परीक्षार्थियों की संख्या रही 963

परीक्षा केन्द्रवार बात की जाये तो द्वितीय पाली की परीक्षा में परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 188, आज़ाद इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 288, राजकीय बालिका इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 297, राजकीय इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 314, राजकीय पॉलीटेक्निक 384 के सापेक्ष 294, राजकीय पॉलीटेक्निक मोहम्मदनगर 240 के सापेक्ष 178, स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान पी.जी. कालेज 720 के सापेक्ष 545, महाराज सिंह इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 309, महिला पी.जी. कालेज 480 के सापेक्ष 369, तारा महिला इण्टर कालेज 240 के सापेक्ष 188, वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 291 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3261 रही जबकि 963 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

# डीआरएम साहब: गोंडा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रुकते ही पटरी पर उतर आते हैं अवैध वेंडर्स

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । रेलवे स्टेशन पर खानपान की सामग्री बेचने वाले वेंडर्स को किसी का डर नहीं है।स्थिति यह है कि प्लेटफार्म छोड़ पटरी उतर कर खानपान की सामग्री बेची जा रही है।रविवार की शाम को गोर खपुर की ओर से आई ट्रेन प्लेटफार्म पर न. एक पर रूकी। ट्रेन रूकते ही खानपान स्टाइल छोड़ कर दर्जनों से अधिक वेंडर अपने साथ खानपान का सामान लेकर पटरी पर कुद पड़े।इसके बाद पटरी पर ही खड़े होकर खान पान की सामग्री बेच ने लगे।कुछ वेंडर तो बिना वर्दी और बिना आई का र्ड के ही कोच में चले गए।करीब दस मिनट तक ट्रे क पर वेंडरों का हुजुम एकत्र रहा।ट्रेन रवाना होते ही प्लेटफार्म पर आई अन्य ट्रेन में सामान बेचने के लिए दौड़ पड़े।ऐसे में हादसा भी हो सकता है रेलवे स्टेशन पर वेंडर्स के कामकाज की निगरानी वे ची फ कमर्शियल इंस्पेक्टर को तैनात किया गया है, व हीं सुरक्षा के लिए आरपीएफ लगी हुई है लेकिन इ न वेंडर्स को किसी का डर नहीं है।आइए आपको गोंडा जंक्शन पर खानपान की व्यवस्था से वाकि फ कराते हैं।जंक्शन के तीनों प्लेटफार्मों पर यात्रि यों को दी जा रही खाद्य सामग्री का कोई मानक नहीं है।खुले में खाद्य सामग्री बिक रही हैं।उस पर मक्खियां भिनभिना रही हैं।बावजूद इसके यात्री यहां से खाद्य सामग्री लेकर खाने को विवश हैं। और तो और गंदगी के बीच ही खाद्य सामग्री भी तैयार की जा रही है,जिससे खाकर यात्री बीमार भी पड़ रहे हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।



गोंडा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक,दो व तीन पर करीब दो दर्जन से अधिक खानपान के स्टाल चल रहे हैं।इन स्टालों पर नियमतः खानपान की सामग्री को ढककर रखना चाहिए लेकिन यहां पर इसका कोई ध्यान नहीं रख रहा है।खुले में खानपान की सामग्री बिक रही है।उस पर मक्खियां बैठ रही हैं। ट्रैक के बीच में फैली गंदगी व गंदे पानी पर बैठकर इधर-उधर बैठने वाली मक्खियां बीमारी को बढ़ा वा दे रही हैं।यही नहीं,खान पान की गुणवत्ता को लेकर भी यात्री सवाल खड़े कर रहे हैं। किसी भी स्टाल पर जनता खाना नहीं मिल रहा है। गोरख धाम एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे अमित का कहना है कि गोंडा रेलवे स्टेशन का खाना कौन खाना चा ह रहा है लेकिन क्या करें मजबूरी है। पेट भरने के लिए कुछ तो खाना ही पड़ेगा।संजय का कहना है कि छोला तो बिल्कुल पानी जैसा मिलता है खाक र उल्टी हो जाए,लेकिन मुसीबत है अब क्या करें।

# एक्शन मोड में डीआईजी : कमान संभालते ही की जनसुनवाई, अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । नवागत आईपीएस अधिकारी अशोक कुमार शुक्ला ने रविवार देर शाम गोंडा स्थित देवीपाटन रेंज के पुलिस महानिरीक्षक का कार्यभार संभाल लिया है।वही 2010 बैच के अधिकारी श्री शुक्ला, केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए अमित कुमार पाठक के स्थान पर नियुक्त किए गए हैं।पुलिस महानिरी क्षक अशोक कुमार शुक्ला रविवार शाम करीब 6 बजे गोंडा रिजर्व पुलिस लाइन के अतिथि गृह पहुं च कर कार्यभार संभाला और रेंज कार्यालय में उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों,अधिकारियों और कर्म चारियों के साथ बैठक कर परिचय प्राप्त किया। डीआईजी ने सभी को जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्य करने का निर्देश दिया और गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच सहित चारों जिलों के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की है।अशोक कुमार शुक्ला तेज तर्रार आईपीएस अधिकारी माने जाते हैं अब तक के अपने कार्यकाल के दौरान 58 बद माशों को ढेर कर चुके हैं इसके साथ ही साथ पूर्व सपा मंत्री आजम खान पर भी रामपुर में एसपी र हते हुए बड़ी कार्रवाई की थी।वही पुलिस महानि रीक्षक ने




सोमवार को फरियादियों की शिकायतों की सुनवाई की।उन्होंने एक-एक कर सभी की बा त सहानुभूतिपूर्वक सुनी,और प्रत्येक प्रकर ण में संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण के नि र्देश दिए गए।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों पर समय से कार्रवाई सुनिश्चित की जा ए,जनता दर्शन के बाद डीआईजी अशोक कुमार क्षेत्र में निकले और भीड़भाड़ वाले इलाकों का दौ रा किया।उन्होंने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की तथा सघन चेकिं ग कराई।डीआईजी ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरी क्षण करते हुए अधिकारियों को सतर्कता एवं प्रभा वी निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए,उन्हों ने आरपीएफ एवं जीआरपी के अधिकारियों से बा तचीत कर रेलवे परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।डीआईजी के पह ले दिन के दौरे और क्षेत्र भ्रमण की चर्चा आम हो गई कि वे कार्यालय और फील्ड दोनों में माहिर हैं। वही पुलिस उप महानिरीक्षक मूल रूप से प्रयागरा ज के निवासी अशोक कुमार शुक्ला को एक सख्त एवं सक्रिय पुलिस अधिकारी के रूप में जाना जा ता है।इससे पहले वे दर्जनभर जिलों में सीओ, अप र पुलिस अधीक्षक एवं कप्तान के रूप में बेहतर कार्य कर चुके हैं।

# काशीपुर व वर्तारा में बीडीओ, एपीओ,और टीईए की तिकड़ी से मनरेगा योजना का बंटाधार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**करनैलगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत रेकसाडिया, बसेरिया,नकहरा,खजुरिया,डूडी, बेलहरी में भ्रष्टा चार पर मूकदर्शक बने हुए हैं खंडविकास अधिका री व एपीओ**

गोंडा । जिले के करनैलगंज ब्लॉक में जिम्मेदारों की मिलीभगत से मनरेगा योजना में फर्जी मस्टर रोल का खेल जारी है।सरकारी धन की बंदरबांट का आलम यह है कि मनरेगा श्रमिकों की हाजिरी घर घर जा कर फ़ेस रेटीना की जा रही है और अलग-अलग दिन और भिन्न-भिन्न कार्यों पर अपलोड की जा रही है।इतना बड़ा खेला होने के बाद भी जिम्मे दार अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं और प्रधान व रोजगार सेवक एवं कर्मचारी मनरेगा योजना का भट्ठा बैठाने में लगे हुए हैं।केंद्र व प्रदेश सरकार मन रेगा योजना में पारदर्शिता के लिए तमाम कायदे-कानून बना रखी है,जिससे श्रमिकों को गांव में ही काम मिल सके,परन्तु जिले की करनैलगंज विका स खंड की ग्राम पंचायत काशीपुर और वर्तारा के जिम्मेदार इस योजना में तमाम तरह के हथकंडे अपनाकर शासनादेश की धज्जियां उड़ाने से नहीं चूक रहे हैं। इन ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यों में चल रहे मस्टर रोल में अधिक मजदूरों की जगह बहुत ही कम मजदूर कार्य करते दिखाई दिए। इतना ही नहीं,हद तो यह है धरातल से ही फ़ेस रेटिं ना होना चाहिए और दोनों समय का फोटो अप लोड करनी होती है लेकिन यहां तो उसकी धज्जि यां उड़ाई जा रही है,फर्जी



मस्टर रोल के जरिए न सिर्फ सरकारी धन को चूना लगाया जा रहा है, बल्कि सरकार की मंशा पर पानी फ़ेरने का भी काम किया जा रहा है।वहीं ग्रामीणों की मानें तो गांव में कराए जा रहे कार्यों पर कुछ मनरेगा मजदू र ही कार्य करते हैं,बाकी मजदूर कागजों में दिखा ई देते हैं।ग्रामीणों के अनुसार, प्रधान द्वारा अपने स्वार्थ के लिए सैकड़ों की संख्या में मनरेगा योजना की लिस्ट में अपने चहेतों का नाम पहले से ही डल वा दिया गया है और उनके नाम पर भुगतान भी होता रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि अगर जिले के सम्बन्धित उच्चाधिकारी मनरेगा योजना के का र्यों का औचक निरीक्षण करें तो जमीनी सच्चाई खुद-ब-खुद सामने आ जाएगी। टीम गठित कर कराई जाएगी जांचः सीडीओ करनैलगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायतो में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधि कारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं,इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी दयानन्द प्रसाद से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्र ष्टाचार किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाए गा।उन्होंने कहा कि टीम गठित कर मनरेगा योज ना में भ्रष्टाचार की जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।

# रात का रक्त सर्वे तय करेगा फाइलेरिया के खिलाफ अगली रणनीति

**तीन ब्लॉकों के नौ गांवों में होगा सर्वे, रात 10 बजे से 2 बजे तक लिए जाएंगे रक्त नमूने**

**सीएमओ की अध्यक्षता में लैब टेक्नीशियनों को दिया गया प्रशिक्षण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जनपद में 9 से 17 जून तक नाइट ब्लड सर्वे (एनबीएस) संचालित किया जाएगा। इसकी तैयारियों के तहत अचल प्रशिक्षण केंद्र में सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय लैब टेक्नीशियनों (एलटी) का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में नमूना संग्रहण, स्लाइड निर्माण, जांच प्रक्रिया तथा रिपोर्टिंग संबंधी तकनीकी जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि नाइट ब्लड सर्वे के तहत जनपद के तीन विकास खंडों के नौ चयनित गांवों में रक्त नमूने लिए जाएंगे। प्रत्येक ब्लॉक में दो रैंडम और एक सेंटीनल गांव




का चयन किया गया है। नवाबगंज ब्लॉक के जमोघ, जमुनहा और गंगापुर, कैसरगंज ब्लॉक के कड़सर बिटौर, देवलखा और कुदौनी तथा तेजवापुर ब्लॉक के मैगला, भिरवा और चंदनापुर गांव सर्वे में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सर्वे के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर पहुंचकर लोगों की उंगली से रक्त की बूंद लेकर माइक्रोफाइलेरिया की जांच के लिए स्लाइड तैयार करेंगी। प्रशिक्षण के दौरान नोडल संचारी रोग डॉ. अनुराग वर्मा ने बताया कि फाइलेरिया रोग फैलाने वाले सूक्ष्म परजीवी (माइक्रोफाइलेरिया) दिन के समय शरीर की गहरी रक्त वाहिकाओं में रहते हैं और रात में सतही रक्त प्रवाह में सक्रिय हो जाते हैं। इसी कारण रक्त नमूने रात्रि 10 बजे से तड़के 2 बजे के बीच लिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि नाइट ब्लड सर्वे से किसी क्षेत्र में संक्रमण की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाता है। सर्वे के परिणामों के आधार पर यह तय किया जाता है कि आगामी चरण में किन क्षेत्रों में फाइलेरिया रोधी दवा वितरण और अन्य नियंत्रण गतिविधियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

सेंटीनल गांव वे गांव होते हैं जहां पहले फाइलेरिया संक्रमण पाया गया हो या जहां नियमित रूप से रोग की निगरानी की जाती है। इनके आंकड़े संक्रमण की प्रवृत्ति समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इंचार्ज जिला मलेरिया अधिकारी रामचेत यादव ने प्रशिक्षणार्थियों को सर्वे के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, स्लाइड निर्माण, अभिलेखों का रखरखाव और समयबद्ध रिपोर्टिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सर्वे की सफलता के लिए जनसहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है और लोगों को बिना किसी संकोच के जांच करानी चाहिए। इस अवसर पर फाइलेरिया इंस्पेक्टर विमल कुमार एवं रत्नेश कुमार, मलेरिया इंस्पेक्टर सतीश कुमार, बिंदिया रानी, अनिल गुप्ता, मुन्ना कुमार तथा तीनों विकास खंडों के लैब टेक्नीशियन उपस्थित रहे।

## सदर तहसील में अभिलेखों का मुआयना करते समय बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत

गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के सदर तहसील में सोमवार दोपहर अभिलेखों का मुआयना करने गए एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत हो गई है।मृतक की पहचान सीताराम पुरम कॉलोनी निवासी अनिल श्रीवास्तव पुत्र छोटेलाल श्रीवास्तव के रूप में हुई है।अनिल श्रीवास्तव सदर तहसील के प्रथम तल पर स्थित कमरा नंबर सोलह में अभिलेखागार में अभिलेखों का मुआयना कर रहे थे,तभी उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई।राजस्व कर्मियों ने तत्काल एसडीएम सदर और अन्य अधिकारियों को सूचना दी।सूचना मिलने पर नगर कोतवाल और नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे।उन्होंने अनिल श्रीवास्तव को अचेत अवस्था में पाया। नगर कोतवाली के पुलिस कर्मियों ने सीपीआर देकर उन्हें बचाने का प्रयास किया,लेकिन सीपी आर देने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद उन्हें तत्काल गोंडा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया और बताया कि उनकी मौत पहले हो चुकी थी।डॉक्टरों द्वारा अभी मौत का स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है।वही गोंडा सदर एसडीएम जितेंद्र कुमार गौतम ने घटना की पुष्टि की।उन्होंने बताया कि अनिल श्रीवास्तव अभिलेखों का मुआयना कर ने आए थे और तबीयत खराब होने पर उन्हें मेडि कल कॉलेज ले जाया गया।नगर कोतवाली पुलिस ने मृतक अनिल श्रीवास्तव के शव को कब्जे में ले कर परिजनों को सूचना दी।परिजनों के सामने ही पंचायतनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।गोंडा सदर तहसील प्रशासन औ र नगर कोतवाली पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## वाराणसी : गंगा नदी में बहकर आए शिवलिंग के दर्शन को जुटी भीड़, लोग कह रहे चमत्कार

वाराणसी । वाराणसी में डोमरी क्षेत्र के मोदी घाट पर सोमवार को गंगा नदी से निकले शिवलिंग के दर्शन के लिए भीड़ जुटी रही। दो फीट ऊंची शिवलिंग के दर्शन के लिए पहुंचें लोगों ने इसे चमत्कार बताया कि गंगा नदी में बहते हुए यह शिवलिंग मोदी घाट पर नाविकों को मिला है। दर्शन करने पहुंचे रामकृष्ण ने कहा कि डोमरी में शिवलिंग मिलने की जानकारी होने पर वह दर्शन के लिए आए हैं। मौके पर बने चबूतरा पर शिवलिंग रखा गया है और यहीं पर स्थानीय लोग दर्शन पूजन कर रहे हैं।

## दहेज हत्या मामले में पति को 10 वर्ष की सजा, 55 हजार रुपये का अर्थदंड

जौनपुर । यूपी के जौनपुर में दहेज के लिए विवाहिता की हत्या कर शव कुएं में फेंकने के चर्चित मामले में सोमवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रशांत कुमार सिंह की अदालत ने दोषी पति को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है अदालत ने दोषी पर 55 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है, जिसमें से आधी राशि मृतका की मां को प्रतिकर के रूप में दिए जाने का आदेश दिया गया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार मड़ियाहूं क्षेत्र के बारी गांव निवासी कमलावती ने अपनी पुत्री रेनू की शादी 21 नवंबर 2017 को रामपुर थाना क्षेत्र के भिऊरा गांव निवासी दिनेश पटेल के साथ की थी। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद ही पति एवं अन्य ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज के रूप में पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर विवाहिता को लगातार प्रताड़ित किया जाता था।

चार मार्च 2020 को विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के परिजनों को सूचना मिली कि उसकी हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया गया है। मौके पर पहुंचने पर परिजनों ने देखा कि पुलिस कुएं से शव निकालकर अपने कब्जे में ले चुकी थी।

# जनसमस्याओं को सुनकर उनका ससमय से करें निस्तारण

**जिलाधिकारी ने समाधान दिवस पर दिए निर्देश, सम्पूर्ण समाधान में 169 शिकायतों में से 15 का मौके पर किया गया निस्तारण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में तहसील मनकापुर में स्थित सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ।जिलाधिकारी ने स म्पूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की समस्या ओं को सुनकर उनके ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशानुरूप आम जनमानस के साथ अच्छा व्यवहार करें और उनके प्रति संवेदन शील रहे।आईजीआरएस में आ रही शिकायतों का गंभीरतापूर्वक ससमय निस्तारण किया जाये।उन्हों ने कहा कि जिस शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण किया जाए उससे





दूरभाष पर वार्ता कर यह भी पूछा जाए कि वह इस शिकायत के निस्ता रण से संतुष्ट है या नहीं।समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि पेंशन के मामलों जांच कर नियमानुसार पात्र व्यक्तियों को पेंशन देने में वि लम्ब न किया जाए।सम्पूर्ण समाधान दिवस में स ड़क,आवास,विद्युत,भूमिए कृषि,राजस्वए चकबन्दी आदि विभागों से संबंधित 169 शिकायते प्राप्त हु ई है जिसमे मौके पर 15 शिकतों का मौके पर नि स्तारण किया गया है।वही संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता अरुण कुमार पाठक निवा सी गढ़ी विद्यानगर मोतीगंज ने शिकायत की है कि ग्राम सभा की गाटा संख्या 150 खलिहान की सुर क्षित भूमि है जिस पर गांव के ही सुरेश तिवारी व अन्य के द्वारा अवैध रूप से कब्जा करके दो मंजि ल मकान बना लिया है जिसका व्यावसायिक कार्य किया जा रहा है जिसे में संज्ञान लेते हुए जिलाधि कारी ने नायब तहसीलदार सुभद्रा प्रसाद को निर्दे श दिए हैं की मौके का स्थलीय जांच करके नियमा नुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है, सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रभागीय वनाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी,उपजिलाधिकारी मन कापुर अवनीश त्रिपाठी,प्रभारी तहसीलदार सुभद्रा प्रसाद,परियोजना निदेशक डीआरडीए सुशील कु मार पांडेय,जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी,तथा अन्य विभागों के सम्बंधित अधि कारीगण मौजूद रहे।

# डीएम और एसपी ने पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित नागरिक पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने परीक्षा के प्रथम दिवस जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, अभ्यर्थियों की जांच प्रक्रिया तथा निगरानी व्यवस्था का गहन निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज व रणन्जय इंटर कॉलेज गौरीगंज का भ्रमण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश की व्यवस्था का अवलोकन करते हुए निर्देश दिया कि प्रत्येक अभ्यर्थी की सघन तलाशी एवं हैण्ड हेल्ड मेटल डिटेक्टर (एचएचएमडी) से जांच के उपरांत ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश सुनिश्चित किया जाए, जिससे परीक्षा की गोपनीयता एवं निष्पक्षता बनी रहे। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों के बाहर तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया कि केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने दी जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा जाय। सड़क किनारे खड़े वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा कराने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर स्थापित सुरक्षा व्यवस्थाओं, प्रवेश द्वारों, बैरिकेडिंग तथा निगरानी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कंट्रोल रूम में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता के साथ परीक्षा केंद्रों की लगातार निगरानी करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिये सभी व्यवस्थाओं पर बारीकी से नजर रखी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप भर्ती परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुरक्षा के साथ संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा बल, निगरानी व्यवस्था एवं प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए पुलिस विभाग द्वारा व्यापक सुरक्षा प्रबंध किये गये हैं। सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं अधिकारी तैनात हैं तथा संवेदनशील बिंदुओं की विशेष निगरानी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि जनपद अमेठी में उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा कुल बारह परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है तथा वरिष्ठ अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं।

# घर से शौच के लिये निकले बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या, पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का निरीक्षण कर मातहतों को दिशा निदेश दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी,थाना जगदीशपुर क्षेत्र के गांव लोढ़ियांवा में सोमवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब घर से शौच के लिये निकले एक बुजुर्ग की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। गोलियों की तड़तड़ाहट से गांव में सनसनी फैल गई और आम जनमानस में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। इस हत्याकांड की खबर मिलते ही पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर मातहतों को दिशा निर्देश दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव लोढ़ियावा निवासी हीरालाल द्विवेदी सोमवार की सुबह करीब पांच बजे घर से खेत की ओर गये थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने उन्हें गोली मार दी। गोली लगने के बाद गम्भीर रूप से घायल बुजुर्ग को परिजन तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुजुर्ग हीरालाल द्कीविवेदी की मौत की खबर सुनते परिजनों में कोहराम मच गया और सबका रो रोकर बुरा हाल रहा। ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है।घटना की सूचना मिलते ही जगदीशपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी एवं सीओ अतुल कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाये तथा परिजनों व ग्रामीणों से पूंछतांछ की। पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने तथा आरोपियों की पहचान के लिये जांच में जुटी हुई है।

# माता भगवती देवी जी के जन्मशताब्दी वर्ष पर गायत्री परिवार ने लगाया रक्तदान शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा रविवार को गोमती ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जहां 60 युवाओं ने गायत्री परिवार की माता भगवती देवी जी को समर्पित करते हुए रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ डॉ आरए वर्मा, डॉ सुभाष, पल्लवी वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजन के साथ किया।

डॉ सुभाष ने कहा कि गायत्री परिवार द्वारा माता भगवती जी को श्रद्धांजलि देने के लिए युवाओं द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन सराहनीय है। डॉ आरए वर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान है युवाओं को रक्तदान से जुड़कर जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। जिला समन्वयक डॉ सुधाकर सिंह ने सभी का धन्यवाद दिया। रक्तदान प्रभारी अभिषेक सिंह ने बताया कि गायत्री परिवार द्वारा आगामी रक्तदाता दिवस के दिन भी एक बड़ा शिविर मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर में आयोजित किया जाएगा। रक्तदानियों में कवि पांडेय, राकेश प्रताप सिंह, सरजू वानप्रस्थि, रवि सोनी, अजय, डॉ आशुतोष, डॉ अरुणिमा सिंह, अंकित पाण्डेय, वंदना, गौरव सिंह, डॉ शिवम शुक्ला, अनुराग श्रीवास्तव, अम्बरीश कौशल, अनुज, राहुल, बृजेश यादव, मोफीद, डॉ विपिन, सचिन, सौरभ, आर के पांडेय ,विजय कुमार, आदि रहे। मौके पर डॉ एस के गोयल, संदीप सिंह बिट्टू, सच्चिदानंद सिंह, लाल जी वर्मा, गुड्डू सिंह, डॉ पिंकू मिश्रा, प्रदीप कुमार, सतीश आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

# ग्रेट निकोबार बचाओ अभियान अंतर्गत कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

**केंद्र सरकार पर कसा तंज**

**प्रकृति के विनाश की कीमत पर विकास स्वीकार नहीं – अभिषेक सिंह राणा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सोमवार को विकास भवन गेट के सामने स्थित राजीव गांधी तिकोनिया पार्क के बाहर ग्रेट निकोबार बचाओ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा आम नागरिकों ने भाग लेकर अभियान के समर्थन में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ग्रेट निकोबार द्वीप केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि भारत की प्राकृतिक संपदा, जैव विविधता और आदिवासी संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार कॉर्पोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए पर्यावरणीय नियमों को दरकिनार कर रही है और देश की अमूल्य प्राकृतिक धरोहर को विनाश के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। राणा ने कहा कि हजारों हेक्टेयर जंगलों की कटाई, दुर्लभ वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों का विनाश और स्थानीय समुदायों के अधिकारों की अनदेखी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि सरकार विकास के नाम पर प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रही है, जबकि वास्तविक विकास वही है जो पर्यावरण संरक्षण और जनहित के साथ संतुलन बनाकर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि आज ग्रेट निकोबार संकट में है, कल देश के अन्य वन क्षेत्र और प्राकृतिक संसाधन भी इसी तरह के खतरों का सामना करेंगे। यह लड़ाई केवल एक द्वीप को बचाने की नहीं, बल्कि देश के पर्यावरण, जलवायु, जंगल, जमीन और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने की लड़ाई है। कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर प्राकृतिक संसाधनों की लूट और पर्यावरण के विनाश को स्वीकार नहीं करेगी। यदि सरकार ने अपनी नीतियों पर पुनर्विचार नहीं किया तो कांग्रेस जनता के साथ मिलकर सड़क से लेकर सदन तक व्यापक जनांदोलन चलाने को बाध्य होगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि ग्रेट निकोबार केवल एक द्वीप नहीं, बल्कि देश की प्राकृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली योजनाओं पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए तथा विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखना समय की मांग है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने हस्ताक्षर कर ग्रेट निकोबार के संरक्षण के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। कांग्रेसियों ने अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान से जुड़ने और पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की है। इस अवसर कृष्ण कुमार मिश्रा, हरीश त्रिपाठी, ओम प्रकाश सिंह, पवन गौतम, आवेश अहमद, रणजीत सिंह सलूजा, सलाहुद्दीन हाशमी, संतोष वर्मा, आर बी पांडे, अपरबल सिंह, अवधेश गौतम, सोहेल अहमद, श्याम लगन कोरी, राम किशोर, धर्मराज मिश्रा, देवेंद्र तिवारी, इन्द्रकेश शर्मा, देवेंद्र श्रीवास्तव, अरविंद त्रिलोकचंदी, मोहसिन सलीम समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# हज़रत बन्ने मियाँ उर्स के मौके पर हुई लंगरदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। देहात क्षेत्र के मोहल्ला खानकाह में स्थित हज़रत बन्ने मियाँ का सालाना उर्स बड़े ही हर्षोल्लास और अकीदत के साथ मनाया गया। उर्स के मौके पर सुबह से ही दूर-दूर से जायरीनों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। दरगाह पर चादरपोशी कर सभी ने मुल्क में अमन-चैन की दुआ मांगी। उर्स के मौके पर जायरीनों के लिए लंगर का भी विशेष इंतजाम किया गया था। देर शाम तक सैकड़ों लोगों ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में कव्वाली और नात शरीफ का भी आयोजन हुआ, जिसमें कलाकारों ने सूफियाना कलाम पेश किए।इस मौके पर मोहम्मद राशिद साबरी, वार्ड 11 से संभावित जिला पंचायत सदस्य, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा आसिफ खान, नफीस अहमद, मंसूर अली, रियासत खान, मुन्ना खान, अतीक खान, बाबू खान बीडीसी वार्ड 14, शिबू खान, जावेद अंसारी, शकील फर्नीचर वाले, बबलू, नदीम इदरीशी, सरताज, पप्पू, शरीफ, मन्ना, जावेद, मुमताज सहित सैकड़ों जायरीन मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि हज़रत बन्ने मियाँ का उर्स हर साल आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। यहां सभी धर्मों के लोग श्रद्धा के साथ आते हैं।

# समाज, शिक्षा, संस्कृति एवं भूमि अधिकारों के लिए व्यापक अभियान चलाएगी ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफ़ेयर काउंसिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफ़ेयर काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंह जग्गी ने कहा कि संगठन समाज, शिक्षा, संस्कृति, युवा सशक्तिकरण, नशामुक्ति, स्वास्थ्य एवं जनहित के विभिन्न विषयों पर व्यापक स्तर पर कार्य करेगा। संस्था का उद्देश्य केवल सिख समाज तक सीमित नहीं है, बल्कि पंजाबी संस्कृति, सामाजिक समरसता तथा राष्ट्र निर्माण के मूल्यों को सशक्त करना भी है।उन्होंने कहा कि सिख एवं पंजाबी हिंदू समाज एक ही सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के अभिन्न अंग हैं तथा दोनों समुदायों के बीच एकता और भाईचारे को मजबूत करना संगठन की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। साथ ही पंजाबी भाषा एवं गुरमुखी लिपि के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि तराई क्षेत्र में बसे पश्चिमी पंजाब वर्तमान पाकिस्तान से आए सिख-पंजाबी परिवारों के भूमि अधिकारों का विषय लंबे समय से लंबित है। इस समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकार, केंद्र सरकार एवं संबंधित विभागों के समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ एवं मंत्री श्री बलदेव सिंह औलख इस दिशा में गंभीर प्रयास कर रहे हैं तथा संगठन भी संबंधित अधिकारियों एवं मंत्रियों से संपर्क करेगा।

उन्होंने कहा कि ट्रांस शारदा क्षेत्र एवं नेपाल सीमा से लगे इलाकों में बढ़ता नशा युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती है। संस्था नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों का समर्थन करती है तथा समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए भी कार्य करेगी। हरपाल सिंह जग्गी ने बताया कि जून 2026 के अंतिम सप्ताह में बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले सिख एवं पंजाबी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही उनके लिए करियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक युवा प्रतिष्ठित सेवाओं में अपना स्थान बना सकें।उन्होंने जनपद पीलीभीत के जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकृति माधव द्वारा जनहित एवं कानून व्यवस्था के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा वन्यजीवों द्वारा हो रही जनहानि एवं किसानों को हो रहे नुकसान पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

सम्भल बहजोई कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती लिखित परीक्षा–2025 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज परीक्षा के द्वितीय सत्र में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने सम्भल नगर स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि उक्त लिखित परीक्षा 08, 09 एवं 10 जून 2026 को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजकीय महाविद्यालय सम्भल, जेड.यू. इण्टर कॉलेज सम्भल तथा एम.जी.एम. डिग्री कॉलेज सम्भल का भ्रमण किया।
निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, अभ्यर्थियों की प्रवेश एवं चेकिंग व्यवस्था, यातायात एवं पार्किंग प्रबन्धन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। इसके उपरान्त जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील सम्भल के ग्राम सौंधन मोहम्मदपुर स्थित ऐतिहासिक कारवां सराय के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा जीर्णोद्धार किए गए प्रवेश द्वार का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रवेश द्वार के आसपास परिसर में निवास कर रहे भूमिहीन परिवारों को यहाँ से अन्य स्थान पर बसाने के लिए पट्टा आवंटन की कार्यवाही नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन व्यक्तियों के पास अन्य स्थानों पर आवास उपलब्ध हैं तथा इसके बावजूद वे परिसर की भूमि पर कब्जा किए हुए हैं, वे शीघ्र ही परिसर को खाली करना सुनिश्चित करें, जिससे ऐतिहासिक धरोहर का संरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण प्रभावी रूप से किया जा सके। इस अवसर पर तहसीलदार धीरेन्द्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार दीपक कुमार जुरैल तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशन की टंकी में कथित लीकेज, ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। दुबेपुर ब्लॉक स्थित भाईं गांव में जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पानी की टंकी में कथित लीकेज का मामला सामने आया है। टंकी से पानी रिसाव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि टंकी से पिछले कई महीनों से लगातार पानी बह रहा है, जिससे प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पानी बर्बाद हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार समस्या की जानकारी संबंधित अधिकारियों को पहले भी दी गई थी, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं कराया गया। टंकी पर तैनात गार्ड ने भी दावा किया है कि पानी रिसाव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। उसका आरोप है कि हाल में निरीक्षण के लिए पहुंचे अधिकारियों के समक्ष वास्तविक स्थिति पूरी तरह नहीं रखी गई। ग्रामीणों के मुताबिक मामले की जांच के लिए जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों ने दौरा किया था। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि निरीक्षण के दौरान टंकी की वास्तविक स्थिति पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा यदि निर्माण कार्य में लापरवाही या तकनीकी खामी पाई जाए तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही टंकी की शीघ्र मरम्मत कर पानी की बर्बादी रोकने की मांग भी उठाई गई है।

## परचून की दुकान पर सामान खरीदने को लेकर विवाद, बांके से हमला करने का आरोप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना घुंघचाई क्षेत्र के गांव पुन्नापुर टांडा में परचून की दुकान पर सामान खरीदने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है गांव निवासी हरिपाल पुत्र सियाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 7 जून 2026 की रात करीब 10 बजे गांव का ही अनिल कुमार पुत्र जसवंत उसकी परचून की दुकान पर सामान खरीदने आया था इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी होने लगी आरोप है कि समझाने का प्रयास करने पर अनिल कुमार गाली–गलौज पर उतर आया पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने बांके से हमला कर दिया, जिससे उसके चेहरे पर चोटें आईं शोर–शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच–बचाव कराया आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया घटना के बाद पीड़ित ने थाना घुंघचाई पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। इसी क्रम में जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह एवं पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाएं, विद्युत आपूर्ति एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। साथ ही केन्द्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को परीक्षा की गोपनीयता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने परीक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती भी सुनिश्चित की गई है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन कराने तथा अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए। जनपद प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

## तालाब पर कब्जे का आरोप, पैमाइश में खानापूर्ति से भड़के ग्रामीण

सुलतानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत रैंचा में तालाबी भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद राजस्व विभाग ने मामले में गंभीरता नहीं दिखाई और पैमाइश के नाम पर केवल खानापूर्ति कर दी गई। गांव निवासी अनिल कुमार यादव ने जिलाधिकारी को भेजी शिकायत में कहा है कि तालाब गाटा संख्या 1477 (ख) की भूमि पर गांव के ही कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है।शिकायत के बाद जिलाधिकारी ने तत्काल जांच और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे, लेकिन शिकायतकर्ता का आरोप है कि मौके पर पहुंची राजस्व टीम ने पूरे तालाब की पैमाइश करने के बजाय केवल एक स्थान पर फीता रखकर औपचारिकता पूरी कर ली। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब की वास्तविक सीमा का निर्धारण किए बिना ही जांच समाप्त कर दी गई, जिससे कब्जे की सही स्थिति सामने नहीं आ सकी। आरोप है कि राजस्व विभाग की इस कार्यप्रणाली से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं और सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने की मंशा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है।

## सम्पादकीय

# हैरानीजनक है तृणमूल में बिखराव

लगातार 15 साल शासन के बाद ममता बनर्जी की चुनावी पराजय से भी ज्यादा चौंकाने वाला उनकी तृणमूल कंग्रेस में बिखराव है। 2021 के विधानसभा चुनाव में 294 में से 215 और फिर 2024 के लोकसभा चुनाव में 42 में से 29 सीटें जीतने वाली तृणमूल इस बार विधानसभा में 80 पर सिमट जाएगी, ऐसा किसने सोचा था? बेशक चुनाव में बड़े उलटफ़ेर पहले भी देखे गए हैं। भारतीय राजनीति की 'लौह महिला' इंदिरा गांधी 1977 में प्रधानमंत्री रहते हुए लोकसभा चुनाव हारीं और पहली बार कांग्रेस केंद्र की सत्ता से बेदखल हो गई। 2009 में 206 सीटें जीतने वाली कांग्रेस 2014 के लोकसभा चुनाव में 44 पर सिमट गई। इसलिए कांग्रेस छोड़ अपनी तृणमूल बना कर 2011 में 34 साल पुराने वाम मोर्चा शासन को उखाड़ फैंकने वाली ममता का सत्ता के साथ ही खुद भी चुनाव हार जाना अनहोनी घटना नहीं है। दरअसल हार से भी ज्यादा हैरानीजनक है तृणमूल में विभाजन और जन आक्रोश। विधानसभा चुनाव में तृणमूल का 'गुंडा राज' बड़ा मुद्दा था, मतदाताओं ने जिसकी समाप्ति के लिए जनादेश दिया है, न कि चेहरे बदलने के लिए। तृणमूल कांग्रेस नेताओं ने भ्रष्टाचार से ले कर हिंसा तक जो कुछ भी गलत किया, कानून सम्मत प्रक्रिया से उसकी कठोर सजा उन्हें मिलनी ही चाहिए, लेकिन कानून व्यवस्था बनाए रखना सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है, जिससे मुंह नहीं चुराया जा सकता। चार मई को विधानसभा चुनाव परिणाम आने के साथ ही तृणमूल में बड़ी टूट की आशंका भी जताई जाने लगी थी। ममता की तृणमूल को नकार कर मतदाताओं ने 'सोनार बांग्ला' बनाने की जिम्मेदारी भाजपा को सौंपी है, जिसके निर्वाह का दायित्व सुवेंदु अधिकारी को दिया गया है। जाहिर है, भाजपा के 'वादे-इरादे' सुवेंदु सरकार के कामकाज की कसौटी पर ही कसे जाएंगे लेकिन तृणमूल कांग्रेस में अप्रत्याशित बिखराव कई सवाल खड़े करता है, जिसके कुछ जरूरी सबक भी हैं। मसलन, राज्य-दर-राज्य रेखांकित हो रहा है कि क्षेत्रीय दल वस्तुतः परिवार विशेष की जागीर होते हैं, जिनकी सफलता की कसौटी सिर्फ सत्ता होती है। सत्ता जाते ही इनकी प्रासंगिकता पर सवालिया निशान लगने लगते हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की सबसे बड़ी योग्यता-प्रतिभा यही है कि वह दिवंगत मुलायम सिंह यादव के बेटे हैं, जिन्होंने खुद जनादेश हासिल कर उन्हें अपने जीवनकाल में ही मुख्यमंत्री बना दिया। बसपा सुप्रीमो मायावती भी राजनीतिक उत्तराधिकार के लिए भतीजे आकाश से आगे नहीं देख पाईं तो वही कहानी ममता बनर्जी की है। कई-कई बार इतने बड़े राज्यों पर शासन करने वाले दल में परिवार से बाहर और कोई योग्य उत्तराधिकारी ही नहीं मिला, इस पर कौन विश्वास करेगा? माया ने आकाश को चुना तो तमाम दिग्गजों को बाहर का रास्ता देखना पड़ा और जब ममता ने अभिषेक को आगे बढ़ाया तो बगावत करने वाले सुवेंदु ने आखिरकार भाजपाई बन कर सत्ता ही छीन ली। दरअसल तृणमूल में बगावत के मूल में जो भी ज्ञात-अज्ञात कारण हों, यह तो साफ है कि ममता की बजाय नाराजगी अभिषेक से ज्यादा है। चुनाव प्रचार के दौरान अभिषेक बनर्जी की भाषा किसी राजनेता की बजाय क्षेत्रीय बाहुबली की ज्यादा नजर आई। वह सरेआम डायमंड हार्बर मॉडल तोडने की चुनौती देते दिखे, पर नतीजों ने बता दिया कि जब मतदाता ठान ले तो कोई मॉडल नहीं टिक पाता। छात्र जीवन से राजनीति शुरू कर अपने दम पर यहां तक पहुंचीं इतनी अनुभवी ममता भी उस सत्ता मद से नहीं बच पाईं! 15 साल की सत्ता विरोधी भावना और भाजपा के मुकाबले 80 विधानसभा सीटों को सम्मानजनक भी मान लें तो रितब्रत बनर्जी के नेतृत्व में 58 विधायकों की बगावत को क्या कहें? अब वैसी ही बगावत की आशंका 29 लोकसभा सांसदों में भी जताई जा रही है।

# भारत के लिए भारतीय जीवन शैली

**अमेरिकी विद्वान ब्लूमफील्ड ने अथर्ववेद का अनुवाद किया और पृथ्वी सूक्त की प्रशंसा की पृथ्वी ऊंची है, ढलान और मैदान भी हैं। यह वनस्पतियों का आधार है और बहुविधि कृपालु है। पृथ्वी सूक्त के कवि अथर्वा हैं। अथर्वा कहते हैं पृथ्वी का गुण गंध है। यह गंध सबमें है, वनस्पतियों में है। यह पृथ्वी संसार की धारक व संरक्षक है। वह पर्जन्य की पत्नी है। यह विश्वम्भरा है। पृथ्वी पर जन्मे सभी प्राणी दीर्घायु रहें। हम माता पृथ्वी को कष्ट न दें। यह माता है। पृथ्वी, जल, वनस्पतियों, सभी जीव पर्यावरण चक्र के घटक हैं और जीवन के संरक्षक भी। इनमें वायु महत्वपूर्ण हैं। ऋग्वेद का ऋषि (ऋ0 1.90.6) कवि वायु को ही प्रत्यक्ष ब्रह्म या ईश्वर बताता है त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रह्म असि। वायु प्राण है। वायु से आयु है। विश्व पर्यावरण के सूत्र भारत की ही धरती पर खोजे गए थे। शुद्ध पर्यावरण ही जीवन का आधार है। भारत के जनगणमन की प्राचीन संवेदनशीलता के खो जाने के कारण आज का भारत भूमण्डलीय ताप के खतरे में संवेदनशील है। पुरातन के गर्भ से युगानुकूल अधुनातन का विवेक चाहिए। विकास की भारतीय परिभाषा के सूत्र भी इसी में हैं। पर्यावरण का असंतुलन विश्व विनाश की आहट है। पृथ्वी अशांत है, भूस्खलन और भूकम्प है। वायु अशांत है, आंधी और तूफान है। जल अशांत है, बाढ़, अतिवृष्टि। अनावृष्टि के कोप हैं। वन उपवन अशांत हैं। अपनी प्राण रक्षा करें तो कैसे करें। सभी जीव अशांत हैं। पक्षी कहां रैन बसेरा बनाएं? यजुर्वेद (यजु 36.17) के कवि ऋषि ने सहस्त्रों वर्ष पहले अभिलाषा की थी अंतरिक्ष शांत हो। पृथ्वी शांत हो। वायु और जल शांत हों। वनस्पतियां औषधियां शांत हों। सर्वत्र सबकुछ शांत प्रशांत हों। यह ऋषि कवि संभवतः भविष्य का ताप उत्ताप देख रहा था। उसने शांतिपाठ के माध्यम से भरतजनों का मार्ग दर्शन किया था। विश्वबैंक आदि संस्थाओं के आकलन भी ऐसे ही आते हैं लेकिन दोनों में आधारभूत अंतर है। ऋषि के सामने जीडीपी गिरावट की समस्या नहीं थी। वह संपूर्ण विश्व का आनंद अभ्युदय ही देख रहा था। मूलभूत प्रश्न है कि आखिरकार क्या वन उपवन उजाड़ कर, कंक्रीट के महलों से प्राणवायु, रस या गंध का आनंद ले सकते हैं?**

पृथ्वी व्यथित है। पृथ्वी की व्यथा को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी तमाम प्रयास हुए। परसों अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस का आयोजन हुआ। पृथ्वी के अंगभूत जल, वायु, वनस्पति और सभी प्राणी आधुनिक जीवनशैली के हमले के शिकार हैं। पृथ्वी असाधारण संरचना है। ऋग्वेद के अनुसार वह पर्वतों का भार वहन करती है। वन वृक्षों का आधार है। वही वर्षा करती है। वह बड़ी और दृढ़ है। प्रकाशवान है। अमेरिकी विद्वान ब्लूमफील्ड ने अथर्ववेद का अनुवाद किया और पृथ्वी सूक्त की प्रशंसा की पृथ्वी ऊंची है, ढलान और मैदान भी हैं। यह वनस्पतियों का आधार है और बहुविधि कृपालु है। पृथ्वी सूक्त के कवि अथर्वा हैं। अथर्वा कहते हैं पृथ्वी का गुण गंध है। यह गंध सबमें है, वनस्पतियों में है। यह पृथ्वी संसार की धारक व संरक्षक है। वह पर्जन्य की पत्नी है। यह विश्वम्भरा है। पृथ्वी पर जन्मे सभी प्राणी दीर्घायु रहें। हम माता पृथ्वी को कष्ट न दें। यह माता है। पृथ्वी, जल, वनस्पतियों, सभी जीव पर्यावरण चक्र के घटक हैं और जीवन के संरक्षक भी। इनमें वायु महत्वपूर्ण हैं। ऋग्वेद का ऋषि (ऋ0 1.90.6) कवि वायु को ही प्रत्यक्ष ब्रह्म या ईश्वर बताता है त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रह्म असि। वायु प्राण है। वायु से आयु है। विश्व पर्यावरण के सूत्र भारत की ही धरती पर खोजे गए थे। शुद्ध पर्यावरण ही जीवन का आधार है। भारत के जनगणमन की प्राचीन संवेदनशीलता के खो जाने के कारण आज का भारत भूमण्डलीय ताप के खतरे में संवेदनशील है। पुरातन के गर्भ से युगानुकूल अधुनातन का विवेक चाहिए। विकास की भारतीय परिभाषा के सूत्र भी इसी में हैं। पर्यावरण का असंतुलन विश्व विनाश की आहट है। पृथ्वी अशांत है, भूस्खलन और भूकम्प है। वायु अशांत है, आंधी और तूफान है। जल अशांत है, बाढ़, अतिवृष्टि। अनावृष्टि के कोप हैं। वन उपवन अशांत हैं। अपनी प्राण रक्षा करें तो कैसे करें। सभी जीव अशांत हैं। पक्षी कहां रैन बसेरा बनाएं? यजुर्वेद (यजु 36.17) के कवि ऋषि ने सहस्त्रों वर्ष पहले अभिलाषा की थी अंतरिक्ष शांत हो। पृथ्वी शांत हो। वायु और जल शांत हों। वनस्पतियां औषधियां शांत हों। सर्वत्र सबकुछ शांत प्रशांत हों। यह ऋषि कवि संभवतः भविष्य का ताप उत्ताप देख रहा था। उसने शांतिपाठ के माध्यम से भरतजनों का मार्ग दर्शन किया था। विश्वबैंक आदि संस्थाओं के आकलन भी ऐसे ही आते हैं लेकिन दोनों में आधारभूत अंतर है। ऋषि के सामने जीडीपी गिरावट की समस्या नहीं थी। वह संपूर्ण विश्व का आनंद अभ्युदय ही देख रहा था। मूलभूत प्रश्न है कि आखिरकार क्या वन उपवन उजाड़ कर, कंक्रीट के महलों से प्राणवायु, रस या गंध का आनंद ले सकते हैं? ऐसे टिकाऊ विकास में हम टिकाऊ नहीं हैं। हमारा जीवन क्षणभंगुर और विकास टिकाऊ? दुनिया विकास के नाम पर ही नष्ट होने के कगार पर है। विकास की परिभाषा क्या है? क्या हम प्राणलेवा विषभरी वायु में मर जाने के बदले विकास चाहते हैं? क्या हम विकास के नाम पर औद्योगिक कचरे के आर्सेनिक, लेड आदि रसायनों से भरे पानी को पीने के लिए विवश है? साल 2005 में संयुक्त राष्ट्र का सहस्त्राब्दी पर्यावरण आकलन- मिलेनियम इको सिस्टम ऐसेसमेन्ट आया था। इसके अनुसार पृथ्वी के प्राकृतिक घटक अव्यवस्थित हो गए हैं। दुनिया की प्रमुख नदियों में पानी की मात्रा घट रही है। रिपोर्ट में चीन की येलो, अफ्रीका की नील और उत्तरी अमेरिका की कोलराडो नदियों में पानी घटने का उल्लेख था। गंगा-यमुना आदि नदियां जलहीन हो रही हैं। पक्षियों की अनेक प्रजातियों नष्ट हो चुकी हैं। जैव विविधता जलवायु का आधार है। अनेक जीव प्रजाति नष्ट हो चुके हैं। इस रिपोर्ट के पहले 2000 ई0 में पेरिस में 'अर्थचार्टर कमीशन' ने पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण के 22 सूत्र निकाले थे लेकिन परिणाम शून्य रहा। पृथ्वी की ताप बढ़त को अधिकतम 2 डिग्री सेल्सियस तक रोकने पर भी सहमति बनी। बीते 150 वर्ष में 0.80 सेल्सियस की वृद्धि पहले हो चुकी है। वाहन बढ़े हैं। खतरनाक गैसे बढ़ी हैं। वन क्षेत्र घटा है। साल 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने टिकाऊ विकास के 17 सूत्र लक्ष्य तय किये थे। पर्यावरण भी इनमें महत्वपूर्ण सूत्र है। बदलते भूमण्डलीय ताप ने दक्षिण एशिया को कुप्रभावित किया है। भारत इसी क्षेत्र का प्रमुख हिस्सा है। विश्वबैंक की रिपोर्ट आई है। दक्षिण एशियाई हाट स्पाटः तापमान के प्रभाव और जीवर स्तर का परिवर्तन शीर्षक की रिपोर्ट के अनुसार जलवायु परिवर्तन से 2050 तक भारत की जीडीपी को 2.8 प्रतिशत की क्षति हो सकती है। रिपोर्ट का मन्तव्य साफ है। बढ़ते तापमान से ऋतु चक्र अव्यवस्थित होगा। कहीं बाढ़ तो कहीं सूखा होगा। सूखा, बाढ़ और तूफान बढ़ सकते हैं। कृषि को नुकसान होगा। मानव जीवन अव्यवस्थित होगा। एनएसबीसी बैंक ने भी दक्षिण एशिया में भारत को सबसे ज्यादा नुकसान वाला क्षेत्र बताया था। बांग्लादेश व पाकिस्तान को कम क्षति वाले क्षेत्र बताए गए थे। रिपोर्ट में उत्तरी, उत्तर पश्चिम के क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के प्रति सर्वाधिक संवेदनशील बताए गए थे। भारत जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों की गिरफ्त में है, बावजूद इसके हम भारत के लोग अपनी जीवनशैली में बदलाव को तैयार नहीं हैं। हम परंपरागत प्राकृतिक स्वाभाविक जीवनशैली से दूर हैं। वैदिक भारत के लोगों की जीवनशैली पर्यावरण प्रेमी थी। तब यही भारत जलवायु और पर्यावरण संरक्षण का अति संवेदनशील भूखण्ड था। धरती से लेकर आकाश तक पर्यावरण की शुद्धता भारत की बेचैनी थी। विश्व इतिहास में पृथ्वी और जल को माता बताने की घोषणा ऋग्वेद के पूर्वजों ने की। उन्होंने पृथ्वी को माता और आकाश को पिता कहा। अथर्ववेद के कवि ऋषि ने 'मात भूमिः पुत्रो अहम् पृथिव्या' की घोषणा की थी। ऋग्वैदिक समाज ने वर्षा के इन्द्र, वरूण आदि कई देवता थे। लेकिन पर्जन्य नाम के वर्षा देव निराले हैं। वे प्रकृति की अनेक शक्तियों से भरे-पूरे हैं। समूचे जल प्रपंच के देव है पर्जन्य। ऋग्वेद (1.164) बताते हैं सत्कर्म से समुद्र का जल ऊपर जाता है। वाणी जल को कंपन देती है। पर्जन्य वर्षा लाते हैं। भूमि प्रसन्न होती है। यहां वर्षा पर्जन्य की कृपा है। आकाश पिता हैं। उनका रस पर्जन्य है। पर्जन्य वस्तुतः ईकोलाजिकल साईकिल-पर्यावरण चक्र हैं। तभी तो वे मंत्रों स्तुतियों से ही प्रसन्न नहीं होते। वे पृथ्वी, जल, वायु नदी, वनस्पति और कीट पतिंग सहित सभी प्राणियों के संरक्षण से ही प्रसन्न होते हैं। पर्यावरण के सभी घटकों का संरक्षण ऋग्वैदिक जीवन का सीधा सूत्र है। हम संस्कृति और परम्परा को पिछड़ा बताते हैं, आयातित जीवनशैली को आधुनिक कहते हैं। अपनी प्राचीनता के भीतर से आधुनिकता का विकास नहीं करते। वृक्ष वनस्पतियां पृथ्वी परिवार के अंग हैं। वृक्ष कट रहे हैं। वन क्षेत्र घट रहे हैं। पेड़ कटाई की अनुमति सामान्य कर्मकाण्ड है। पेड़ कटाई की अनुमति में पर्यावरण कोई विषय नहीं होता। नगरों-महानगरों के अराजक विस्तार में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई होती है। नगरीय विस्तार की कोई सीमा नहीं है। नगर अपने विस्तार में जल, जंगल और जमीन को निगलते रहते हैं। नगर क्षेत्र विस्तार की पर्यावरण मित्र नीति बनानी चाहिए। पेड़ भी प्राणी है। वे प्रकृति से ही सभी जीवों के लिए प्राणवायु देते हैं। कथित विकास मानव जीवन से दूर है और उपभोक्तावादी हैं। वैदिक पूर्वज पेड़ों को नमस्कार करते थे। आधुनिक मन को यह हास्यास्पद लग सकता है लेकिन इसकी मूल भूमि पर्यावरण संरक्षण ही है। भारत को भारत की जीवनशैली ही अपनानी चाहिए। क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर की उपासना करते हुए ही जीवन का अविरल प्रवाह संभव है। **–हृदयनारायण दीक्षित**

# भारतीय कंपनियों को इन पांच ताकतों का सामना एकजुट होकर करना होगा

**दीपक शर्मा**

भारत के कॉर्पोरेट जगत के नेता अब अनिश्चितताओं से सहज महसूस करने लगे हैं। देश की संरचनात्मक वृद्धि बरकरार है। घरेलू मांग स्थिर है, उपभोक्ता वर्ग महत्वाकांक्षी है और नीतिगत माहौल व्यापक रूप से अनुकूल है। फिर भी, विकास का मार्ग पहले कभी इतना जटिल नहीं रहा। भू-राजनीति, तकनीकी व्यवधान और स्थिरता, वार्षिक नियोजन चक्रों की क्षमता से कहीं अधिक तेजी से प्रतिस्पर्धी गतिशीलता को नया आकार दे रहे हैं। इस तिमाही में 25 क्षेत्रों की 1,000 से अधिक कंपनियों के अघ्नग्स कॉल के कानविक विश्लेषण से पता चलता है कि बोर्डरूम कमोडिटी की कीमतों में उतार-चढ़ाव, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) के तेजी से बढ़ते उपयोग, भू-राजनीतिक अनिश्चितता, बढ़ती मुद्रास्फीति और प्रीमियम उत्पादों की ओर व्यापक बदलाव जैसी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। चौंकाने वाली बात इन दबावों की मौजूदगी नहीं, बल्कि इन सभी को एक साथ जिस हद तक संभालना आवश्यक है, वह है। हर बोर्ड में एक ही मुद्दा हावी है-कमोडिटी की कीमतों में अस्थिरता, जिसका जिक्र तिमाही-दर-तिमाही 32 प्रतिशत बढ़ रहा है। जो कभी तेल, गैस और धातुओं तक ही सीमित था, अब उसका दायरा भी बढ़ गया है। फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफ.एम.सी.जी.) कंपनियां सोया, पाम, गेहूं और सूरजमुखी के तेल में होने वाले उतार-चढ़ाव को उपभोक्ताओं की पसंद और मुनाफ़े पर सीधा असर डालने वाला कारक बता रही हैं। निर्माण कंपनियां कच्चे माल की लागत को अपनी सबसे बड़ी इ्क्षचता बता रही हैं। उपभोक्ता इलैक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में, तांबे की कीमतों में उतार-चढ़ाव सकल मुनाफ़े को नुकसान पहुंचा रहा है। धातु क्षेत्र में, बुनियादी ढांचे के विकास के चलते इस्पात की मांग में वृद्धि बताई जा रही है। फिर भी, इनपुट लागतों में तेजी से उतार-चढ़ाव के कारण मुनाफ़े का पूर्वानुमान लगाना मुश्किल है। ए.आई. अब सिर्फ तकनीकी चर्चा का विषय नहीं रह गया, तिमाही दर तिमाही इसकी चर्चा में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भवन निर्माण सामग्री और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में पहली बार इतनी वृद्धि दर्ज की गई है। वित्तीय सेवाओं में 400 प्रतिशत और खुदरा क्षेत्र में 240 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। सीमैंट कंपनियां ए.आई.-सक्षम केंद्रीय नियंत्रण प्रणालियों को लागू कर रही हैं। लॉजिस्टिक्स कंपनियां दस्तावेजीकरण को स्वचालित करने के लिए एजेंटिक ए.आई. का उपयोग कर रही हैं। खुदरा क्षेत्र में, बाजार की वृद्धि और उपभोक्ता विश्वास के साथ-साथ ए.आई. चर्चा के शीर्ष तीन विषयों में शामिल हो गया है। भू-राजनीतिक उथल-पुथल रू व्यापार नीति पर चर्चा स्थिर रही लेकिन बातचीत अधिक तीखी और क्षेत्र-विशिष्ट हो गई है। यूरोपीय बाजार इस बात का उदाहरण प्रस्तुत करता है कि कैसे एक ही भू-राजनीतिक घटनाक्रम किसी कंपनी की स्थिति के आधार पर खतरा या अवसर दोनों का रूप ले सकता है। ऑटोमोटिव कंपोनैंट्स और औद्योगिक मशीनरी के निर्यातकों के लिए, यूरोप में मांग में नरमी और नई टैरिफ संरचनाओं से मुनाफ़े पर दबाव पड़ रहा है। भारतीय स्पैशलिटी कैमिकल्स और फार्मास्युटिकल कंपनियों के लिए स्थिति उलट है, क्योंकि यूरोपीय प्रतिस्पध्र्धयों के संयंत्रों के बंद होने से आपूर्ति में कमी आई है जिसे वे पूरा कर सकते हैं। वहीं, भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते के चरणबद्ध कार्यान्वयन से वस्त्र, भवन निर्माण सामग्री और स्पैशलिटी मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों के लिए निर्यात के नए रास्ते खुलने की उम्मीद है। लाभ बढ़ाने की रणनीति के रूप में प्रीमियम उत्पादों पर जोर देना रू उपभोक्ता व्यवहार में तिमाही-दर-तिमाही मामूली 2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई लेकिन प्रीमियम उत्पादों पर जोर देना, उच्च मूल्य वाले उत्पादों की ओर एक रणनीतिक बदलाव, लागत दबाव के सबसे व्यापक रूप से अपनाए जाने वाले उपायों में से एक बनकर उभरा है। यह सभी क्षेत्रों में देखने को मिलता है। मुद्रास्फीति फिर से लौट आई है रू इस तिमाही का सबसे तीव्र मात्रात्मक संकेत मुद्रास्फीति से संबंधित उल्लेखों में 45 प्रतिशत की वृद्धि है, जो सभी विषयों में सबसे बड़ी वृद्धि है। हालांकि महंगाई अपने शुरुआती स्तर से नीचे आ गई, लेकिन लागत का दबाव कम नहीं हुआ। औद्योगिक उत्पाद कंपनियां लगातार बढ़ती इनपुट लागत को एक समस्या मानती हैं। वित्तीय सेवाओं में, चर्चा अब उपभोक्ता ऋण की गुणवत्ता, विवेकाधीन खर्च व्यवहार और अर्थव्यवस्था के सुधार की गति जैसे कारकों पर केंद्रित हो गई है। इन पांचों विषयों को जोडने वाली बात यह है कि इनमें से कोई भी अस्थायी नहीं है। कमोडिटी की अस्थिरता, ए.आई. व्यवधान, भू-राजनीतिक विखंडन, उपभोक्ता व्यवहार में बदलाव और मुद्रास्फीति चक्र परिचालन परिवेश की संरचनात्मक विशेषताएं हैं, न कि चक्रीय उतार-चढ़ाव।

## सेहत मंत्र

# विटामिन डी से भरपूर आहार बच्चों में कोलेस्ट्रॉल घटाने में सहायक

विटामिन डी से भरपूर आहार से बच्चों में कोलेस्ट्रॉल स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है। इससे दिल संबंधी बीमारियों से जुड़े दूसरे जोखिम कारकों पर भी लाभदायक असर पड़ता है। शोध में कहा गया है कि जिन बच्चों में विटामिन डी का स्तर 80 एनएमओएल/एल (प्रति लीटर नैनोमोल) से ज्यादा होता है, उनमें 50 एनएमओएल/लीटर से कम विटामिन स्तर वाले बच्चों की तुलना में लोअर लो-डेंसिटी लिपोप्रोटीन (एलडीएल) या बुरा कोलेस्ट्रॉल स्तर होता है। 50 एनएमओएल/लीटर को विटामिन डी पर्याप्तता की सीमा माना जाता है। इस शोध का प्रकाशन जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंडोक्राइनोलॉजी एंड मेटाबोल्जिम में किया गया है। इसमें ईस्टर्न फिनलैंड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने करीब 500 बच्चों के आंकड़ों का विश्लेषण किया है। इनकी आयु छह से आठ साल रही। शोधकर्ताओं ने कहा कि विटामिन डी को बोन मेटाबोल्जिम (हड्डी उपापचय) के लिए जरूरी माना जाता है। इसके कम सीरम स्तर से रिकेट्स, अस्टियोमालासिया व अस्टियोपेनिया का खतरा बढ़ जाता है। शोध में कहा गया है कि जीवन में विटामिन डी के उत्पादन के लिए स्वस्थ आहार, शारीरिक गतिविधि और खुले में समय बिताने से विटामिन डी का उत्पादन त्वचा में बढ़ता है, यह विटामिन डी के उच्च सीरम स्तर और कम प्लाज्मा लिपिड स्तर से जुड़े हो सकते हैं। आहार में विटामिन डी के कुछ प्रमुख स्रोत डेयरी उत्पाद व मछली है। विटामिनट डी को आहार से लेने के अतिरिक्त कई देशों में सामान्य आबादी के लिए विटामिन डी के पूरक उपयोग की भी सिफारिश की जाती है।

## धर्म मंत्र

# छत्तीसगढ़ के हनुमान जी की नारी स्वरूप में होती है पूजा

बड़ा मंगल गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। भगवान हनुमान के जगह-जगह पंडाल लगाए गए हैं। ऐसे में कई लोग हनुमान जी के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचते हैं। लेकिन आज इस आर्टिकल में हम आपको हनुमान जी के एक अनोखे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं। इस मंदिर के बारे में शायद ही आपको जानकारी होगी। बता दें कि छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से 25 किमी दूर रतनपुर में हनुमान जी का अनोखा मंदिर स्थित है। जहां पर हनुमान जी की नारी स्वरूप में पूजा की जाती है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले से दूर रतनपुर के गिरजाबंध में यह अनोखा मंदिर स्थित है। बता दें कि यह हनुमान जी का इकलौता ऐसा मंदिर हैं, जहां पर उनकी नारी स्वरूप में पूजा की जाती है। यहां के लोग बताते हैं कि दूर-दूर से भक्त इस मंदिर में अपनी मन्नतें लेकर आते हैं। वहीं भगवान भी अपने भक्तों की हर इच्छा को जरूर पूरा करते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस मंदिर की स्थापना उस समय के राजा पृथ्वी देवजू ने की थी। बताया जाता है कि एक बार राजा पृथ्वी को कुष्ठ रोग हो गया था। उसको सही करने के लिए राजा ने तमाम वैद्य-हकीमों की मदद ली। लेकिन उनका कुष्ठ रोग सही नहीं हुआ। जिसके बाद उनको एक ज्योतिष ने हनुमान जी की उपासना करने की सलाह दी। राजा ने ज्योतिष की बात मानकर हनुमान जी की कठिन उपासना शुरू कर दी। राजा की भक्ति देख हनुमान जी ने राजा को स्वप्न में दर्शन दिए।

पर्यटन



# सपनों की दुनिया देखना चाहते हैं तो चले आएं केरल के पोनमुडी हिल स्टेशन

**सफेद बादलों की छांव में बसा खूबसूरत पहाड़.. घने जंगल में नीलकंठ की गूंजती आवाज..**
**ओस की बूंदों से भीगी पत्तियां.. हवाओं में महकती जंगली फूलों की खुशबू.. झरने से गिरते पानी का सुंदर दृश्य..**

ये सब मानो सपनों की दुनिया का जैसा... केरल के पोनमुडी का नजारा ऐसा ही खूबसूरत है वहां जाने का अनुभव आपको प्रकृति के करीब लाएगा... पोनमुडी तिरुवनंतपुरम से 56 किमी दूर एक खूबसूरत हिल स्टेशन है। लगभग 3002 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह पूरा इलाका पहाड़ियों और घाटियों से घिरा हुआ है। 12 महीने यहां की पहाड़ियां धुंध से ढकी रहती हैं। तट पर उगने वाले जंगली फूल इस स्थल को खास बनाने का काम करते हैं। पोनमुडी इंसानी भीड़-भाड़ से कोसों दूर एक शांत स्थल है। गर्मियों के दौरान आप यहां का प्लान बना सकते हैं। यहां पर आपको घूमने के लिए काफी कुछ है जैसे- कल्लार-मीनमुट्टी फॉल- ये त्रिवेंद्रम और पोनमुडी के बीच एक आकर्षक झरना है जहा पर ट्रेकिंग के जरिए जाया जाता है। स्वर्ण घाटी- यहां आप नदी के कम गहरे किनारों में जाकर एक ताजगी भरे स्नान का आनंद भी ले सकते हैं। बोनोकॉड - ये लगभग 2500 एकड़ जमीन में फैला है। जिसमें जंगल, झरने, धाराएं और चाय बागान शामिल हैं। थेनमाला- पार्टनर के साथ नाइट ट्रिप या फैमली के साथ नाइट आउटिंग के लिए आप यहां रात में ठहर सकते हैं। नेचर लवर्स- पोनमुडी के करीब 53 स्क्वेयर किलोमीटर तक फैले इस जंगल में आप पक्षियों के बने कई घोंसले देख सकते हैं। इसके अलावा यहां के जंगलों में आपको मालाबारी मेंढक, तितलियां और त्रावणकोरी कछुए भी देखने को मिलते हैं। कोवलम बीच- पोनमुडी के इस फैमस बीच में आप अपनी फैमली के साथ एन्जॉय कर सकते हैं। इसके अलावा बीच के पास घूमने के लिए बहुत से खूबसूरत प्राचीन मंदिर भी हैं।

# सिविल डिफेंस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का अधिवक्ता समाज ने किया सम्मान

## बैच, अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर किया स्वागत, आपदा प्रबंधन में सिविल डिफेंस की भूमिका को सराहा

कैनविज टाइम्स संवाददात





बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हिसाल बारी किदवई के नेतृत्व में सिविल कोर्ट स्थित अधिवक्ता चैंबर में सिविल डिफेंस कोर के नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने सिविल डिफेंस के नवनियुक्त चीफ वार्डन नवीन सेठ, डिप्टी चीफ वार्डन जतिन गुप्ता तथा डिवीजनल वार्डन सरदार भूपेंद्र पाल सिंह शैंकी का बैच, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया।

समारोह को संबोधित करते हुए हिसाल बारी किदवई ने कहा कि सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक बाढ़, भूकंप और अन्य आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों में प्रशासन का महत्वपूर्ण सहयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि समाज सेवा और अनुशासन की भावना से किए जाने वाले ऐसे कार्यों की अधिवक्ता समाज सदैव सराहना करता है।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सम्मान के लिए अधिवक्ता समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सिविल डिफेंस टीम हर आपात स्थिति में लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहेगी। उन्होंने सभी से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और आपदा प्रबंधन के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में पुष्पेंद्र कुमार सिंह, रमेश चंद्रा, रोहित निगम, अंशुमान सिंह, राजेंद्र बहादुर राणा, दिनेश त्रिपाठी, अशोक वर्मा, यासिर अराफात, देवेंद्र यादव, विजय पांडे सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# कुपोषण और टीकाकरण पर एसडीएम की सख्ती, अति कुपोषित बच्चों के शत-प्रतिशत उपचार के निर्देश




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील सभागार में सोमवार को उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज की अध्यक्षता में तहसील टास्क फोर्स एवं पोषण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में टीकाकरण, कुपोषण उन्मूलन, आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति तथा विभिन्न स्वास्थ्य एवं पोषण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा, सीडीपीओ अर्चना वर्मा, सीएचसी अधीक्षक डॉ. आरिफ सिद्दीकी, पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उपजिलाधिकारी ने सभी विभागों के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। पोषण समिति की बैठक में सुपोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, कुपोषित बच्चों की पहचान एवं उपचार, टेक होम राशन (टीएचआर) वितरण तथा आंगनबाड़ी केंद्रों पर दिए जाने वाले हॉट कुक्ड मील की गुणवत्ता पर विस्तृत चर्चा की गई। एसडीएम ने सीडीपीओ को निर्देशित किया कि अति कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती कराकर उनका शत-प्रतिशत उपचार सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का नियमित वजन और ऊंचाई मापने के निर्देश दिए।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि नियमित टीकाकरण के लिए गांव-गांव शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने छूटे हुए बच्चों की ड्यू-लिस्ट तैयार कर विशेष अभियान के माध्यम से उनका टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, फील्ड विजिट बढ़ाने तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ समयबद्ध ढंग से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

## संजय सेतु मुकम्मल आवागमन बहाल



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददात। एनएच 927 पर घाघरा नदी के संजय सेतु को मरम्मत कार्य पूर्ण होने पश्चात सोमवार से छोटे वाहनों के लिए आवागमन शुरू कर दिया गया।राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के इंजीनियर सुजीत ने फीता काटकर यातायात का शुभारंभ किया।अधिकारियों के अनुसार सभी आवश्यक मरम्मत और सुरक्षा कार्य पूर्ण हो चुके हैं भारी वाहनों का आवागमन 15 जून से शुरू किया जा सकता है।

## गरिमा श्रीवास्तव बनीं एबीवीपी नगर अध्यक्ष



रामनगर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददात। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई के पुनर्गठन समारोह में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर गरिमा श्रीवास्तव को नगर अध्यक्ष तथा निखिल पांडे को नगर मंत्री चुना गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस दौरान संगठन के विभिन्न पदों पर कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। समारोह में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम के उपरांत सभी पदाधिकारी श्रीलोधेश्वर महादेवा पहुंचे, जहां जलाभिषेक कर समाज के सुख, शांति एवं कल्याण की कामना की गई।

ऊपर की खबरें साधारण टेक्स्ट कॉपी के लिए व्यवस्थित की गई हैं और इनमें अनावश्यक नामों की सूची हटाकर मुख्य तथ्यों पर फोकस रखा गया है।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु 15 जुलाई तक आवेदन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददात। विश्व दिव्यांग दिवस (3 दिसंबर) के अवसर पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को दिए जाने वाले राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि दक्ष दिव्यांग कर्मचारी, स्वनियोजित दिव्यांगजन, सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता, प्रेरणास्त्रोत, दिव्यांग खिलाड़ियों, नवाचार, पुनर्वास सेवाओं, ब्रेल प्रेस, अनुकूल वेबसाइट सहित विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं आवश्यक अभिलेखों सहित तीन प्रतियों में 15 जुलाई 2026 तक जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय, कक्ष संख्या-09, बाराबंकी में आवेदन जमा कर सकते हैं।

## स्मार्ट ग्रीन सिटी पर चला बुलडोजर, भू-माफियाओं में मचा हड़कंप

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददात। सदर तहसील क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग और भू-माफियाओं के खिलाफ प्रशासन का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के निर्देशन और संयुक्त मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर गुंजिता अग्रवाल के नेतृत्व में सोमवार को ग्राम गदिया में विकसित की जा रही ''स्मार्ट ग्रीन सिटी'' नामक अनधिकृत प्लाटिंग परियोजना पर बुलडोजर चलाकर उसे ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध प्लाटिंग कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार ग्राम गदिया स्थित गाटा संख्या 2761/0.766, 2762/0.927, 2768/0.316, 2769/0.056, 2770/0.072, 2771/0.193, 2772/0.177 एवं 2773/0.253 पर बिना आवश्यक अनुमतियों के प्लाटिंग की जा रही थी। जांच में पाया गया कि परियोजना के लिए न तो सक्षम प्राधिकारी से मानचित्र स्वीकृत कराया गया था और न ही अन्य आवश्यक वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन किया गया था।

सोमवार को एसडीएम सदर के निर्देश पर राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। कार्रवाई के दौरान बुलडोजर से अवैध रूप से विकसित की जा रही प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन ने पूरे अभियान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया।

एसडीएम गुंजिता अग्रवाल ने बताया कि यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश निर्माण कार्य विनियमन अधिनियम, 1958 की धारा-10 के अंतर्गत की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना स्वीकृत मानचित्र, भू-उपयोग परिवर्तन और अन्य आवश्यक अनुमतियों के विकसित की जाने वाली किसी भी कॉलोनी को अवैध माना जाएगा तथा ऐसे मामलों में आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

गौरतलब है कि सदर तहसील क्षेत्र में लंबे समय से अवैध प्लाटिंग और भू-माफियाओं की गतिविधियों को लेकर शिकायतें मिलती रही हैं। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह एवं संयुक्त मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल द्वारा नियत प्राधिकारी के रूप में कार्यभार संभालने के बाद अवैध कब्जों, अनधिकृत प्लाटिंग और भू-माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई का अभियान तेज हुआ है। हाल के दिनों में हुई लगातार कार्रवाइयों से भू-माफियाओं में खलबली मची हुई है, वहीं प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## व्यापारी-अधिकारी संवाद में जीएसटी 2.0 की दी जानकारी

मसौली, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददात। राज्य कर विभाग की ओर से सोमवार को मेंथा मंडी मसौली चौराहे पर व्यापारी-अधिकारी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्य कर उपायुक्त विकास कुमार सेठ ने व्यापारियों की समस्याएं सुनते हुए जीएसटी से संबंधित विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी।

उन्होंने जीएसटी 2.0 के तहत लागू नए सुधारों, ई-इन्वॉइसिंग, इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी), ई-वे बिल और नए पंजीकरण नियमों की जानकारी देते हुए समय पर पंजीकरण एवं नियमित रिटर्न दाखिल करने पर बल दिया। साथ ही मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के तहत 10 लाख रुपये तक के निःशुल्क बीमा कवर की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम में व्यापारियों की कर संबंधी समस्याओं पर चर्चा की गई तथा उनके सुझावों पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। कर अनुपालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# योग सप्ताह की तैयारियों की समीक्षा, 21 जून को जीआईसी ऑडिटोरियम में मुख्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददात




बाराबंकी। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एवं योग सप्ताह की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने योग को जन-आंदोलन बनाने और जनपद से ग्राम पंचायत स्तर तक व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस वर्ष योग दिवस की थीम ''इ्रधद्दथ द्धध्न क्क्तथ्द्यप्द्धभ इद्दद्गद्धद्बद्द'' है। 15 से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जाएगा, जबकि 21 जून को जीआईसी ऑडिटोरियम में जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा।

डीएम ने योगाभ्यास के साथ निबंध, भाषण, ड्राइंग, योगासन प्रतियोगिता, जागरूकता कार्यक्रम, साइकिल रैली एवं जनसंवाद जैसे आयोजन कराने के निर्देश दिए। नगर निकायों को साफ-सफाई, पेयजल और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा पुलिस व स्वास्थ्य विभाग को सुरक्षा एवं चिकित्सा सुविधाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में योग सप्ताह के कार्यक्रमों को पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण के संदेश से जोड़ते हुए अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

# मंदिर परिसर में चला स्वच्छता अभियान, गौशाला में हुआ वृक्षारोपण



कैनविज टाइम्स संवाददात

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। बनीकोडर ब्लॉक की सनौली ग्राम पंचायत स्थित गड़रियन पुरवा मंदिर परिसर में सोमवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही कंधाईपुर गौशाला में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

इस अवसर पर राज्य मंत्री ने कहा कि स्वच्छ वातावरण केवल स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और सामाजिक जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। उन्होंने लोगों से स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

### ताइवान में एशिया-प्रशांत मनोविज्ञान शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे बीएचयू के प्रो. तुषार सिंह

वाराणसी, 08 जून (हि.स.)। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के सामाजिक विज्ञान संकाय के मनोविज्ञान विभाग के प्रोफ़ेसर तुषार सिंह ताइवान में एशिया-प्रशांत मनोविज्ञान शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रोफ़ेसर तुषार सिंह को ताइवान में आयोजित होने वाले 2026 एपीपीए समिट एंड कॉन्फ्रेंस में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए विशिष्ट प्रतिनिधि एवं आमंत्रित वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह सम्मेलन 17 से 19 जून 2026 तक नेशनल चेंग कुंग यूनिवर्सिटी, ताइनान, ताइवान में आयोजित होगा।

बीएचयू के जनसम्पर्क अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह आमंत्रण ताइवानी साइकोलॉजिकल एसोसिएशन (टीपीए) द्वारा दिया गया है। प्रो. सिंह इस सम्मेलन में नेशनल एकेडमी ऑफ साइकोलॉजी (एनएओपी), भारत के प्रतिनिधि के रूप में भाग लेंगे। सम्मेलन में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के विभिन्न देशों के मनोवैज्ञानिक संगठनों के अध्यक्ष, वरिष्ठ पदाधिकारी, प्रतिष्ठित विद्वान एवं प्रतिनिधि मनोविज्ञान, मानसिक स्वास्थ्य, कल्याण, प्रौद्योगिकी तथा समाज से जुड़े समकालीन एवं भावी मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन में

## विद्युत शिकायत समाधान शिविर का आयोजन, तत्काल निस्तारण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददात। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के निर्देश पर सोमवार को विद्युत शिकायत समाधान कैम्प का आयोजन किया गया। यह कैम्प शनिवार को आयोजित तहसील दिवस में प्राप्त विद्युत विभाग से संबंधित 15 शिकायतों के निस्तारण के लिए उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज की अध्यक्षता में लगाया गया था।सोमवार को 4 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया शेष बची 11 शिकायतों में से 6 के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया गया। वहीं, 5 शिकायतों पर जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही गई है।इस दौरान विद्युत अधीक्षण अभियंता भविष्य कुमार सक्सेना, विद्युत अधिशासी अभियंता रामनगर अमिजीत कुमार शाह, विद्युत उपखंड अधिकारी मसौली शोएब जमाल और अवर अभियंता सिरौलीगौसपुर राज मौर्य सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर यह कैंप उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनने और उनका तत्काल समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।उन्होंने कहा कि शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को समय दिया गया है और जल्द ही उन्हें भी हल कर दिया जाएगा।

## 2027 चुनाव को लेकर हिन्दू महासभा ने युवाओं को किया संगठित

पीलीभीत।अखिल भारत हिन्दू महासभा की युवा इकाई की बैठक रविवार देर शाम वसुंधरा कॉलोनी स्थित युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा के आवास पर आयोजित की गई बैठक में संगठन विस्तार, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और आगामी 2027 चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा ने की इस दौरान युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा और युवा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश अग्निहोत्री की मौजूदगी में नई युवा जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया संगठन में कई युवाओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा ने कहा कि हिन्दू महासभा केवल एक संगठन नहीं बल्कि हिन्दुओं का एक परिवार है उन्होंने युवाओं से समाजहित और राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा ने कहा कि संगठन युवाशक्ति पर विश्वास करता है और आने वाले समय में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रहने वाली है उन्होंने कहा कि 2027 का चुनाव युवाओं का चुनाव होगा और सभी कार्यकर्ताओं से संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने की अपील की बैठक के अंत में नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया हैं।

## कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा

पीलीभीत।जनपद मे छह परीक्षा केंद्रों पर सोमवार से उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं केंद्रों में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की तीन स्तरों पर सघन जांच की गई सुरक्षा नियमों के तहत बेल्ट, पर्स, डिजिटल घड़ियां और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मुख्य गेट पर ही बाहर रखवाए गए जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने बताया कि परीक्षा सोमवार से बुधवार तक दो पालियों में आयोजित की जा रही है जिले के उपाधि महाविद्यालय, ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, रामा इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, एसएन इंटर कॉलेज और राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो रही है इस भर्ती परीक्षा में कुल 13,884 अभ्यर्थी शामिल हो रहे है।

## जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, बोले-रोड नहीं तो वोट नहीं

पूरनपुर।शेरपुर कलां से नजीरगंज को जोड़ने वाली करीब 12 किलोमीटर लंबी सड़क की बदहाली को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सोमवार को खुलकर सामने आ गया वर्षों से जर्जर पड़ी सड़क के विरोध में ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और जल्द सड़क निर्माण की मांग उठाई ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग टंडोला, लाह बिलहरी, हुसैनापुर समेत कई गांवों को जोड़ता है, लेकिन जगह-जगह सड़क टूटने से आवागमन बेहद मुश्किल हो गया है खराब सड़क के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं और लोगों को सफर तय करने में काफी समय लग रहा है प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए और चेतावनी दी कि यदि सड़क निर्माण नहीं कराया गया तो आगामी चुनाव में मतदान का बहिष्कार किया जाएगा ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत और मांग के बावजूद जनप्रतिनिधियों ने समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया प्रदर्शन में अभय मिश्रा, राजकिशोर शुक्ला, विपुल पांडे, मयंक मिश्रा, सुरेंद्र मिश्रा, जितेंद्र दीक्षित, ज्ञानदेव पांडे, अनुराग मिश्रा, मनमोहन शुक्ल, शंशाक मिश्रा, सत्या, देवेंद्र मिश्रा, नीलेश मिश्रा, सुमित मिश्रा और दीपू मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण रहे है।

# होर्डिंग के रंग ने बढ़ाई सियासी सरगर्मी, नईम सिद्दीकी के अगले कदम पर शुरू हुई चर्चाएं

कैनविज टाइम्स संवाददात

बाराबंकी। डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर सदर विधानसभा क्षेत्र में लगाई गई एक होर्डिंग ने स्थानीय राजनीति में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व कोषाध्यक्ष एवं बाराबंकी सदर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी नईम सिद्दीकी द्वारा लगवाई गई इस होर्डिंग को लेकर राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

होर्डिंग में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के चित्र प्रमुखता से प्रदर्शित किए गए हैं। हालांकि राजनीतिक चर्चा का विषय नेताओं की तस्वीरों से अधिक होर्डिंग की पृष्ठभूमि का गहरा नीला रंग बना हुआ है। प्रदेश की राजनीति में नीला रंग बहुजन समाज पार्टी की पहचान माना जाता है, ऐसे में कांग्रेस से जुड़े एक प्रमुख नेता की होर्डिंग में इस रंग के इस्तेमाल को लेकर विभिन्न राजनीतिक अर्थ निकाले जा रहे हैं।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि नईम सिद्दीकी का बसपा से पुराना राजनीतिक संबंध रहा है और वह पूर्व में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके हैं। ऐसे में कांग्रेस के मंच से सक्रिय रहने के बावजूद नीले रंग की प्रमुखता ने राजनीतिक पर्यवेक्षकों का ध्यान आकर्षित किया है। हालांकि होर्डिंग में कहीं भी बसपा का चुनाव चिह्न या पार्टी का नाम अंकित नहीं है, फिर भी इसके रंग संयोजन को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। सदर विधानसभा के राजनीतिक समीकरणों पर भी चर्चा

बाराबंकी सदर विधानसभा क्षेत्र में पिछले कई चुनावों से समाजवादी पार्टी का प्रभाव रहा है और वर्तमान में सपा के सुरेश यादव लगातार जीत दर्ज करते आ रहे हैं। ऐसे में आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से राजनीतिक समीकरणों का विश्लेषण शुरू हो गया है। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि यदि नईम सिद्दीकी भविष्य में किसी नए राजनीतिक विकल्प के साथ चुनावी मैदान में उतरते हैं तो मुस्लिम, दलित और परंपरागत विपक्षी वोटों के समीकरण प्रभावित हो सकते हैं। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि ऐसी स्थिति में चुनावी मुकाबले का स्वरूप बदल सकता है।

जनता के बीच भी बनी चर्चा का विषय

होर्डिंग लगाए जाने के बाद सोशल मीडिया और स्थानीय राजनीतिक मंचों पर भी इसकी चर्चा देखने को मिल रही है। कुछ लोग इसे केवल आंबेडकर जयंती के अवसर पर अपनाई गई डिजाइन का हिस्सा मान रहे हैं, जबकि कुछ इसे भविष्य की राजनीतिक रणनीति से जोड़कर देख रहे हैं। हालांकि इस संबंध में नईम सिद्दीकी की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

फिलहाल नईम सिद्दीकी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं। ऐसे में एक साधारण दिखने वाली होर्डिंग ने बाराबंकी की राजनीति में नई अटकलों को जन्म दे दिया है। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में अभी समय है, लेकिन राजनीतिक संकेतों और संभावनाओं को लेकर चर्चाओं का दौर अभी से शुरू हो चुका है।

## आवारा गौवंश से टक्कर में महिला की मौत,परिजनों ने पोस्टमार्टम से किया इंकार

पूरनपुर।रविवार रात करीब 9 बजे मोहनपुर चौराहे के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई हादसा उस समय हुआ जब बाइक सवार दंपति की टक्कर अचानक सड़क पर आए आवारा गौवंश से हो गई दुर्घटना में बाइक पर पीछे बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया जानकारी के अनुसार, लवप्रीत सिंह पुत्र गुरशरण सिंह निवासी राजामंडी, मैलानी (खीरी) अपनी पत्नी मनप्रीत कौर (उम्र करीब 29 वर्ष) के साथ पूरनपुर की ओर से अपने घर लौट रहे थे इसी दौरान मोहनपुर चौराहे के पास अचानक सामने आए आवारा गौवंश से उनकी बाइक टकरा गई टक्कर इतनी तेज थी कि पीछे बैठी मनप्रीत कौर सड़क पर गिर गईं और उनके सिर में गंभीर चोट आ गई हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए सूचना मिलने पर एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया परिजनों ने महिला का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया और शव को बिना पोस्टमार्टम अपने साथ घर ले गए प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद जिस गौवंश से बाइक की टक्कर हुई थी

# सुतार का चमत्कार, भारत ने अफगानिस्तान को एक पारी और 300 रन से हराया

एजेंसी

मुल्लांपुर। भारत ने अफगानिस्तान को एकमात्र टेस्ट में तीसरे ही दिन सोमवार को एक पारी और 300 रन से हरा दिया और बायें हाथ के स्पिनर मानव सुतार का पदार्पण मैच में यादगार प्रदर्शन मेजबान के लिये इस मैच की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। पहली पारी में सुतार के छह विकेट के दम पर भारत ने अफगानिस्तान को 152 रन पर आउट कर दिया था। दूसरी पारी में अफगानिस्तान की टीम 35 . 5 ओवर में 112 रन पर सिमट गई। भारत की यह पारी के अंतर के आधार पर सबसे बड़ी जीत रही। दूसरी पारी में वॉशिंगटन सुंदर ने चार और कुलदीप यादव ने तीन विकेट चटकाये। भारत ने 2018 में अफगानिस्तान को एक पारी और 260 रन से हराया था लेकिन मेहमान टीम के लिये राहत की बात यह है कि वे इस मैच को तीसरे दिन तक खींचकर ले गए। मैच के नायक राजस्थान के श्रीगंगानगर के बायें



हाथ के स्पिनर सुतार रहे। पदार्पण में एक पारी के पांच विकेट चटकाने वाले वह भारत के दसवें गेंदबाज बन गए। उन्होंने अपने प्रदर्शन से भविष्य में रविंद्र जडेजा के विकल्प के तौर पर खुद को खड़ा कर दिया। भारत के पास टर्निंग पिचों पर विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं लेकिन 23 वर्ष के सुतार ने दिखा दिया कि वह सपाट पिचों पर भी विकेट ले सकते हैं। रविचंद्रन अश्विन के संन्यास और जडेजा के कैरियर के आखिरी दौर के बीच सुतार के लिये यह सर्वश्रेष्ठ समय भी है। अफगानिस्तान के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। भारतीय स्पिनरों ने उनके गैर जिम्मेदाराना शॉट चयन का पूरा फायदा उठाया। पहली पारी की गलतियों से भी अफगान बल्लेबाजों ने सबक नहीं सीखा और दूसरी पारी में प्रदर्शन और खराब रहा। बायें हाथ के सलामी बल्लेबाज सेदिकुल्लाह अटल (42) चाय से पहले आखिरी गेंद पर आउट हुए। इस साल दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े अटल ने वॉशिंगटन सुंदर की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट में मोहम्मद सिराज को आसान कैच दिया। रहमानुल्लाह गुरबाज (24) ने कुलदीप की गेंद पर हवाई शॉट खेला और लांग आन सीमा पर सिराज ने उनका कैच लपक लिया। पहली पारी में अर्धशतक लगाने वाले रहमत शाह (13) ने सुंदर की गेंद पर सुतार को कैच थमाया। सुतार ने सुबह जब पारी में पांच विकेट पूरे किये तो यह कारनामा देखने के लिये मैदान पर बमुश्किल 500 दर्शक थे। अपने पहले टेस्ट में पारी के पांच विकेट लेने वाले वह सातवें स्पिनर बने।

# विश्व कप आंकड़ों में: 48 टीम और 104 मैच, अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप

एजेंसी

न्यू जर्सी। अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में 11 जून से शुरू होने वाला फुटबॉल विश्व कप अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप होगा जिसमें पहली बार 48 टीम भाग लेंगी और इसमें 104 मैच खेले जाएंगे। यह टूर्नामेंट 39 दिन तक चलेगा और इसे 16 स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे पहले विश्व कप में 32 टीम भाग लेती थी और यह पहला अवसर है जबकि इस टूर्नामेंट में 48 टीम शामिल हैं। इससे पहले विश्व कप में टीमों की संख्या 1998 में बढ़ाई गई थी। इसके अलावा यह पहला अवसर है जबकि तीन देश मिलकर विश्व कप का आयोजन कर रहे हैं। इससे पहले 2002 में जापान और दक्षिण कोरिया ने संयुक्त रूप से विश्व कप की मेजबानी की थी। विश्व कप अमेरिका के 11, मेक्सिको के तीन और कनाडा के दो स्थलों पर खेला जाएगा। मेक्सिको 13 मैचों की मेजबानी करेगा, जिनमें 11 जून को मेक्सिको सिटी में मेजबान टीम और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाला उद्घाटन मैच और नॉकआउट दौर के तीन मैच शामिल हैं। कनाडा में भी कुल 13 मैच होंगे, जिनमें से पहला मैच मेजबान टीम और बोस्निया-हर्जेगोविना के बीच 12 जून को टोरंटो में होगा। कनाडा में तीन नॉकआउट मैच भी खेले जाएंगे। बाकी 78 मैच अमेरिका में खेले जाएंगे। अमेरिका में पहला मैच 12 जून को लॉस एंजिलिस में अमेरिका और पराग्वे के बीच खेला जाएगा। अमेरिका में क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल खेले जाएंगे। विश्व कप से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण आंकड़े इस प्रकार हैं: 1,248: 48 टीम में रिकॉर्ड 1,248 खिलाड़ी शामिल हैं, जो 71 देशों के 449 घरेलू क्लबों से आए हैं। इनमें 357 खिलाड़ी विश्व कप में पहले खेल चुके हैं, जबकि 891 खिलाड़ी पहली बार इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे। इंग्लैंड के क्लबों में खेलने वाले सर्वाधिक 200 खिलाड़ी विश्व कप में अपना जलवा दिखाएंगे। इसके बाद जर्मनी (109)), फ्रांस (86), स्पेन (86), इटली (71) और सऊदी अरब (49) का स्थान आता है। प्रीमियर लीग की टीम मैनचेस्टर सिटी के सर्वाधिक 19 खिलाड़ी विश्व कप में भाग लेंगे। उसके बाद बायर्न म्यूनिख (18), चैंपियंस लीग के फाइनलिस्ट पेरिस सेंट-जर्मेन और आर्सेनल (16) और बार्सिलोना ((15) का नंबर आता है। 226: पुर्तगाल के स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। उन्होंने अब तक 226 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी के साथ छह विश्व कप में भाग लेने वाले पहले खिलाड़ी बनने के लिए तैयार हैं। मेस्सी ने अपने करियर में विश्व कप के सबसे अधिक 26 मैच खेले हैं और वह 200 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले तीसरे खिलाड़ी बनने से केवल दो मैच दूर हैं। 16: जर्मनी के लिए मिरोस्लाव क्लोज़ का विश्व कप में 16 गोल करने का रिकॉर्ड इस बार टूट सकता है। मेस्सी ने विश्व कप में 13 गोल किए हैं और वह क्लोज़, ब्राज़ील के स्टार रोनाल्डो (15) और गेर्ड मुलर (14) से ही पीछे हैं।

# टीम ने दबाव का बखूबी सामना किया, रणनीति पर अमल सटीक रहा : अंडर 18 हॉकी कोच सरदार

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान और एशिया कप अंडर 18 स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के कोच सरदार सिंह ने टीम की सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, दबाव को बखूबी झेलने और टीम प्रबंधन द्वारा बनाई गई रणनीति पर सटीक अमल को दिया। जापान में खिताबी जीत के बाद लौटे सरदार ने कहा कि इस टीम ने दबाव का बखूबी सामना किया है। अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में काफी दबाव रहता है जिनका सामना करना आना चाहिये और इन्होंने वह किया । हमने उनसे कहा था कि रणनीति पर 80 या 90 प्रतिशत नहीं बल्कि 110 प्रतिशत अमल करना है। उन्होंने कहा ,'' हमने टीम की ताकत पर फोकस किया जिसका फायदा मिला। हमने गुणवत्ता और पारंपरिक हॉकी का मिला जुला रूप खेला। एक ईकाई के रूप में काफी कम समय में हमने अच्छा प्रदर्शन किया। सरदार ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले आशीष तानी पूर्ति और केतन कुशवाहा की तारीफ की। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने अच्छा खेला और किसी एक को चुनना कठिन है लेकिन आशीष और केतन बेहतरीन खिलाड़ी हैं । हमें अंडर 18 खिलाड़ियों को अच्छे मैच और एक्सपोजर देते रहना चाहिये और अपना अनुभव भी उनके साथ साझा करना चाहिये। आशीष ने कहा कि यह किसी भी स्तर पर भारत के लिये खेलते हुए मेरा पहला टूर्नामेंट था और मैं बहुत खुश हूं कि टीम के लिये योगदान दे सका। हमने ठान रखा था कि फाइनल में जापान को हर हालत में हराना है जिससे हम लीग मैच हारे थे। उसे अपने देश में खेलने का फायदा था लेकिन हम जीत के लिये कमर कस चुके थे। कप्तान केतन ने कहा कि सरदार सर के अनुभव और प्रयासों से हमें काफी मदद मिली। टूर्नामेंट से काफी कुछ सीखा। पाकिस्तान पर मिली जीत अहम थी।

# ऑस्ट्रेलिया ओपन: सिंधू की निगाह खिताब पर, पुरुष वर्ग में आयुष करेंगे अगुवाई

एजेंसी

सिडनी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मंगलवार से यहां शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में लंबे समय से चले आ रहे खिताब के सूखे को खत्म करने की कोशिश करेंगी, जबकि उभरते सितारे आयुष शेट्टी पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल जीतने के बाद से अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीतने की कवायद में हैं। पूर्व विश्व चैंपियन का इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जनवरी में मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचना रहा है। सिंधू को यहां अनुकूल ड्रॉ मिला है। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी का पहला मैच पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो से होगा। इस मैच में जीत दर्ज करने के बाद उनका सामना हमवतन इशारानी बरुआ और चीन की हान कियान शी के बीच होने वाले



मैच के विजेता से होगा। सिंधू पिछले सप्ताह इंडोनेशिया ओपन में राउंड-ऑफ-16 में पहुंची थी जहां उन्हें विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से-यंग से हार का सामना करना पड़ा था। अगर सिंधू सेमीफाइनल तक पहुंचती है तो वहां उनका सामना जापान की विश्व में तीसरे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से हो सकता है। फाइनल में उनका मुकाबला थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से हो सकता है। महिला एकल ड्रॉ में ही तन्वी शर्मा का सामना चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त चियू पिन-चियान से, जबकि मालविका बंसोड़ का मुकाबला मलेशिया की गोह जिन वेई से होगा। अनमोल खरब को जापान की पूर्व विश्व चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त नोजोमी ओकुहारा के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। आकर्षी कश्यप का मुकाबला मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से, जबकि तान्या हेमंत का अमेरिका की इशिका जायसवाल से होगा। पुरुष एकल में विश्व के 20वें नंबर के खिलाड़ी और यहां छठी वरीयता प्राप्त आयुष शेट्टी अपना पहला मैच क्वालीफायर के खिलाफ खेलेंगे। एचएस प्रणय का मुकाबला इंडोनेशिया के मोहम्मद जाकी उबा से होगा, जबकि किरण जॉर्ज पहले दौर में मलेशिया के जस्टिन होह का सामना करेंगे। पुरुष युगल में इंडोनेशिया ओपन में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले हरिहरन अमसाकरुनन और एमआर अर्जुन को पहले दौर में चीनी ताइपे के ली फंग-चिह और ली फंग-जेन की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। अच्युतादित्य राव डोड्डावारापू और पोचना अर्जुन रेड्डी का मुकाबला चीन के हुआंग डि और लियू यांग से होगा। महिला युगल के मुख्य ड्रॉ में कोई भी भारतीय जोड़ी भाग नहीं ले रही है। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी हांगकांग के चान यिन चक और एनजी त्स यौ के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी।

## खेल मंत्री ने अतिका मीर को मदद का आश्वासन दिया

नयी दिल्ली। यूनान में चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर एकेडमी (सीओटीएफए) के दूसरे दौर में शानदार सफलता हासिल करने वाली भारत की 11 वर्षीय रेसर अतिका मीर ने खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की। मांडविया ने रविवार को अपने आवास पर अतिका और उसके परिवार से मुलाकात की और मुंबई में जन्मी इस युवा रेसर को फॉर्मूला वन तक पहुंचने के सफर में मदद करने का वादा किया। कोई भी महिला ड्राइवर 1992 के बाद फॉर्मूला वन में भाग नहीं ले पायी है। अतिका को फॉर्मूला वन अकादमी से समर्थन हासिल है। अतिका ने सोशल मीडिया पर लिखा, ''सर, प्रोत्साहन और बहुमूल्य सलाह के लिए आभार। माननीय मंत्री ने मेरे हाल के प्रदर्शनों की सराहना की। उन्होंने मुझे फॉर्मूला वन में जगह बनाने के मेरे सपने को साकार करने में हर संभव मदद और समर्थन का आश्वासन भी दिया है। खेल मंत्री ने भी बैठक की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की कीमत घटी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। भाव में आई गिरावट के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,52,720 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,54,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,39,990 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,41,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,64,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,52,870 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,40,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,52,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22



कैरेट सोना 1,39,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,52,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,40,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,54,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,41,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,52,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,39,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,52,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,40,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,52,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,40,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,52,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,40,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,52,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,40,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली गिरावट दर्ज की गई है।

# देश में वाहनों की खुदरा बिक्री मई में 9.55 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 25,31,067 इकाई : फाडा

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में मोटर वाहनों की कुल खुदरा बिक्री ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद मई में सालाना आधार पर 9.55 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 25,31,067 इकाई रही। उद्योग निकाय फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी। 'फ़ेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन्स' (फाडा) के अनुसार मई 2025 में मोटर वाहनों की खुदरा बिक्री 23,10,451 इकाई रही थी। मई में तिपहिया, यात्री वाहन और ट्रैक्टर श्रेणियों में अब तक की सर्वाधिक खुदरा बिक्री दर्ज की गई जबकि आम तौर पर इस महीने बिक्री कमजोर रहती है। डीलरों ने ईंधन-किफायती और वैकल्पिक पावरट्रेन विकल्पों के बारे में लोगों द्वारा जानकारी हासिल करने की पुष्टि की है। इसका असर दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की हिस्सेदारी बढ़कर 9.25 प्रतिशत (पिछले वर्ष 6.11 प्रतिशत) होने के रूप में दिखा। फाडा के आंकड़ों के अनुसार, यात्री वाहन (पीवी) की खुदरा बिक्री पिछले महीने 23.25 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 4,02,591 इकाई रही जो मई 2025 के 3,26,656 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की बिक्री भी 17,15,581 इकाई से 7.54 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 18,44,947 इकाई हो गई। उद्योग निकाय फाडा के अनुसार, तिपहिया वाहनों की बिक्री पिछले महीने 1,11,526 इकाई रही, जो मई 2025 की 1,07,688 इकाइयों से 3.56 प्रतिशत अधिक है। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री भी 5.29 प्रतिशत बढ़कर पिछले महीने रिकॉर्ड 83,823 इकाइयों पर पहुंच गई जो मई 2025 में 79,614 इकाई थी। फाडा ने कहा, '' जून 2026 के लिए समग्र परिदृश्य संतुलित लेकिन सतर्क रूप से आशावादी दिख रहा है। मानसून की प्रगति और ग्रामीण नकदी प्रवाह समर्थन देंगे, हालांकि अल्पकालिक लागत दबाव बने रहेंगे। जून 2026 के लिए वाहन डीलर की धारणा मिश्रित है।

# संक्षिप्त समाचार

## पूर्व कप्तान तमीम इकबाल बीसीबी के अध्यक्ष बने

**ढाका।** पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) का अध्यक्ष चुना गया है। वह इस पद पर चुने गए सबसे युवा उम्मीदवार हैं। वह चार साल के लिए इस पद पर रहेंगे। यह 37 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी इससे पहले अप्रैल से तदर्थ समिति के प्रमुख के रूप में कार्य कर रहा है। क्रिकबज के अनुसार तमीम ने अध्यक्ष चुने जाने के बाद कहा, ''संगठन में बहुत सी कमियां हैं।अगर हम सभी (संवैधानिक सुधार के बारे में) एकमत होते हैं तो हम अगली वार्षिक आम बैठक में उन पर चर्चा करेंगे। यह 12 या 13 लोगों के बोर्ड जैसा नहीं है जहां एक व्यक्ति कुछ कहता है और उस पर अमल कर लिया जाता है। तमीम ने एक क्रिकेटर के रूप में 15 साल के करियर में 70 टेस्ट और 243 वनडे मैच खेले। इस साल की शुरुआत में मुस्तफिजुर रहमान को कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ करार होने के बावजूद आईपीएल से बाहर किए जाने के बाद भारत के साथ टकराव के कारण बीसीबी सुर्खियों में था। तमीम उन लोगों में शामिल थे जिन्होंने भारतीय क्रिकेट बोर्ड से टकराव नहीं लेने की सलाह दी थी। शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय स्टेडियम में चुनाव हुए। बीसीबी के 21वें अध्यक्ष बने तमीम को 75 सदस्यों में से 73 मत मिले।

## बंधन बैंक ने चार राज्यों में खोली अपनी आठ नयी शाखाएं

**कोलकाता।** बंधन बैंक ने कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा में आठ नयी शाखाएं खोलने की सोमवार को घोषणा की। इसके साथ ही देश भर में उसकी शाखाओं की कुल संख्या 1,984 हो गई है। बैंक ने कहा कि कर्नाटक में चार, दिल्ली में दो और उत्तर प्रदेश तथा हरियाणा में एक-एक नयी शाखा खोली गईं हैं। इन शाखाओं का उद्घाटन मैसूरु, बेंगलुरु, दिल्ली और गुरुग्राम में किया गया। बंधन बैंक के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कारोबार अधिकारी राजिंदर कुमार बब्बर ने कहा, ''जैसे-जैसे हमारा नेटवर्क बढ़ता है, हम सतत विस्तार और ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं को पूरा करने वाले नवीन, टिकाऊ बैंकिंग समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं।

## त्वरित वाणिज्य बाजार में अग्रणी बनना महज समय की बात: अमेजन

**नयी दिल्ली।** अमेजन के 'कंट्री हेड' समीर कुमार ने कहा कि त्वरित वाणिज्य बाजार के अग्रणी के रूप में उभरना अमेजन के लिए महज समय की बात है क्योंकि वह 'प्राइम प्रोग्राम' और व्यापक उत्पाद श्रृंखला के दम पर प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। कुमार ने कहा कि अमेजन त्वरित वाणिज्य को व्यापक ऑनलाइन खुदरा बाजार के भीतर एक ''गति समीकरण'' के रूप में देखती है। उन्होंने साथ इस धारणा को खारिज किया कि भारत में त्वरित वाणिज्य को अपनाने में वृद्धि पारंपरिक ई-कॉमर्स के विकास को प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी ''प्रतिस्पर्धी-केंद्रित'' नहीं बल्कि ''ग्राहक-केंद्रित'' है और भारत में 13 वर्षों में विकसित की गई व्यापक उत्पाद उपलब्धता एवं बड़े पैमाने की ई-कॉमर्स क्षमता उसकी बड़ी ताकत है। कुमार ने साक्षात्कार में कहा, '' हमें यहां तक पहुंचने में 13 साल से अधिक समय लगा है और हम मानते हैं कि इस व्यापक चयन के साथ गति जोड़ना ऐसी चीज है, जिसकी बराबरी करना दूसरों के लिए आसान नहीं होगा। हम इस क्षेत्र के बड़े खिलाड़ियों में जरूर होंगे। कंपनी का क्विक कॉमर्स मंच अमेजन नाउ 12 से अधिक शहरों में शुरू हो चुका है। इसका 100 से अधिक शहरों तथा 1,000 'माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर' तक विस्तार करने की योजना है। भारत का क्विक कॉमर्स (त्वरित बाजार) बाजार देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक बन गया है, जहां तेज आपूर्ति की बढ़ती मांग और उपभोक्ता व्यवहार में बदलाव प्रमुख कारण हैं। यह सेवा शुरुआत में मुख्य रूप से किराना और जरूरी वस्तुओं तक सीमित थी। हालांकि अब यह इलेक्ट्रॉनिक्स, सौंदर्य प्रसाधन, घरेलू सामान और 'फैशन एक्सेसरीज' तक फैल चुकी है, जहां युवा उपभोक्ता सुविधा और गति को प्राथमिकता दे रहे हैं। इस क्षेत्र में ब्लिंकिट, जेप्टो, स्विगी इंस्टामार्ट, फ्लिपकार्ट और अमेजन जैसे बड़े खिलाड़ी आक्रामक निवेश कर रहे हैं और अपनी आपूर्ति श्रृंखला व उत्पाद खंड का विस्तार कर रहे हैं। कुमार ने कहा कि कंपनी निकट भविष्य में इस क्षेत्र में अग्रणी बनने को लेकर आश्वस्त है। उन्होंने कहा, '' यह सवाल नहीं है कि हम बनेंगे या नहीं, बल्कि कब बनेंगे३ हम जल्द ही बाजार के अग्रणी खिलाड़ी होंगे। कुमार ने बताया कि कंपनी का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है और मासिक आधार पर 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जा रही है। साथ ही, 'प्राइम' सदस्य अन्य ग्राहकों की तुलना में तीन गुना अधिक खरीदारी कर रहे हैं। अमेजन ने 2030 तक भारत में 35 अरब डॉलर निवेश की योजना की घोषणा की है, जो व्यापार विस्तार, कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित डिजिटलीकरण, निर्यात वृद्धि और रोजगार सृजन पर केंद्रित है।

# देश में 58 करोड़ जन धन खातों से करोड़ों लोग औपचारिक बैंकिंग से जुड़े: सीतारमण

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि 58 करोड़ से अधिक जन धन खातों ने करोड़ों भारतीयों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, जन धन योजना के तहत कल्याणकारी योजनाओं, कम लागत वाले बीमा और पेंशन के लाभ सीधे लोगों तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा, '' गरीब कल्याण, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर भारतीय के लिए गरिमा, अवसर एवं सशक्तीकरण की गारंटी है। सीतारमण ने कहा कि गरीबी और अभाव के खिलाफ लड़ाई में भारत वैश्विक स्तर पर अलग पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरुआत 28 अगस्त, 2014 को की गई थी। यह दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल में से एक है। इस योजना के तहत 56 प्रतिशत खाताधारक महिलाएं हैं। वहीं




67 प्रतिशत खाते ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिये लाभार्थियों के खातों में लगभग 45 लाख करोड़ रुपये सीधे हस्तांतरित किए गए हैं। अब भारत की 94 प्रतिशत वयस्क आबादी के पास बैंक खाता है। इस योजना के तहत खोले गए खातों में शून्य 'बैलेंस' की सुविधा, मुफ्त रुपे कार्ड, दुर्घटना बीमा और 'ओवरड्राफ्ट' की सुविधा मिलती है। इसने लोगों को औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जोड़ने में मदद की है जिससे उनके जीवन में बदलाव आया है और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

# पूंजी बाजार घरेलू बचत और संपत्ति सृजन का प्रमुख जरिया बन रहे : तुहिन कांत पांडेय

एजेंसी

मुंबई। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को कहा कि भारत में पूंजी बाजार घरेलू बचत और संपत्ति सृजन का प्रमुख माध्यम बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह इस बात का संकेत है कि निवेश के तरीकों में एक संरचनात्मक बदलाव आया है, जिससे लोग तेजी से बाजार आधारित विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं। तुहिन कांत पांडेय ने यहां 'आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज इंडिया इंवेस्टर कॉन्फ्रेंस 2026' को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने बताया कि भारत के कैपिटल मार्केट परिवारों की बचत और संपत्ति बनाने का एक अहम जरिया बनते जा रहे हैं। पांडेय ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में इक्विटी इश्यू 4.5 लाख करोड़ रुपये और कॉर्पोरेट बॉन्ड इश्यू 9



लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गए हैं। सेबी के चेयरमैन ने कहा कि पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज (पीएमएस) के नियमों पर उन्होंने संकेत दिया कि इस पर व्यापक विचार-विमर्श जारी है और जल्द ही एक परामर्श पत्र जारी किया जाएगा। हालांकि उन्होंने कोई समयसीमा बताने से इनकार किया। पांडेय ने कहा कि भारत की आर्थिक प्रगति केवल ऊंची वृद्धि दर तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें अर्थव्यवस्था का औपचारिककरण, बचत का वित्तीयकरण और संस्थानों पर बढ़ता भरोसा भी शामिल है। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजारों की गहराई बढ़ रही है और अब देश में प्रतिभूति बाजार में लगभग 14.5 करोड़ निवेशक हैं। इनकी संख्या हर साल 20 फीसदी से अधिक की दर से बढ़ रही है। सेबी प्रमुख ने बताया कि म्यूचुअल फंड संपत्ति करीब 12 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 80 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है, जबकि पूंजी बाजार में घरेलू भागीदारी लगातार बढ़ रही है। पांडेय ने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में घरेलू वित्तीय बचत का हिस्सा वित्त वर्ष 2022-23 के लगभग 20 फीसदी से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 21.7 फीसदी हो गया है, जो विभिन्न वित्तीय साधनों में व्यापक भागीदारी के कारण संभव हुआ है। उन्होंने कहा, ''ये सभी घटनाक्रम एक स्पष्ट बदलाव की ओर इशारा करते हैं'' और अब घरेलू बचत का बड़ा हिस्सा बाजार-आधारित निवेश विकल्पों में जा रहा है।

# यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए दिल्ली, हरियाणा-यूपी करें मिलकर काम : शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यमुना की सफाई की महत्वाकांक्षी योजना को सफलतापूर्वक पूरा करने को सरकार का संकल्प बताते हुए दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकारों तथा सभी संबंधित मंत्रालयों से यमुना की स्वच्छता के लिए टुकड़ों में नहीं बल्कि टीम भावना से एकीकृत कार्य योजना के तहत काम करने को कहा है।

श्री शाह ने यमुना को प्रदूषण मुक्त करने तथा इसे स्वच्छ बनाने की सरकार की योजना को लेकर सोमवार को यहां एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने इस परियोजना की कार्य प्रगति की हर 20 दिन में समीक्षा करने को भी कहा। उन्होंने कहा ,'' साफ और स्वच्छ यमुना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा संकल्प है और हम सभी को मिलकर इससे जल्दी ही पूरा करना है। गृह मंत्री ने कहा कि दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश सरकारों तथा सभी संबंधित मंत्रालयों को यमुना की स्वच्छता के



लिए टुकड़ों में नहीं बल्कि एक टीम भावना से एकीकृत कार्य योजना के तहत काम करना होगा। उन्होंने जोर दिया कि हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश तीनों राज्य मिलकर यमुना नदी में '' मानक ईको-फ्लो'' सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करें। श्री शाह ने इस अवसर पर कहा कि दिल्ली की डेयरियों के कचरे को यमुना में जाने से रोकने के लिए दिल्ली नगर निगम और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जायेंगे । इस समझौते के तहत कचरे को गोबर गैस तथा खाद में तब्दील करने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि डेयरी और गौशालाओं का गोबर सीधे गैस और खाद प्लांट तक पहुंचाया जायेगा और यमुना किनारे के कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यमुना नदी में प्रवाहित नालों की गाद निकालने का काम तेजी से चल रहा है। इस वर्ष लक्षित 28.57 लाख टन में से 97 प्रतिशत गाद निकाली जा चुकी है बाकी 15 जून तक निकाल ली जाएगी। इस गाद का इस्तेमाल विभिन्न विनिर्माण परियोजनाओं में किया जायेगा जिससे बारिश में यह बहकर वापस यमुना में ना जाये। गृह मंत्री ने कहा कि दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में अब तक 128 सीवेज उपचार संयंत्र बन चुके हैं और 2027 के अंत तक 99 नए और बनाये जाएँगे। उन्होंने यमुना में जुड़ने वाले सभी नालों और जल स्रोतों में शुद्धिकरण के विभिन्न पैमानों की निरंतर निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना की कार्य प्रगति की हर 20 दिन में समीक्षा की जानी चाहिए।

# 'विकसित भारत' का संकल्प एक राष्ट्रीय संकल्प है, जिसमें सभी को सहयोग करना होगा : बिरला

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कहा कि 'विकसित भारत' का संकल्प एक राष्ट्रीय संकल्प है, जिसमें देश के प्रत्येक नागरिक और संस्था को सहयोग करना होगा।

श्री बिरला ने चंडीगढ़ स्थित हरियाणा विधान सभा के चैम्बर में कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) इंडिया रीज़न ज़ोन-2 (नॉर्थ ज़ोन) कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन करते हुए कहा कि आज वैश्विक परिदृश्य में बड़े बदलाव हो रहे हैं और दुनिया अनेक प्रकार के तनावों से गुज़र रही है। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में भी भारत एक स्थिर, मजबूत और सुदृढ़ कानूनी ढाँचे वाले सुशासन के साथ अपनी दीर्घकालिक नीतियों और योजनाओं के बल पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया के विकसित देशों में हो रहे परिवर्तनों का बारीकी से अध्ययन करते हुए भारत ने अपनी सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप समय-समय पर आवश्यक और व्यावहारिक बदलाव किए हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की ओर नयी आशा और असीम संभावनाओं के साथ देख रही है, इसलिए यह समय सामूहिक प्रयासों और व्यापक सहभागिता का है। उन्होंने आह्वान किया कि देश में ऐसा जनआंदोलन खड़ा होना चाहिए जिससे प्रत्येक नागरिक यह महसूस कर सके कि विकसित भारत के निर्माण में उसका भी अमूल्य योगदान है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा , '' जब समाज के हर व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित होगी, तब भारत की सामूहिक शक्ति और विशेष रूप से हमारी युवाशक्ति इतनी सुदृढ़ हो जाएगी कि हम वर्ष 2047 से पहले ही 'विकसित भारत' के संकल्प को सिद्ध कर लेंगे। कभी हमारी बढ़ती जनसंख्या को एक चुनौती माना जाता था, लेकिन आज वही युवा आबादी हमारी सबसे बड़ी ताकत बन चुकी है। इसके लिए हमें अपने युवाओं को कौशल विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नवाचार के लिए तैयार करना होगा।'' उन्होंने यह महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया कि हमारे विधानमंडलों में बनने वाली नीतियाँ और कानून नयी पीढ़ी की आकांक्षाओं और आवश्यकताओं के अनुरूप होने चाहिए। श्री बिरला ने कहा कि जनसंवाद और सार्थक चर्चाओं के माध्यम से नागरिकों में यह विश्वास पैदा होना चाहिए कि यह सदन उनका अपना है और जनप्रतिनिधि उनकी वास्तविक आवाज़ हैं। इसलिए सदनों में होने वाली चर्चाएँ, नीतियाँ और कानून सदैव राष्ट्रहित से प्रेरित होने चाहिए और उनमें जनता की सहभागिता बढ़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि जितनी अधिक जनभागीदारी होगी, सामाजिक परिवर्तन उतना ही व्यापक और गहरा होगा। लोकतांत्रिक संस्थाओं में जुड़ाव जितना बढ़ेगा, विकसित भारत का सपना उतनी ही तेजी से साकार होगा। उन्होंने ज़ोर दिया कि चाहे ग्राम पंचायत हो, पंचायत समिति हो, जिला परिषद हो, नगर पालिका हो, विधानसभा हो या लोकसभा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में जनभागीदारी बढ़ने से नए विचार, विविध दृष्टिकोण और रचनात्मक सुझाव सामने आते हैं, जिससे विकास की गति को नयी ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा , ''किसी भी राज्य का कानूनी ढाँचा जितना पारदर्शी और मजबूत होगा, वह राज्य उतनी ही तीव्र गति से प्रगति करेगा। जहाँ नीतियाँ स्पष्ट होती हैं, कानून न्यायसंगत होते हैं और शासन स्थिर व मजबूत होता है, वहाँ निवेश की संभावनाएँ स्वतः बढ़ जाती हैं। निवेशक हमेशा वहीं आते हैं जहाँ उन्हें नीति और कानून की निरंतरता पर पूर्ण विश्वास होता है; अतः इसे सुदृढ़ बनाए रखना हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है।''

# हम एक ऐसी दुनिया में प्रवेश कर रहे हैं, जहां समस्याएं पहले से कहीं अधिक तेजी से बढ़ रही हैं: विक्रम मिसरी

एजेंसी

चेन्नई। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि आज एक ऐसी दुनिया में प्रवेश कर रहे हैं, जहां समस्याएं पहले से कहीं अधिक तेजी से बढ़ रही हैं।

वैश्विक मस्तिष्क अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी),मद्रास आयोजित तीसरे ब्रिक्स न्यूरोसाइंस संगोष्ठी में कहा, ल्ल हम एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं, जिसमें कई बार जिन समस्याओं का हल हम ढूंढ़ते हैं, वे खुद अपने आप में एक नयी समस्या खड़ी कर देती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और तालमेल का महत्व और भी बढ़ जाता है। साथ मिलकर काम करने की यही सहयोगात्मक और सहकारी भावना मुख्य रूप से ब्रिक्स का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विकासशील देशों और उभरते बाजारों का




प्रतिनिधित्व करने वाले देशों का यह संगठन अपने संसाधनों, क्षमताओं और ज्ञान को साझा मंच पर लाता है। ब्रिक्स की यही विशेषता सबसे उल्लेखनीय है।शोधकर्ताओं को उनके प्रयासों में सफलता की कामना करते हुए श्री मिसरी ने कहा, ल्ल भारत इस वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। हम इस वर्ष सितंबर में होने वाले ब्रिक्स देशों के शिखर सम्मेलन की तैयारियों में जुटे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि इस सम्मेलन की तैयारी के सिलसिले में हर सप्ताह विभिन्न स्तरों पर 200 अलग-अलग बैठकें आयोजित की जा रही हैं। मुझे भरोसा है कि इस संगोष्ठी में होने वाला कार्य भी अपने तरीके से सितंबर में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की सफलता में योगदान देगा। यह संगोष्ठी ब्रिक्स देशों के प्रमुख न्यूरोवैज्ञानिकों, चिकित्सकों, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं को एक मंच पर लाया। भारत में पहली बार आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य न्यूरोसाइंस अनुसंधान और न्यूरो-प्रौद्योगिकियों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए ब्रिक्स देशों के बीच आपसी तालमेल को मजबूत करना था। इस कार्यक्रम ने मानव मस्तिष्क को समझने और ऐसी तकनीकें विकसित करने के लिए वैश्विक वैज्ञानिक सहयोग की बढ़ती अहमियत की बात की, जो तंत्रिका संबंधी विकारों का समाधान कर सकें और दुनिया भर में स्वास्थ्य सेवा के परिणामों में सुधार ला सकें। सुधा गोपालकृष्णन ब्रेन सेंटर (एसजीबीसी), आईआईटी मद्रास आयोजित इस संगोष्ठी का मुख्य विषय 'एक्सपेंडिंग न्यूरोसाइंस : ब्रिक्स एंड एक्सटेंडेड नेशंस' (न्यूरोसाइंस का विस्तार : ब्रिक्स और विस्तारित राष्ट्र) था। इस दौरान वैज्ञानिक सत्र, मुख्य व्याख्यान, पैनल चर्चा, नैदानिक दृष्टिकोण पर बातचीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम और एसजीबीसी के 'ह्यूमन ब्रेनस्टेम एटलस' का बड़ा डेटा जारी किया गया। दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये इस अंतरराष्ट्रीय सभा को संबोधित करते हुए केन्द्र सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो.फ़ेसर अजय कुमार सूद ने कहा, ''एसजीबीसी की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यह सरकार, उद्योग और परोपकार के सहयोग से चलाया जा रहा एक बहु-संस्थागत, बहुराष्ट्रीय और बहु-विषयक प्रयास रहा है।

# होर्मुज में आग की चपेट में आने वाले जहाज में सवार सभी 24 भारतीय नाविक सुरक्षित : सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में आग की चपेट में आने वाले व्यापारिक जहाज एमटी मैरिवेक्स पर सवार सभी 24 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और जहाजरानी महानिदेशालय उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए है।

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय में निदेशक ओपेश कुमार ने पश्चिम एशिया की स्थिति की जानकारी देने के लिए सोमवार को यहां बुलाये गये संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस जहाज पर सवार सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा , '' आज ओमान के तट पर लगभग एक बजकर 30 मिनट पर जहाज एमटी मैरिवेक्स में आग लगने की घटना की सूचना मिली। जहाज पर 24 भारतीय




नाविक सवार हैं, जिनमें से सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय, जहाजरानी महानिदेशालय के माध्यम से, स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है और भारतीय नाविकों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए विदेश मंत्रालय, विदेश में भारतीय मिशनों और भारतीय नौसेना के साथ समन्वय कर रहा है। इस जहाज में आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार यह आग किसी तरह के विस्फोट के कारण लगी है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय की ओर से बताया गया कि देश में उर्वरक के उत्पादन तथा इसकी उपलब्धता की स्थिति की निरंतर समीक्षा की जा रही है और मौजूदा खरीफ सीजन के लिए उर्वरक की उपलब्धता में कोई बड़ी चुनौती नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि खरीफ 2026 के लिए उर्वरक की ज़रूरत का फिर से आकलन किया गया है और यह 383.9 टन है और देश में इसका पर्याप्त स्टॉक है।

पेट्रोलिय और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ओर से बताया गया कि देश में पिछले चार दिनों में लगभग 1.77 करोड़ एलपीजी सिलेंडर डिलीवर किए गए। लगभग 9.16 लाख पीएनजी कनेक्शन में गैस आपूर्ति शुरू की गयी और 3.05 लाख और कनेक्शन के लिए बुनियादी ढांचा बनाया गया।

## मुर्मु ने मातृ भूमि की रक्षा में प्राणों का बलिदान देने वाले रणबांकुरों को वीरता प्रदान पुरस्कार किये

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मातृभूमि की रक्षा में प्राणों का बलिदान देने वाले रणबांकुरों को सोमवार को यहां रक्षा अलंकरण समारोह में वीरता पुरस्कार प्रदान किये जिनमें 07 कीर्ति चक्र (02 मरणोपरांत), 15 वीर चक्र (03 मरणोपरांत) और 26 शौर्य चक्र (01 मरणोपरांत) शामिल हैं।

राष्ट्रपति भवन सचिवालय के अनुसार ये पुरस्कार रक्षा बलों , केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के पुलिसकर्मियों को कर्तव्य की वेदी पर अदम्य साहस और बेमिसाल बहादुरी के लिए प्रदान किये गये। सात रणबांकुरों को शांतिकाल में देश के दूसरे सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इनमें से दो को यह सम्मान मरणोपरांत दिया गया। कीर्ति चक्र से सम्मानित किये जाने वालों में सेना के लांस नायक एम सुंदरमा, नायब सूबेदार डोलेश्वर सुब्बा, मेजर अर्शदीप सिंह ,कैप्टन एल साइलो और वायु सेना के एयर कमोडोर पी बालकृष्णन नायर शामिल हैं।

# फिलीपींस में भीषण भूकंप, आठ की मौत

एजेंसी

मनीला। फिलीपींस में सोमवार तड़के 7.8 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किये गये, जिससे हुए हादसों में अब तक आठ लोगों की मौत हो गयी है और 200 से ज्यादा लोग घायल हो गये हैं।

देश के एक दक्षिणी शहर में कई इमारतें और एक मुख्य संपर्क पुल क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि इसके बाद उठी तीन फुट ऊंची सुनामी ने नजदीकी तटीय क्षेत्रों में दहशत फैला दी। अधिकारियों ने बताया कि इस आपदा में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गयी है और 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। भूकंप के झटके आने के करीब पांच घंटे बाद प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि सुनामी का खतरा अब काफी हद तक टल गया है। फिलीपीन ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान के अनुसार, सुल्तान कुदरत और सारंगनी के फिलीपीन प्रांतों में जमीन पर बने सुनामी निगरानी केंद्रों ने तीन फुट ऊंची लहरें दर्ज कीं। चेतावनी केंद्र ने हालांकि खतरे को काफी हद तक टला हुआ बताया है, लेकिन लोगों से सतर्क रहने और स्थानीय अधिकारियों की चेतावनियों पर ध्यान देने का आग्रह किया है, क्योंकि अगले कुछ घंटों तक समुद्र के जलस्तर में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। फिलीपींस के अलावा, इंडोनेशिया और मलेशिया के समुद्र में भी हलचल देखी गयी, हालांकि यहां छोटी लहरें दर्ज की गयीं। इस भूकंप ने दक्षिणी फिलीपींस में इमारतों और अवसरंचना को काफी नुकसान पहुंचाया है, हालांकि सुनामी से हुए नुकसान की स्थिति अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सकी है। श्री टेरेसिटो बैकोलकोल ने कहा, ल्ल यह एक बड़ा भूकंप है और बड़े नुकसान की आशंका है। सामने आये वीडियो के आधार

# ग्रेट निकोबार द्वीप विकास परियोजना से समुद्र में बढेगा भारत का प्रभुत्व

एजेंसी

नयी दिल्ली। दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री मार्गों में से एक के निकट प्रस्तावित ग्रेट निकोबार द्वीप विकास परियोजना से समुद्र में भारत का प्रभुत्व बढेगा और उसकी सामरिक तथा आर्थिक क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

रक्षा सूत्रों ने राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने, व्यापारिक अवसंरचना का विस्तार करने तथा क्षेत्रीय विकास को समर्थन देने में इस परियोजना को बेहद महत्वपूर्ण बताया है। सरकार ने ग्रेट निकोबार द्वीप के समग्र विकास की परिकल्पना चार परस्पर जुड़ी अवसंरचना परियोजनाओं के माध्यम से की है जिनमें एक अंतरराष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह, मिश्रित उपयोग वाला हरित क्षेत्र हवाई अड्डा एवं नौसैनिक वायु स्टेशन, एक आधुनिक शहर तथा एक विद्युत संयंत्र शामिल हैं। रक्षा सूत्रों के अनुसार, प्रमुख अंतरराष्ट्रीय नौवहन मार्गों और समुद्री संचार मार्गों के निकट होने के कारण यह परियोजना भारत के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री और आर्थिक केंद्रों में से एक के रूप में उभरने की क्षमता रखती है। रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण 'सिक्स डिग्री चैनल' से मात्र 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्रेट निकोबार, अदन की खाड़ी और मलक्का जलडमरूमध्य को जोड़ने वाले समुद्री गलियारे पर स्थित है, जिसके माध्यम से विश्व के लगभग दो-तिहाई तेल परिवहन और वैश्विक कंटेनर यातायात का लगभग आधा हिस्सा गुजरता है। रक्षा अधिकारियों का कहना है कि हथियारों की तस्करी, मादक पदार्थों की तस्करी पर आधारित आतंकवाद, अवैध प्रवासन तथा हिंद महासागर क्षेत्र में क्षेत्रीय और बाह्य-क्षेत्रीय शक्तियों की बढ़ती सैन्य गतिविधियों को लेकर बढ़ती चिंताओं ने इस क्षेत्र में भारत की मजबूत उपस्थिति की आवश्यकता को और बढ़ा दिया है। सूत्रों ने कहा, ''यह परियोजना दक्षिण-पूर्वी हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की संचालन क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाएगी, जिससे मानवीय सहायता एवं आपदा राहत तथा खोज एवं बचाव अभियानों में एक पसंदीदा सुरक्षा भागीदार और सबसे पहले आगे मदद करने वाले देश के रूप में उसकी भूमिका मजबूत होगी।'' रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना भारत को अग्रिम संचालन उपस्थिति बनाए रखने, रसद सहायता में सुधार करने, समुद्री क्षेत्रीय जागरूकता बढ़ाने और बढ़ते भू-राजनीतिक महत्व वाले क्षेत्र में सैन्य संसाधनों की शीघ्र तैनाती को सुगम बनाने में सक्षम बनाएगी। परियोजना का एक प्रमुख घटक प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह है, जो विश्व के सबसे व्यस्त समुद्री संकरे मार्गों में से एक के निकट स्थित होगा। अधिकारियों ने कहा कि यह सुविधा भारत के प्रमुख माल ट्रांसशिपमेंट केंद्र बनने के लंबे समय से चले आ रहे लक्ष्य को आगे बढ़ाएगी तथा कंटेनर यातायात के प्रबंधन के लिए विदेशी बंदरगाहों पर निर्भरता को कम करेगी।

# पेज एक का शेष

## ममता बनर्जी के...

ने अभी तक इन दावों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। संसदीय दल में बगावत का यह गणितीय समीकरण राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। टीएमसी के वर्तमान में 28 लोकसभा सांसद हैं, जिनमें से एक सीट बशीरहाट के सांसद हाजी नुरुल इस्लाम के निधन के बाद खाली है। 20 सांसदों का समर्थन दल-बदल विरोधी कानून के तहत सुरक्षा के लिए आवश्यक दो-तिहाई सीमा को आराम से पार कर जाएगा। यह घटनाक्रम असंतुष्ट सांसदों द्वारा नई दिल्ली में एक बंद कमरे में बैठक करने के एक दिन बाद आया है और यह पार्टी नेतृत्व के निर्वाचित प्रतिनिधियों पर अधिकार पर सवाल उठा सकता है। ममता बनर्जी के लिए, यह संकट अब संगठनात्मक असंतोष से पार्टी की संसदीय दल के एक बड़े हिस्से पर नियंत्रण खोने की आशंका तक पहुंच गया है, जिसके टीएमसी और राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गुट दोनों के लिए दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।

## सांसद अलग गुट...

कि अगर अलग होने वाला गुट जरूरी संख्या में सांसदों का समर्थन हासिल कर लेता है, तो वह मान्यता की मांग कर सकता है। टीएमसी के एक नेता ने कहा कि पार्टी के पास अभी लोकसभा में 28 सदस्य हैं और दल-बदल विरोधी कानून के तहत किसी भी कदम के लिए संसदीय पार्टी के कम से कम दो-तिहाई सदस्यों, यानी 19 सांसद के समर्थन की जरूरत होगी। पार्टी के एक और वरिष्ठ पदाधिकारी ने तर्क दिया कि इतनी संख्या हासिल करने के बाद भी बागी गुट अपने-आप अलग संसदीय समूह के तौर पर काम नहीं कर पाएगा। उन्हें किसी न किसी पार्टी में शामिल होना ही होगा। ऐसी अटकलें हैं कि बागी सांसद स्पीकर से मिलकर पार्टी के संसदीय नेतृत्व में बदलाव की मांग कर सकते हैं। सूत्र ने कहा कि उस स्थिति में भी स्पीकर फैसला लेने वाले नहीं होते। संसदीय पार्टी के नेता की नियुक्ति पार्टी करती है और कोई भी बदलाव सिर्फ पार्टी अध्यक्ष ही कर सकते हैं।

## भारत ने एक साल...

परमाणु बमों की संख्या 80 बढ़ गई है। फ्रांस ने पिछले साल के मुकाबले अपने परमाणु भंडार में इसे 290 से सीधे 370 वॉरहेड्स तक पहुंचा दिया है। इसके विपरीत यूनाइटेड किंगडम (यूके) ने अपनी रणनीतिक क्षमता को स्थिर रखा है, क्योंकि उसके पास मौजूदा समय में 225 वॉरहेड्स हैं। पश्चिमी एशिया में ईरान के साथ युद्ध के बावजूद इजराइल ने अपना परमाणु भंडार नहीं बढ़ाया है और उसके पास पिछले साल की तरह अभी भी 90 वॉरहेड्स हैं। उत्तर कोरिया भी लगातार घातक हथियार बना रहा है, जिससे उसका परमाणु भंडार 50 से बढ़कर 60 वॉरहेड्स हो गया है। इस रिपोर्ट से पता चलता है कि दुनिया के कई देश एक बार फिर परमाणु हथियारों पर अपनी निर्भरता बढ़ा रहे हैं।

## 'करियर दांव पर...

विद्यालयों की परीक्षाएं रद्द होने से प्रभावित हुए स्वतंत्र छात्रों को भी नियमित छात्रों के समान ही राहत दी जानी चाहिए। पटेल ने इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाया था, लेकिन उनकी याचिका पर विचार नहीं किया गया था। न्यायाधीश मनमोहन और न्यायाधीश विजय बिश्नोई की अवकाशकालीन पीठ ने इस याचिका पर सीबीएसई और उसके क्षेत्रीय अधिकारी को नोटिस जारी किया है। सीबीएसई की ओर से पेश वकील ने न्यायालय को सूचित किया कि मूल्यांकन की प्रक्रिया छात्र के विद्यालय से की जानी थी। पटेल चूंकि स्वतंत्र परीक्षार्थी थे, इसलिए उनका कोई मूल्यांकन रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं था। न्यायाधीश मनमोहन ने मौखिक टिप्पणी की कि बोर्ड छात्र के पिछले शैक्षणिक प्रदर्शन पर विचार कर सकता है और उन्होंने सीबीएसई के वकील को निर्देश प्राप्त कर शुक्रवार तक रिपोर्ट करने का आदेश दिया। जब सीबीएसई ने काम के बोझ का हवाला देते हुए सोमवार तक का अतिरिक्त समय मांगा और कहा कि बोर्ड पहले से ही इस मुद्दे पर काम कर रहा है तो पीठ ने मामले की गंभीरता और तात्कालिकता पर जोर दिया। न्यायाधीश मनमोहन ने कहा, ''यह एक बच्चे के करियर का सवाल है। वह अपने सभी दाखिलाओं से चूक जायेगा।'' उन्होंने तल्ख लहजे में कहा, ''स्थिति जो भी हो, दिन-रात एक कर इस काम को पूरा कीजिए।

## ईरान के साथ मिलकर...

को इस हद तक और कमजोर कर देंगे कि अमेरिकी सेनाएं सुरक्षित रूप से अपने दम पर विखंडनीय सामग्री एकत्र कर सकें। उन्होंने कहा कि अगर हम यह समझौता कर लेते हैं कि अब हम मित्रवत हैं, तो हम सब साथ जाएंगे। यह हमारा उपकरण होगा। हम इसे बाहर निकालेंगे और नष्ट कर देंगे, चाहे वह (संयंत्र) परिसर में हो या परिसर से बाहर ले जाया जाए। इजरायली खुफिया एजेंसियां ईरान के साथ शांति समझौते के लिए प्रयासरत अमेरिकी वार्ताकारों की जासूसी कर रही हैं। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के बीच मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है। एनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी खुफिया आकलनों में इसको लेकर चिंता जताई गई है। साथ ही कहा गया है कि यह गंभीर स्तर तक पहुंच गया है। इसमें कहा गया है कि जब तेहरान के साथ बातचीत रुकी है, तब इजरायल ने वॉशिंगटन की बातचीत की स्थिति के बारे में जानकारी जुटाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि इजरायली खुफिया सेवाओं ने वार्ता में शामिल वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों की निगरानी बढ़ा दी है। इनमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुख्य वार्ताकार स्टीव विटकॉफ, पेंटागन के नीति प्रमुख एलब्रिज कोल्बी और वरिष्ठ रक्षा अधिकारी माइकल डिमिनो शामिल हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिका और इजरायल ईरान के खिलाफ घनिष्ठ सैन्य सहयोग जारी रखे हुए हैं, लेकिन साथ ही अमेरिका तेहरान के साथ दीर्घकालिक समझौता करने के कूटनीतिक प्रयास भी कर रहा है। अमेरिका और इजरायल ऐतिहासिक रूप से यह स्वीकार करते रहे हैं कि दोनों देश एक-दूसरे के खिलाफ खुफिया अभियान चलाते हैं, लेकिन कुछ अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि इजरायल की हालिया गतिविधियों ने एक स्वीकार्य सीमा को पार कर लिया है।

## एलपीजी की...

नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने कहा, ''खरीद उन देशों से हो रही है जो भारत से काफी दूर हैं। ट्रांसपोर्टेशन एवं बेस कॉस्ट भी ज्यादा है और 40-45 दिनों के ट्रांसशिपमेंट की वजह से इंश्योरेंस कॉस्ट भी बढ़ गई है। इसलिए हम आम आदमी के लिए भी उतने ही परेशान हैं, लेकिन साथ ही, कीमतों में बढ़ोतरी तो होनी ही है। कंग्रेस पर लगाए आरोप प्रह्लाद जोशी ने कर्नाटक में कंग्रेस सरकार पर 'करप्शन, भाई-भतीजावाद और गुटबाजी' का आरोप लगाते हुए कहा कि रुलिंग पार्टी के अंदर अंदरूनी नाराजगी साफ दिख रही है। जोशी ने कहा, मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के ऑफिस संभालने के तुरंत बाद, एक मंत्री ने इस्तीफा दे दिया तथा कुछ और लोगों ने सबके सामने अपनी नाराजगी जाहिर की। हालात खुद दिखाते हैं कि सरकार और प्रशासन में सब ठीक नहीं है।

## 12 साल में बदला...

विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि विकास की मुख्यधारा से लंबे समय तक दूर रहे लोगों को भी समान अवसर और सुविधाएं उपलब्ध हों। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते 12 वर्षों में लागू की गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है और यही प्रयास विकसित भारत के निर्माण की मजबूत नींव बन रहे हैं।

## तकनीक से मौसम...

संयुक्त रूप से विचार विमर्श करके काम कर रही है। अगर ऐसी सेटेलाइट की व्यवस्था हो जो सिर्फ उत्तर प्रदेश के मौसम की बिल्कुल सटीक जानकारी दे तो नुकसान को और कम किया जा सकता है और इसके लिए प्रदेश सरकार मौसम विभाग के साथ हर प्रकार से सहयोग करने के लिए तैयार है। समारोह के विशिष्ट अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मौसम विभाग का क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली था, लेकिन आज से लखनऊ में क्षेत्रीय कार्यालय के रूप में शुरु हो गया है। यह कार्यालय उत्तर प्रदेश ओर उत्तरखंड का काम देखेगा। उन्होंने बताया कि पिछले 12 सालों में मौसम विभाग ने इतने रडार और उपकरणों की स्थापना की है, जितने पिछले 65 सालों में स्थापित नहीं हुए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले सिर्फ 14 रडार थे लेकिन अब इनकी संख्या 150 से अधिक हो गयी हे। आने वाले दो सालों में इनकी संख्या 200 हो जाएगी। केंद्रीय राज्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सरकार से मिल रहे सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में मौसम विभाग उत्तर प्रदेश में अधिक तेजी से काम करेगा। इससे पहले मौसम विभाग की ओर से मुख्यमंत्री योगी और केंद्रीय राज्यमंत्री सिंह को अंगवस्त्रम व पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

# उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने डीडीएमए के साथ की बैठक, मानसून की तैयारियों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने सोमवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की बैठक की अध्यक्षता की।

इस बैठक में दिल्ली में विभिन्न विकास पहलों, शासन प्राथमिकताओं और जन कल्याण से संबंधित मामलों पर चर्चा की गई। साथ ही बैठक में गर्मी से संबंधित आपदा प्रबंधन उपायों और मानसून की तैयारियों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि जहां दिल्ली की आपदा संबंधी कमजोरियां महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश करती हैं, वहीं वे तैयारियों को मजबूत करने, लचीलापन बनाने और प्रतिक्रिया प्रणालियों में सुधार करने का अवसर भी प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन कार्रवाइयां आम निवासियों के लिए उत्पीड़न का कारण नहीं बननी चाहिए। उपराज्यपाल ने बताया कि अवैध इमारतों के खिलाफ चल रहे अभियानों, अग्नि सुरक्षा के संबंध में लाइसेंस के दुरुपयोग और भविष्य की तैयारियों के उपायों की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक में अग्निशमन विभाग के कार्यबल को मजबूत करने के लिए मौजूदा रिक्तियों को संबोधित करने के लिए पूर्व अग्निवीरों की भागीदारी का पता लगाने का सुझाव दिया गया। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह गठित अधिकारियों की टीमों को अपनी कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) समय पर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रदेश गृह मंत्री आशीष सूद, पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा के साथ अधिकारी और अन्य मंत्री भी उपस्थित रहें।

# यूरिया की कमी को लेकर पंजाब के 22 जिलों में किसानों का प्रदर्शन, केंद्र सरकार के फूंके पुतले

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब में यूरिया खाद की कमी को लेकर किसानों ने सोमवार को राज्य के 22 जिलों में व्यापक विरोध प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया किसान मजदूर मोर्चा (एआईकेएमएम) के आह्वान पर पंजाब समेत पांच राज्यों में चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत प्रदेश में करीब 74 स्थानों पर प्रदर्शन आयोजित किए गए। किसानों ने विभिन्न जिलों में केंद्र और राज्य सरकारों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतले फूंके और अपनी मांगों को लेकर रोष जताया। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि किसानों को इस समय यूरिया खाद की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बाजार में यूरिया की कालाबाजारी हो रही है और निजी दुकानों तथा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को अधिक कीमतों पर खाद बेची जा रही है। पंधेर ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ खाद विक्रेता किसानों पर यूरिया देने के बदले नैनो यूरिया खरीदने का दबाव बना रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में और उचित दरों पर यूरिया उपलब्ध कराया जाए ताकि खेती के कार्य प्रभावित न हों। किसान नेताओं ने डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों पर भी नाराजगी जताई और इसे खेती की लागत बढ़ाने वाला बताया। सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि यह आंदोलन केवल यूरिया संकट तक सीमित नहीं है, बल्कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, पंजाब और हरियाणा में किसानों की जमीनों के कथित जबरन अधिग्रहण के विरोध में भी किया जा रहा है। उन्होंने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का भी विरोध करते हुए इसे रद्द करने की मांग की। यह प्रदर्शन अमृतसर, बठिंडा, फिरोजपुर, गुरदासपुर, होशियारपुर, जालंधर, कपूरथला, लुधियाना, मोगा, पटियाला, रूपनगर, संगरूर, नवांशहर, श्री मुक्तसर साहिब, पठानकोट और तरनतारन सहित कई जिलों में आयोजित किए गए। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# सैनी का धूरी दौरा विफल रहा: पंजाब के मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को कहा कि हरियाणा के उनके समकक्ष नायब सिंह सैनी का धूरी दौरा ॣविफलॣ रहा। उन्होंने यह दावा भी किया कि पंजाब के लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का कभी समर्थन नहीं करेंगे क्योंकि वे उसका ॣनफरत से भरा चेहराॣ देख चुके हैं। मान ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा, ॣहरियाणा के मुख्यमंत्री धूरी आए थे। आप जानते हैं कि वहां कितने लोग बैठे थे। कल धूरी में उनका दौरा पूरी तरह विफल रहा। मान धूरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। सैनी ने धूरी दौरे के दौरान रविवार को मान पर हमला करते हुए दावा किया था कि उनके पंजाब समकक्ष को चुटकुले सुनाने के अलावा कुछ नहीं आता। सैनी ने पूर्व स्टैंडअप कॉमेडियन मान के बारे में कहा था, ॣचुटकुलों से सिनेमाघर तो चल सकते हैं, लेकिन सरकारें नहीं चल सकतीं। सैनी ने यह भी कहा था कि धुरी के लोगों का उत्साह राज्य में बदलाव की एक मजबूत लहर का संकेत देता है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के नेता खुद को क्रांतिकारी बताते हैं, लेकिन असल में वह जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि धूरी मान का निर्वाचन क्षेत्र है, फिर भी उन्होंने न केवल पंजाब से, बल्कि धूरी से भी दूरी बना ली है। सैनी ने कहा था, पंजाब कभी विकास के मामले में कई राज्यों से आगे था, लेकिन अपने स्वार्थ साधने वाली राजनीतिक पार्टियों ने इसे पिछड़ों की श्रेणी में धकेल दिया है। आज पंजाब में नशा विरोधी जंग सिर्फ अखबारों के विज्ञापनों के जरिए लड़ी जा रही है, जबकि जमीनी स्तर पर कुछ खास काम नहीं हो रहा है।

# साइबर ठगी से बचाव के लिए शाहदरा पुलिस की पहल, 250 वरिष्ठ नागरिकों को किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के बीच शाहदरा जिला पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों को ऑनलाइन ठगी से बचाने के लिए सोमवार को मेगा साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न इलाकों से करीब 250 वरिष्ठ नागरिकों ने हिस्सा लिया। पुलिस अधिकारियों और साइबर विशेषज्ञों ने उन्हें डिजिटल गिरफ्तारी, फर्जी बैंक कॉल, ओटीपी फ्रॉड, यूपीआई ठगी और सोशल मीडिया धोखाधड़ी जैसे नए साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था, जोन-1) देवेश चंद्र श्रीवास्तव, पूर्वी रेंज के संयुक्त पुलिस आयुक्त अजीत कुमार सिंगला और शाहदरा के पुलिस उपायुक्त राजेंद्र प्रसाद मीणा मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि साइबर अपराधी लोगों के भरोसे, डर और जागरूकता की कमी का फायदा उठाकर ठगी कर रहे हैं, इसलिए सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण साइबर अपराध पर आधारित नुक्कड़ नाटक रहा। कलाकारों ने डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस कॉल, ओटीपी ठगी, निवेश घोटाले, सोशल मीडिया पर फर्जी पहचान बनाकर ठगी और यूपीआई फ्रॉड जैसी घटनाओं का मंचन किया। इसके माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को बताया गया कि अपराधी किस तरह लोगों को झांसे में लेकर उनके बैंक खातों से रकम उड़ा देते हैं। पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस व बैंक अधिकारियों के फोन, केवाईसी अपडेट के नाम पर धोखाधड़ी, ऑनलाइन निवेश घोटालों, कॉल मर्जिंग स्कैम, जीमेल और सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल और यूपीआई फ्रॉड के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने सलाह दी कि किसी भी परिस्थिति में ओटीपी, पासवर्ड, एटीएम पिन, सीवीवी नंबर और इंटरनेट बैंकिंग संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। साथ ही अज्ञात लिंक पर क्लिक करने और अनजान लोगों के कहने पर मोबाइल में कोई एप डाउनलोड करने से बचें। कार्यक्रम में बताया गया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या [राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल](https://www.cybercrime.gov.inutm_source=chatgpt.com) पर शिकायत दर्ज करें। अधिकारियों ने कहा कि समय रहते शिकायत करने पर ठगी की रकम को फ्रीज कराने और अपराधियों तक पहुंचने की संभावना काफी बढ़ जाती है। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि किसी भी धमकी भरे फोन कॉल से घबराएं नहीं, पैसे मांगने वाले हर संदेश की पुष्टि करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि जागरूक नागरिक ही साइबर अपराधियों के खिलाफ सबसे मजबूत सुरक्षा कवच हैं।

## आम आदमी पार्टी इंडी गठबंधन का हिस्सा नहीं है : संजय सिंह

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि आआपा अब इंडी (आईएनडीआईए) गठबंधन का हिस्सा नहीं है। आज होने वाली बैठक में आआपा शामिल नहीं होगी। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह सोमवार को एक बयान में इंडी ब्लॉक की बैठक पर कहा कि जहां तक पार्टी का सवाल है, पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि आआपा इंडी गठबंधन का हिस्सा नहीं है। इसलिए बैठक में उसके शामिल होने का सवाल ही नहीं उठता। इस दौरान संजय सिंह ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि तमिलनाडु में बदले राजनीतिक समीकरणों के बीच कांग्रेस द्वारा द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) को विश्वास में लिए बिना अभिनेता विजय की पार्टी 'तमिलगा वेट्री कजगम' (टीवीके) को समर्थन देने के कारण दोनों दलों के बीच रिश्ते तनावपूर्ण हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि, संयुक्त रणनीति बनाने के लिए आज इंडी अलायंस की बैठक कॉनस्टिट्यूशन क्लब में हो रही है। जिसमें विपक्ष की 23 पार्टियों के नेता शामिल होंगे।

## विद्यालय एवं संगठन के प्रति आचार्य को समर्पण भाव से करना चाहिए काम: प्रदीप कुमार कुशवाहा

भागलपुर। गणपतराय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर, सैनिक स्कूल, नरगा कोठी भागलपुर में आयोजित नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग एवं सेवा स्थायित्व प्रशिक्षण वर्ग के सोलहवें दिन सोमवार का शुभारंभ विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री ख्यालीराम, प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा तथा गयाजी विभाग के विभाग निरीक्षक उमाशंकर पोद्दार द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। प्रथम सत्र में संगठन मंत्री ख्यालीराम ने आचार्य एवं दीदीजी के मन में उठ रहे विभिन्न प्रश्नों का अत्यंत सरल एवं सहज शब्दों में समाधान प्रस्तुत किया। उन्होंने संगठन, राष्ट्र, समाज, भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से संबंधित अनेक जिज्ञासाओं का विस्तारपूर्वक उत्तर देते हुए आचार्यों का मार्गदर्शन किया। उनके प्रेरक विचारों से उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को वैचारिक स्पष्टता एवं कार्य के प्रति नवीन ऊर्जा प्राप्त हुई।

# खान ग्लोबल स्टडीज़ फायरिंग मामले में खान सर ने दायर की अग्रिम ज़मानत याचिका, मंगलवार को सुनवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। राजधानी पटना में चर्चित खान ग्लोबल स्टडीज फायरिंग और कोचिंग संस्थानों के बीच विवाद से जुड़े मामले में नया कानूनी मोड़ सामने आया है। खान ग्लोबल स्टडीज के निदेशक खान सर ने गिरफ्तारी की आशंका को देखते हुए पटना सिविल कोर्ट में अग्रिम जमानत (एंटिसिपेटरी बेल) याचिका दायर की है। उनके अधिवक्ता की ओर से यह आवेदन ऑनलाइन माध्यम से दाखिल किया गया है। खान ग्लोबल स्टडीज में हुई फायरिंग और उसके बाद शुरू हुए विवाद से जुड़े मामले में सोमवार को अदालत में कई महत्वपूर्ण कानूनी घटनाक्रम सामने आए। खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई निर्धारित की गई है। इस बीच मामले में गिरफ्तार किए गए खान ग्लोबल स्टडीज के दो सुरक्षा गार्डों की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी हो चुकी है और अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। उधर, इसी मामले में ज्ञान बिंदु कोचिंग के निदेशक रौशन आनंद की जमानत याचिका पर भी सुनवाई पूरी हो चुकी है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। ऐसे में अब अदालत के आगामी आदेश को इस पूरे विवाद के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सुनवाई के दौरान ज्ञान बिंदु कोचिंग की ओर से अदालत में यह दावा किया गया कि घटना के दौरान हुई फायरिंग केवल भीड़ को नियंत्रित करने या तितर-बितर करने के लिए नहीं थी, बल्कि यह एक सुनियोजित कार्रवाई थी। पक्षकारों ने अदालत के समक्ष इस घटना को गंभीर बताते हुए इसकी निष्पक्ष जांच की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं, ज्ञान बिंदु जीएस एकेडमी के शिक्षक शशांक पाठक ने रौशन आनंद की गिरफ्तारी को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जिन आरोपों के आधार पर रौशन आनंद को गिरफ्तार किया गया है, वे अब तक साबित नहीं हो सके हैं। इसके बावजूद उन्हें लंबे समय से न्यायिक हिरासत में रखा गया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि रौशन आनंद की शीघ्र रिहाई नहीं होती है तो उनके समर्थक अनशन पर बैठकर आंदोलन करेंगे। इस बीच मीडिया से बातचीत करते हुए खान सर के अधिवक्ता अरविंद कुमार महूआर ने कहा कि अदालत में मामले पर विस्तृत बहस हुई और न्यायालय ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। उन्होंने कहा कि अंतिम फैसला तथ्यों और कानून के आधार पर होगा। महूआर ने दावा किया कि उनके मुवक्किल को इस मामले में जानबूझकर फंसाया गया है। उनके अनुसार, खान सर के खिलाफ दर्ज एफआईआर दुर्भावनापूर्ण है और उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से दर्ज की गई है।

# अमृतसर डीसीपी कार्यालय की असलहा शाखा में आकस्मिक फायरिंग, एएसआई घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर। अमृतसर में पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) कार्यालय की असलहा शाखा में सोमवार को आकस्मिक फायरिंग में एक पुलिस अधिकारी घायल हो गया। यह घटना उस समय हुई, जब एक लाइसेंसी हथियार की जांच के दौरान अचानक .30 बोर की पिस्तौल से गोली चल गई। पुलिस के अनुसार आज सुबह करीब 11 बजे एक व्यक्ति अपने लाइसेंसी हथियार की जांच करवाने के लिए असलहा शाखा पहुंचा था। जांच प्रक्रिया के दौरान ड्यूटी पर तैनात सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) नारायण दास पिस्तौल की जांच कर रहे थे। इसी दौरान अचानक हथियार से गोली चल गई और एएसआई नारायण दास को जा लगी, जिससे वह घायल हो गए। घटना के बाद कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घायल एएसआई को तुरंत उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि असलहा शाखा में इस तरह की घटना पहली बार नहीं हुई है। इससे पहले भी हथियारों की जांच के दौरान आकस्मिक फायरिंग की घटना सामने आ चुकी है। ऐसे में हथियारों की जांच के दौरान अपनाई जाने वाली सुरक्षा व्यवस्थाओं और मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी गई। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि गोली पूरी तरह दुर्घटनावश चली या जांच प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही हुई।

# बिहार विधान परिषद चुनाव: राजग के सभी नौ उम्मीदवारों ने भरा नामांकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार विधान परिषद की नौ सीटों पर होने वाले चुनाव तथा एक सीट पर उपचुनाव के लिए सोमवार को नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो गई। नामांकन के अंतिम दिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने अपनी पूरी ताकत का प्रदर्शन करते हुए सभी नौ उम्मीदवारों का नामांकन दाखिल कराया। वहीं महागठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उम्मीदवार सुनील कुमार सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान राजधानी पटना में राजनीतिक गतिविधियां पूरे दिन तेज रहीं। राजग उम्मीदवारों के नामांकन कार्यक्रम में राज्य सरकार और केंद्र सरकार के कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी ने इसे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान,जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी सहित कई मंत्री, विधायक और गठबंधन दलों के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने विधान परिषद चुनाव के लिए चार उम्मीदवारों तथा एक विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। पार्टी की ओर से मंत्री निशांत कुमार, भारती मेहता, शिवरानी देवी प्रजापति ने विधान परिषद चुनाव के लिए नामांकन किया। वहीं उपचुनाव के लिए ललन प्रसाद ने अपना पर्चा दाखिल किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विधान परिषद चुनाव के लिए चार उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। पार्टी की ओर से संजय मयूख, अनिल कुमार ठाकुर, शीला पंडित तथा भोजपुरी फिल्म अभिनेता से राजनीति में आए पवन सिंह ने नामांकन दाखिल किया। राजग की सहयोगी पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की ओर से अशरफ अंसारी ने विधान परिषद चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके साथ ही राजग ने सभी नौ सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों का नामांकन पूरा कर लिया। दूसरी ओर महागठबंधन की तरफ से राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार सुनील कुमार सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया। उनके नामांकन के साथ ही चुनावी मुकाबले की तस्वीर और स्पष्ट हो गई है। विधान परिषद की इन सीटों के चुनाव को बिहार की राजनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब उम्मीदवारों की जांच, नाम वापसी और मतदान की तैयारियों पर राजनीतिक दलों की नजर रहेगी। विधानसभा में संख्याबल के आधार पर राजग को बढ़त मिलती दिखाई दे रही है, लेकिन विपक्ष भी इस चुनाव को राजनीतिक संदेश देने के अवसर के रूप में देख रहा है।

# हरिद्वार में अस्थि विसर्जन पर टिप्पणी से उठा विवाद तीर्थ पुरोहितों ने जताई कड़ी आपत्ति, मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। धर्मनगरी हरिद्वार के धार्मिक महत्व और यहां संपन्न होने वाले अस्थि विसर्जन संस्कार को लेकर एक कथावाचक के कथित बयान के बाद विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले में श्री गंगा सभा ने कथा वाचक के खिलाफ मकदमा दर्ज कराया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में कथावाचक हरिद्वार में अस्थि विसर्जन पर टिप्पणी करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में किए गए कुछ दावों को लेकर तीर्थ पुरोहितों, धार्मिक संगठनों और श्री गंगा सभा ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। वायरल वीडियो में कथावाचक संजय कृष्ण उर्फ भैयाजी यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि हरिद्वार में केवल एक घाट पर अस्थि विसर्जन किया जाता है, जहां गंगा में लोहे का जाल लगाया गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि समय-समय पर उस जाल में एकत्रित अस्थियों को निकालकर देहरादून स्थित किसी फैक्टरी को बेच दिया जाता है, जहां उनसे कप-प्लेट जैसी वस्तुएं बनाई जाती हैं। वीडियो सामने आने के बाद यह बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया और इसके विरोध में प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया। इस मामले में श्री गंगा सभा के महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने बयान जारी कर कथावाचक की टिप्पणी की तीखी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह केवल हरिद्वार ही नहीं बल्कि देवभूमि उत्तराखंड की धार्मिक परंपराओं, सनातन संस्कृति और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का भी अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल के वर्षों में हरिद्वार और यहां की धार्मिक गतिविधियों को बदनाम करने की प्रवृत्ति बढ़ी है और बिना तथ्यों की जानकारी के लोग सार्वजनिक मंचों से भ्रामक बातें कह रहे हैं। तन्मय वशिष्ठ ने कहा कि कथावाचक संजय कृष्ण ने जिस प्रकार की तकनीक और प्रक्रिया का उल्लेख किया है, उससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि उन्हें हरिद्वार की धार्मिक परंपराओं और तीर्थ व्यवस्था की पर्याप्त जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को तीर्थों और धार्मिक कर्मकांडों का सही ज्ञान नहीं है तो उसे व्यास पीठ से इस प्रकार की टिप्पणियां नहीं करनी चाहिए। पहले विषय का समुचित अध्ययन और जानकारी प्राप्त करनी चाहिए, उसके बाद ही सार्वजनिक रूप से विचार व्यक्त करने चाहिए। उन्होंने कहा कि हरिद्वार सदियों से हिंदू समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है और यहां अस्थि विसर्जन सहित अनेक धार्मिक संस्कार वैदिक परंपराओं के अनुसार संपन्न कराए जाते हैं। ऐसे में बिना प्रमाण के दिए गए बयान श्रद्धालुओं के मन में भ्रम पैदा कर सकते हैं और धार्मिक भावनाओं को आहत कर सकते हैं। श्री गंगा सभा तथा तीर्थ पुरोहितों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कथावाचक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय    कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान    स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे।    फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com    RNI NO - UPHIN/2012/42063